| | |
|---|---|
| संसेक्स | 80,567.71 |
| निफ्टी | 24,715.05 |
| सोना | 1,06,970 |
| चांदी | 1,27,000 |
| डॉलर | 88.05 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

PMG

हिन्दी दैनिक

बालाघाट
गुरुवार 04 सितम्बर 2025
भाद्रपद शुक्ल 12 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 341
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in


## खास खबर

### जोमैटो ने बढ़ाई प्लेटफॉर्म फीस, अब हर ऑर्डर पर 12 रुपए देने होंगे

नई दिल्ली। ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो ने अपने ग्राहकों के लिए खाना मंगवाना महंगा कर दिया है। कंपनी ने प्लेटफॉर्म फीस में 20त्न की बढ़ोतरी कर दी है। अब हर ऑर्डर पर ग्राहकों को 10 रुपए की जगह 12 रुपए अतिरिक्त चुकाने होंगे। यह नई दरें पूरे देश में लागू कर दी गई हैं। कंपनी का कहना है कि त्योहारी सीजन में बढ़ती डिमांड को पूरा करने और डिलीवरी व तकनीकी सिस्टम पर ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि पिछले साल ही जोमैटो ने प्लेटफॉर्म फीस को 6 रुपए से बढ़ाकर 10 रुपए किया था, और अब एक बार फिर इसे बढ़ा दिया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 14 न्यायिक अधिकारियों और 12 अधिवक्ताओं के नामों की सिफारिश की

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किए जाने वाले 14 न्यायिक अधिकारियों और 12 अधिवक्ताओं के नामों की सिफारिश की है। भारत के प्रधान न्यायाधीश बी.आर.गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ के तीन न्यायाधीशों के कॉलेजियम ने एक सितंबर को अपनी बैठक में 14 न्यायिक अधिकारियों और 12 अधिवक्ताओं को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इन 14 न्यायिक अधिकारियों में अजय कुमार-द्वितीय, चवन प्रकाश, दिवेश चंद्र सामंत, प्रशांत मिश्रा-प्रथम, तरूण सक्सेना, राजीव भारती, पदम नारायण मिश्रा, लक्ष्मी कांत शुक्ला, जय प्रकाश तिवारी, देवेन्द्र सिंह-प्रथम, संजीव कुमार, वाणी रंजन अग्रवाल, अचल सचदेव और बबीता रानी हैं।

### मुंबई का प्रसिद्ध 'लालबाग राजा गणेशोत्सव मंडल मानवाधिकार आयोग के रडार पर

मुंबई। मुंबई का प्रसिद्ध 'लालबाग राजा गणेशोत्सव मंडल मानवाधिकार आयोग के रडार पर आ गया है। सार्वजनिक दर्शन के लिए सामान्य नागरिकों और अति-महत्वपूर्ण व्यक्तियों (वीआईपी) के लिए अलग-अलग कतारों के कारण मानवाधिकार आयोग ने मंडल को नोटिस जारी किया है। दर्शन व्यवस्था में इस भेदभाव के कारण आयोग ने मंडल को इस संबंध में एक रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है, जिससे मंडल मुसीबत में आ गया है। आरोप यह भी है कि वीआईपी और आम आदमी के लिए रास्ते तक अलग हैं। भगवान गणेश का दायां पैर आम जनता के लिए, जबकि बायां पैर वीआईपी के लिए आरक्षित बताया जा रहा है।

## कुछ ना कहना




# पंजाब आपदा ग्रस्त घोषित

## सभी 23 जिलों में बाढ़, स्कूल-कॉलेज 7 सितंबर तक बंद; रायकोट में इमारत गिरी

चंडीगढ़। पंजाब में लगातार बारिश और बाढ़ से हालात खराब होते जा रहे हैं। प्रदेश के सभी 23 जिलों में 1200 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में है। हालात को देखते हुए पंजाब सरकार ने पूरे राज्य को आपदा प्रभावित घोषित किया है। वहीं, गुरुवार को आप संयोजक अरविंद केजरीवाल गुरदासपुर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे। उनके साथ मुख्यमंत्री भगवंत मान मौजूद रहेंगे। केजरीवाल बाढ़ से प्रभावित परिवारों से मिलकर नुकसान और चुनौतियों की जानकारी लेंगे और सरकार की ओर से राहत और बचाव कार्यों की प्रगति का जायजा लेंगे। मुख्य सचिव केएपी सिन्हा ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। सभी विभागों को अलर्ट पर रखा गया है। आपदा प्रबंधन अधिनियम 2025 के तहत सभी जिला मजिस्ट्रेटों और विभागों को राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।



### सभी स्कूल-कॉलेज सात सितंबर तक बंद

बाढ़ की स्थिति को देखते हुए पंजाब भर के सभी सरकारी/सहायता प्राप्त/मान्यता प्राप्त और निजी स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और पॉलिटेक्निक 7 सितंबर 2025 तक बंद रहेंगे।

### आने वाले दिनों में बिगड़ेगी स्थिति

आदेशों में कहा गया कि प्रदेश इस समय दशकों की सबसे भीषण बाढ़ का सामना कर रहा है। भारी मानसूनी बारिश और बांधों से छोड़े गए पानी के कारण कई जिलों में व्यापक बाढ़ आ गई है। हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं, और आशंका जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

### फसलें बर्बाद, पशुधन को भी नुकसान

वर्तमान में लगभग 3.75 लाख एकड़ कृषि भूमि खासकर धान के खेत, पानी में डूबे हुए हैं, जिससे फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। इसके अलावा, भारी संख्या में पशुधन के नुकसान की भी खबर है, जिससे ग्रामीण परिवारों की आजीविका बुरी तरह प्रभावित हुई है। मुख्य सचिव ने इस संबंध में सभी डीसी को निर्देश जारी किए हैं कि वे जिला मजिस्ट्रेट आवश्यक आदेश जारी कर सकते हैं ताकि किसी भी आपदा की स्थिति से निपटा जा सके। सभी जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तुरंत और पर्याप्त राहत उपाय करें। राज्य के सभी लाइन विभाग अपने आपातकालीन कार्यों को प्राथमिकता पर करें और सप्ताहांत या छुट्टी के बावजूद ड्यूटी पर रहें। पीडब्ल्यूडी, जल संसाधन विभाग और पीएसपीसीएल को सेवाओं को बहाल करने के लिए युद्ध स्तर पर काम करना होगा। टेलीकॉम सेवा प्रदाता मोबाइल और लैंडलाइन सेवाओं की बहाली तुरंत करें। पंचायत और शहरी निकाय आपातकालीन प्रतिक्रिया, राहत और पुनर्वास में पूरी मदद करें। सरकार ने सभी विभागों और एजेंसियों से अपील की है कि वे लोगों की जान और संपत्ति की रक्षा के लिए पूरी तत्परता से कार्य करें।

### बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे आए आईपीएस अधिकारी

डीजीपी गौरव यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब के सभी आईपीएस अधिकारी मुख्यमंत्री राहत फंड में अपना एक दिन का वेतन दान करेंगे। गौरव यादव ने बताया कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत और पुनर्वास कार्यों के लिए हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस मुश्किल घड़ी में पंजाब पुलिस समाज के साथ खड़ी है और अधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए आर्थिक सहयोग भी दे रहे हैं।

### केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान दौरा करेंगे



शिवराज सिंह चौहान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, मैंने पंजाब में भारी बारिश के कारण उत्पन्न बाढ़ की स्थिति पर पंजाब के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री से चर्चा की और विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मैं गुरुवार सुबह पंजाब पहुंचकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अपने भाई-बहनों से मिलूंगा। संकट की इस घड़ी में केंद्र सरकार पूरी मजबूती के साथ पंजाब के भाई-बहनों के साथ खड़ी है और हर संभव सहायता प्रदान करेगी।

### बाढ़ प्रभावित राज्यों के लिए तत्काल विशेष राहत पैकेज की घोषणा करे सरकार



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बाढ़ प्रभावित राज्यों पंजाब, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के लिए तत्काल विशेष राहत पैकेज की घोषणा करने और राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने का आग्रह किया। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में कहा, मोदी जी, बाढ़ ने पंजाब में भारी तबाही मचाई है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की स्थिति भी बेहद चिंताजनक है। ऐसे मुश्किल समय में आपके इस तरफ ध्यान देने और केंद्र सरकार की सक्रिय मदद की बेहद जरूरत है। हजारों परिवार अपने घर, जिंदगी और अपनों को बचाने के लिए जूझ रहे हैं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने लिखा, मैं आग्रह करता हूं कि इन राज्यों, खासकर किसानों के लिए तत्काल एक विशेष राहत पैकेज की घोषणा की जाए और राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाई जाए।

### नागरिकता संशोधन अधिनियम पर केंद्र का बड़ा फैसला

## पाक-बांग्लादेश-अफगानिस्तान से 2024 तक आए अल्पसंख्यक भारत में रह सकेंगे...

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने धार्मिक उत्पीडऩ् से बचकर भारत आए अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के अल्पसंख्यक समुदायों को बड़ी राहत दी है। गृह मंत्रालय ने एक आदेश में कहा कि हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदायों के वे लोग, जो 31 दिसंबर 2024 तक भारत आए हैं, उन्हें पासपोर्ट या अन्य ट्रैवल डॉक्यूमेंट्स के बिना भी देश में रहने की अनुमति दी जाएगी। यह आदेश इमीग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्टर, 2025 के तहत जारी किया गया है। इसके तहत उन लोगों को राहत मिलेगी जो मान्य पासपोर्ट और वीजा के बिना भारत में आए या जिनके डॉक्यूमेंट्स की वैधता खत्म हो चुकी है। गृह मंत्रालय के आदेश में कहा गया है कि ऐसे लोग जो धार्मिक उत्पीडऩ् या उसके भय से भारत आए और 31 दिसंबर 2024 तक देश में दाखिल हुए, उन्हें पासपोर्ट और वीजा रखने के नियम से छूट दी जाएगी।

31 दिसंबर 2024 तक भारत आए अल्पसंख्यक समुदायों को पासपोर्ट और वीजा की अनिवार्यता से छूट दी जाएगी। चाहे वे लोग बिना डॉक्यूमेंट्स आए हों या वैध डॉक्यूमेंट्स लेकर आए हों जिनकी अब वैधता समाप्त हो चुकी है। यह छूट विशेष रूप से उन लोगों को दी गई है जिन्हें धार्मिक उत्पीडऩ् का सामना करना पड़ा है। गौरतलब है कि सीएए, पिछले साल लागू हुआ था। इसके तहत अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के अल्पसंख्यक समुदायों - हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई - को, अगर वे 31 दिसंबर 2014 तक भारत आ चुके हैं, तो भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान है। कई लोग 2014 के बाद भी धार्मिक उत्पीडऩ् से बचकर भारत आए थे। इनमें खासतौर पर पाकिस्तान से आए हिंदुओं की संख्या अधिक है। ऐसे लोगों के लिए यह आदेश बड़ी राहत लेकर आया है क्योंकि अब उन्हें देश में रहने के लिए पासपोर्ट या वीजा की वैधता दिखाने की जरूरत नहीं होगी।

## असम में सीमेंट कंपनी को 3 हजार बीघा जमीन आवंटित की, जज भी हैरान

### हाईकोर्ट ने 22 लोगों की रिट याचिका पर की सुनवाई, कहा- सरकार हलफनामा दें

गुवाहाटी। गौहाटी हाई कोर्ट ने असम के आदिवासी बहुल दीमा हसाओ जिले में एक निजी सीमेंट कंपनी को 3,000 बीघा जमीन आवंटित किए जाने पर नाराजगी जताते हुए पूछा कि एक निजी कंपनी 3,000 बीघा जमीन कैसे खरीद सकती है। हाईकोर्ट ने छठी अनुसूची के तहत आने वाले इस क्षेत्र के 22 निवासियों की एक रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि एक निजी कंपनी द्वारा इतने बड़े भू-भाग की खरीद से 'परेशान और स्तब्ध' हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सोमवार को हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने पूछा था कि क्या इस परियोजना के लिए पर्यावरण मंजूरी ली गई है। जस्टिस संजय कुमार मेधी और राज्य के महाधिवक्ता देबोजीत सैकिया के बीच इस पर लंबी बहस हुई कि क्या छठी अनुसूची क्षेत्र के उमरंगसो में कारखाना स्थापित करने के लिए महाबल सीमेंट को इतनी ज्यादा जमीन दी जानी चाहिए। सुनवाई का हाईकोर्ट के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर सीधा प्रसारण किया गया।

सुनवाई के दौरान जस्टिस मेधी ने कहा कि अदालत 3,000 बीघा जमीन के आवंटन से परेशान है। हम सिर्फ यह रिकॉर्ड देखना चाहते हैं कि नीति कैसे बनाई गई। इस दौरान असम के महाधिवक्ता सैकिया ने कोर्ट को बताया कि एक सीमेंट कंपनी ने 2 लाख रुपए प्रति बीघा की दर से जमीन खरीदी है। महाधिवक्ता के बार-बार अनुरोध के बाद कोर्ट ने सरकार से अपना हलफनामा दाखिल करने को कहा।

सुनवाई के दौरान जस्टिस संजय कुमार मेधी 3,000 बीघा की बात सुनकर हैरान रह गए। पूरा जिला? क्या हो रहा है? एक निजी कंपनी को 3,000 बीघा जमीन दी जा रही है। इस दौरान एनसी हिल्स स्वायत्त परिषद के वकील, जिनके पास भूमि का अधिकार क्षेत्र है, उन्होंने दीमा हसाओ में एक सीमेंट कंपनी को 3,000 बीघा भूमि के आवंटन से संबंधित कुछ कागजात प्रस्तुत किए हैं, लेकिन कोर्ट ने उन्हें पूरी फाइल पेश करने का निर्देश दिया है, जिसमें छठी अनुसूची क्षेत्र में भूमि के बड़े हिस्से को निजी फर्म को आवंटित करने का फैसला शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक जस्टिस मेधी ने कहा कि एनसीएचएसी के वकील ने कुछ कागजात पेश किए। पिछले आदेश का उद्देश्य कुछ कागजात देखना नहीं था, बल्कि उस फाइल को देखना था जिसमें जमीन के बड़े हिस्से को आवंटित करने का फैसला शामिल है। उन्होंने एनसीएचएसी को अगली सुनवाई में फाइल पेश करने का निर्देश दिया।

## के. कविता ने पिता की पार्टी छोड़ी

नई दिल्ली। बीआरएस से निलंबित किया जाने के एक दिन बाद के कविता ने बुधवार को एमएलसी पद से इस्तीफा दे दिया है। अपने इस्तीफे के साथ कविता ने अपने पिता और बीआरएस प्रमुख के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) के खिलाफ साजिशों का आरोप लगाते हुए परिवार और पार्टी के अंदर की सियासी खींचतान को उजागर किया है। इस्तीफे के बाद कविता ने मीडिया से बातचीत में कई सनसनीखेज दावे किए जो पार्टी में गहरे मतभेदों को दर्शाते हैं। इस्तीफे के बाद कविता ने कहा, मेरा पिता मेरी प्रेरणा हैं, मैं उनके हाथ पकडक़र बड़ी हुई हूं। कविता ने अपनी निलंबन के बाद पांच महिला नेताओं के एकत्र होने और चर्चा करने खुशी जताया और कहा कि महिलाओं को आगे आकर नेतृत्व करना चाहिए, लेकिन जो लोग पार्टी का इस्तेमाल स्वार्थ और अपने फायदे के लिए करना चाहते हैं।

## पीएम मोदी की मां पर अपशब्द को लेकर सियासी घमासान, आज बिहार बंद

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी ने बिहार की सियासत को गरमा दिया है। कथित तौर पर विपक्षी नेताओं के इस बयान पर भाजपा और एनडीए ने कड़ी आपत्ति जताई है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि बिहार की हर मां, बहन और बेटी का अपमान करार दिया है और 4 सितंबर गुरुवार को बिहार बंद का ऐलान किया है। भाजपा नेताओं ने पीएम मोदी की माँ को लेकर की गई टिप्पणी को लेकर कहा है कि इस तरह की भाषा से स्पष्ट हो गया है कि विपक्ष के पास जनता से जुड़ने के लिए कोई मुद्दा नहीं बचा और वे वंशवादी राजनीति के सहारे ही आगे बढ़ना चाहते हैं। इस घटनाक्रम के बाद भाजपा ने इसे चुनावी मुद्दा बना लिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी अपने संबोधन में विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए कहा कि इस अपमान का जवाब बिहार की जनता लोकतांत्रिक तरीके से देगी। उन्होंने कहा कि मां को गाली देना न सिर्फ अनैतिक है बल्कि समाज के संस्कारों के खिलाफ भी है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ उनकी माँ के अपमान का मामला नहीं बल्कि सभी की माओं, बहन-बेटियों से जुड़ा मामला है। विवादित बयान को लेकर एनडीए घटक दलों ने बड़ा कदम उठाते हुए 4 सितंबर को बिहार बंद का ऐलान किया है। यह बंद सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रभावी रहेगा। पार्टी नेताओं का कहना है कि यह विरोध केवल प्रधानमंत्री की मां का नहीं बल्कि समस्त मातृत्व का सम्मान बचाने के लिए है।

## जीएसटी प्रणाली में सुधारात्मक उपायों से राज्यों की राजस्व प्राप्ति सुदृढ़ होगी-मंत्री के.के. बिश्नोई

नई दिल्ली। नई दिल्ली के सुषमा स्वराज भवन में बुधवार को केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित जीएसटी काउंसिल की 56 वीं बैठक में देश भर की कर प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, सरल और जनहितकारी बनाने पर विस्तृत विचार विमर्श हुआ। बैठक में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य मंत्री श्री के.के. विश्नोई ने प्रदेश के पक्ष को मजबूती से रखते हुए बताया कि बैठक में विशेष रूप से इस पक्ष पर चर्चा की गई कि किस तरह से जीएसटी प्रणाली को कारोबारियों और आम नागरिकों के लिए सहज और व्यवस्थित बनाया जाए साथ ही कर दरों में आवश्यकतानुसार संशोधन, छूट एवं रियायतें, छोटे व्यापारियों को राहत देने के उपाय, तथा तकनीकी माध्यमों से ईमानदार करदाताओं को सुविधा और पारदर्शिता प्रदान करने पर भी बल दिया गया। राज्य मंत्री के के विश्नोई ने बताया कि जीएसटी प्रणाली में आगामी सुधारात्मक कदमों से न केवल कर प्रणाली में जटिलताओं की कमी होगी, बल्कि राज्य सरकारों की राजस्व प्राप्ति भी सुदृढ़ होगी, जिससे आमजन को अधिकाधिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सकेंगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में जीएसटी जैसी ऐतिहासिक कर प्रणाली ने देशभर की अर्थव्यवस्था को एक राष्ट्र, एक कर की दिशा में मज़बूती दी है।

### बिलों पर राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने वाली राज्यों की याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा

# गवर्नर बिलों को पेंडिंग नहीं रख सकते

नई दिल्ली। विधानसभा से पास बिलों पर राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने वाली राज्यों की याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में लगातार सातवें दिन बुधवार को सुनवाई हुई। जजों ने कहा कि गवर्नर बिलों को अनिश्चितकाल तक लंबित नहीं रख सकते। पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और हिमाचल की सरकारों ने विधेयकों को रोककर रखने की विवेकाधिकार शक्ति का विरोध किया। कहा कि कानून बनाना विधानसभा का काम है, इसमें राज्यपालों की कोई भूमिका नहीं है। वे केवल औपचारिक प्रमुख होते हैं। चीफ जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस एएस चंदुरकर की बेंच ने सुनवाई की।

पश्चिम बंगाल के वकील कपिल सिब्बल ने कहा किअगर विधानसभा से पास बिल गवर्नर को भेजा जाता है, तो उन्हें उस पर हस्ताक्षर करना ही होगा। सिब्बल ने तर्क दिया कि संविधान की धारा-200 में गवर्नर के लिए संतोष (सैटिस्फैक्शन) जैसी कोई शर्त नहीं है। उन्होंने कहा कि या तो वे बिल पर हस्ताक्षर करें, या उसे राष्ट्रपति को भेज दें। लगातार रोके रखना संविधान की भावना के खिलाफ है। अगर गवर्नर मनमर्जी से बिल अटका दें तो यह लोकतंत्र को असंभव बना देगा।

### गवर्नरों का कानून बनाने में कोई रोल नहीं

हिमाचल सरकार के वकील आनंद शर्मा ने कहा कि संघीय ढांचा (फेडरलिज्म) भारत की ताकत है और यह संविधान के बुनियादी ढांचे का हिस्सा है। अगर गवर्नर बिल रोकेंगे तो इससे केंद्र-राज्य संबंधों में टकराव बढ़ेगा और यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक होगा। गवर्नर का ऑफिस जनता की इच्छा को नकारने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

### राज्य में दोहरी सरकार नहीं हो सकती

कर्नाटक सरकार के वकील गोपाल सुब्रमण्यम ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि राज्य में दोहरी सरकार (डायार्की) की व्यवस्था नहीं हो सकती। गवर्नर को हमेशा मंत्रिपरिषद की सलाह पर ही काम करना होगा।उन्होंने कहा कि संविधान गवर्नर को सिर्फ दो स्थितियों में ही विवेकाधिकार देता है। पहली, जब गवर्नर अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति को रिपोर्ट भेजते हैं और दूसरी, जब कोई बिल हाईकोर्ट की शक्तियों को प्रभावित करता है (अनुच्छेद 200 की दूसरी शर्त)। इन दो स्थितियों को छोडक़र गवर्नर के पास कोई स्वतंत्र शक्ति नहीं है।

### संसद की तरह ही राज्य विधानमंडल भी संप्रभु

कपिल सिब्बल ने आगे कहा कि संसद संप्रभु है और जनता की इच्छा को तुरंत लागू किया जाना चाहिए। जब कोई विधेयक विधायिका द्वारा पारित किया जाता है तो उसे पूर्ण सांविधानिकता प्राप्त होती है और इसका परीक्षण अदालत में किया जा सकता है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य विधेयक का केंद्रीय कानून के संदर्भ में विरोधाभास भी हो सकता है। इस पर सिब्बल ने कहा विधेयक का केंद्रीय कानून के संदर्भ में विरोधाभास होना दुर्लभ मामला है, उस स्थिति में राज्यपाल अपने विवेक का प्रयोग कर सकते हैं, लेकिन राज्यपाल सुपर विधायी निकाय नहीं हो सकते। सिब्बल ने कहा, राज्य विधानमंडल की संप्रभुता भी संसद की संप्रभुता जितनी ही महत्वपूर्ण है।




# जिले भर जगह-जगह दिख रहा बारिश का कहर, कई नदी नाले उफान पर, आवागमन हुआ अवरुद्ध

**वैनगंगा नदी का छोटा पुल फिर डूबा, तो बिरसा क्षेत्र के तीन पुलियो से ऊपर बह रहा पानी, भीमगढ़ बाध के खोले गए गेट, वैनगंगा का बढ़ा जल स्तर**





**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। जिले में रूक-रूककर हो रही बारिश और जंगल क्षेत्रो में हो रही तेज बरसात से ग्रामीण क्षेत्रो में जलभराव जैसे हालत पैदा कर दिए है। जहां आए दोनों हो रही इस बारिश का कहर, जिलेभर में जगह-जगह देखने को मिल रहा है।जहां भारी बारिश के चलते कई नदी नाले उफान पर है तो वही नदी नालों में बने पुलिया से ओवरफ्लो होकर पानी बहने के चलते, उक्त मार्ग से लोगों का आवागमन पूर्ण रूप से अवरुद्ध हो चुका है। जहां नगर मुख्यालय स्थित वैंनगंगा नदी में बाढ़ आ जाने के चलते एक बार फिर से वैनगंगा नदी का छोटा पुल डूब चुका है। तो वही उस छोटे पुल के ऊपर से ओवरफ्लो होकर पानी गुजर रहा है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी कुछ ऐसे ही हालात बने हुए हैं। जहां बिरसा क्षेत्र के तीन पुलियों से भी बरसात का पानी ओवरफ्लो होकर गुजर रहा है। जिसके चलते लोगों का उक्त स्थान से आना-जाना बंद हो गया है तो वही लोग अपने-अपने गांव में कैद रहने के लिए मजबूर हैं।**

### बिरसा क्षेत्र के दर्जनों गांव का टूटा संपर्क

बात अगर बालाघाट जिले में हुई बारिश की करे तो सरकारी आकड़ो के मुताबिक बीते 24 घंटे में जिले में डेढ़ इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है। जिसमें अकेले बिरसा क्षेत्र में चार इंच से ज्यादा बारिश हो गई है। यही कारण है कि बिरसा क्षेत्र में बारिश ज्यादा होने से क्षेत्र के भंडारपुर से चारटोला मार्ग, जानपुर से करहू मार्ग और बाकीगुडा से पल्हेरा मार्ग के पुल पर पानी ज्यादा होने से आवागमन बंद कर दिया गया है।जिससे दर्जनो गांव का संपर्क टूट गया है। वही बालाघाट सिवनी और अन्य ऊपरी क्षेत्रों में हुई भारी बारिश के चलते वैनगंगा नदी भी उफान पर है ।जहां एक बार फिर वैनगंगा नदी में बाढ़ आ गई है और वैनगंगा नदी के छोटे पुल से पानी एक बार फिर ओवरफ्लो होकर गुजर रहा है।

### सिवनी के भीमगढ़ बांध से वैनगंगा नदी में छोड़ा 21 हजार क्यूसेक पानी

सिवनी जिले स्थित भीमगढ़ बांध का जलस्तर नियंत्रित रखने के लिए 03 सितंबर को प्रात: 09 बजे से बांध के चार गेट खोले गए और इनसे वैनगंगा नदी में 21 हजार क्यूसेक (425 क्यूमेक) पीनी छोड़ा गया। भीमगढ़ बांध के गेट क्रमांक 04,05,06 एवं 07 को एक-एक मीटर खोला गया और इनसे 21 हजार घनफीट पानी प्रति सेकंड वैनगंगा नदी में प्रवाहित किया गया। जिसके कारण वैनगंगा नदी का जलस्तर बढ़ने की संभावना है। वैनगंगा नदी के किनारे के ग्रामों के ग्रामीणों से प्रशासन ने अपील की गई है कि वे नदी से सुरक्षित दूरी बनाए रखें और अपने मवेशियों को भी नदी से दूर रखें।एक जानकारी के अनुसार जिले में 1 जून से लेकर 3 सितंबर तक 1104 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 948 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। बीते 24 घंटे के दौरान जिले में 39 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है।

### 24 घंटे में यहां हुई इतनी वर्षा

कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख के अनुसार बीते 24 घंटे के दौरान बालाघाट तहसील में 34 मिलीमीटर, वारासिवनी में 52 मिलीमीटर, बैहर में 62 मिलीमीटर, लांजी में 04 मिलीमीटर, कटंगी में 25 मिलीमीटर, किरनापुर में 15 मिलीमीटर, खैरलांजी में 08 मिलीमीटर, लालबर्रा में 27 मिलीमीटर, बिरसा में 108 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 70 मिलीमीटर एवं तिरोड़ी तहसील में 21 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है।

### चालु सत्र के दौरान वर्षा

चालू वर्ष सत्र में 01 जून से 03 सितंबर तक बालाघाट तहसील में 1360 मिलीमीटर, वारासिवनी में 1396 मिलीमीटर, बैहर में 1320 मिलीमीटर, लांजी में 759 मिलीमीटर, कटंगी में 998 मिलीमीटर, किरनापुर में 1183 मिलीमीटर, खैरलांजी में 478 मिलीमीटर, लालबर्रा में 1178 मिलीमीटर, बिरसा में 895 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 1485 मिलीमीटर तथा तिरोड़ी तहसील में 1082 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है।

## उत्कृष्ट विद्यालय बैहर के 06 विद्यार्थी राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता के लिए चयनित

बालाघाट( पद्मेश न्यूज) । जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत मार्शल आर्ट ताइक्कांडो की विभागीय राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता उमरिया में उत्कृष्ट विद्यालय बैहर के 06 छात्र छात्राओं ने स्वर्ण पदक हासिल कर उत्कृष्ट विद्यालय बैहर एवं बालाघाट जिले का नाम रोशन किया है। इस संबंध में संस्था के प्राचार्य आलोक कुमार चौरे ने बताया कि विद्यालय के 07 खिलाड़ी छात्र एवं 01 छात्रा विभागीय राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता उमरिया में सम्मिलित हुए थे। जिसमे छात्रा कु. सोनम उइके एवं छात्र मयंक धुर्वे, गुरमीत मरकाम, सत्यम मरकाम, कोमेन्द्र मेरावी एवं सागर पंद्रे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल अर्जित किया, उपरोक्त सभी छात्र एवं छात्रा 08 से 11 सितम्बर 2025 तक सागर में आयोजित होने वाली शालेय राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बालाघाट**
**जिला बालाघाट (म.प्र.) 481001**

दूरभाष /फेक्स क्रमांक 07632-241318/247101 एवं ईमेल cmobalaghat@mpurban.gov.in

क्रमांक / योजना / 2025/7016 बालाघाट दिनांक 03/09/2025

**विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग भोपाल के पत्र क्रमांक 74/1461/2021/18-1 भोपाल दिनांक 17 जनवरी 2022 में दिए गए निर्देशानुसार माननीय परिषद बैठक में पारीत प्रस्ताव एवं संकल्प अनुसार नगर पालिका परिषद बालाघाट, जिला बालाघाट में 05 सितंबर शिक्षक दिवस को नगर गौरव दिवस घोषित किया गया है। अत: नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दिनांक 05/09/2025 को नगर गौरव दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जावेगा। कार्यक्रम का आयोजन श्याम बिहारी वर्मा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में दोपहर 1 बजे से किया जावेगा। आमजन से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम में सम्मिलित होने का कष्ट करे।

( बी.डी कतरोलिया )
मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद बालाघाट जिला-बालाघाट

## 4 दिन से लापता 108 एम्बुलेंस के पायलट का शव ढूटी बांध से बरसमद

बालाघाट(पद्मेश न्यूज) । लामता थाना क्षेत्र मैं आने वाली बैनगंगा नदी के ढूटी बांध से 4 दिन से लापता 108 एम्बुलेंस पायलट का शव बरामद किया। मृतक अरविंद पिता थामसिह उइके 30 वर्ष ग्राम मथुरा टेकाड़ी थाना कटंगी निवासी है। इस 108 एम्बुलेंस पायलट ने बांध में कूद कर आत्महत्या



की या फिर उसकी फिसलने से मौत हुई। स्पष्ट नहीं हो पाया है। लामता पुलिस ने इस 108 एंबुलेंस के पायलट के शव का पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिये है। मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अरविंद उइके पिछले 2 साल से 108 एम्बुलेंस चलता था और वह जिले के लामता के अलावा अन्य थाना में भी रहा। पिछले दो माह से वह लामता की 108 एम्बुलेंस चला रहा था और थाने के ही एक कमरे में उनका ऑफिस था और वह ई एम टी के साथ रहते थे।। 29 अगस्त को ही अरविंद उइके अपने घर से लामता आया था और वह 108 एम्बुलेंस में अपनी सेवाएं दे रहा था। 30 अगस्त की रात्रि में अरविंद उइके ने लामता की होटल में खाना खाया और थाने में ही सोने चला गया था। 31 अगस्त को सुबह 4ः00 बजे करीब अरविंद उइके उठा और थाने के किसी पुलिस कर्मचारी से रुपए भी मांगे थे। इसके बाद अरविंद उइके के मोटरसाइकिल से निकल गया जो वापस ही नहीं आया। जिसने अपना मोबाइल भी थाने में ही छोड़ दिया था। अरविंद उइके के दिखाई नहीं देने पर ई एम टी खुमेन्द्र राहंगडाले ने उसके परिवार वालों को सूचना दी थी। 31 अगस्त को अरविंद उइके का पिता थान सिंह उइके लामता पहुंचा और उसने अपने बेटे अरविंद की गुम होने की रिपोर्ट की थी। इसी दौरान 2 दिन से एक मोटरसाइकिल ढूटी बांध रोड किनारे लावारिस हालत में खड़ी देखी जा रही थी जिसकी सूचना मिलने पर लामता पुलिस ने इस मोटरसाइकिल को मौके से उठाकर लामता थाने में ला लिए थे। यह मोटरसाइकिल अरविंद उइके की ही थी। जिसकी पहचान उसके पिता थान सिंह उइके ने की । 3 सितंबर को ढूटी बांध के कछार किनारे एक व्यक्ति का शव पानी मे उतराते हुए ग्रामीणों ने देखें और ग्राम रक्षक को बताएं ग्राम रक्षक ने लामता पुलिस थाना में सूचना दी थी। लामता पुलिस ढूटी बांध पहुंची और शव को बाहर निकलवाए। जिसकी पहचान 108 एंबुलेंस के पायलट अरविंद उइके के नाम से की गई। खबर मिलते ही अरविंद उइके के परिवार के लोग भी आ चुके थे। लामता पुलिस ने अरविंद उइके का शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सोप दिए है। अरविंद उइके ने बांध में कूद कर आत्महत्या की या फिर फिसलने से वह बांध में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। अभी यह पूर्ण रूप से स्पष्ट नहीं हो पाया है।। लामता पुलिस धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

# ईद मिलादुन्नबी पर बंद रखी जाए शराब की दुकान, मुस्लिम समाज ने रखी सरकार से मांग

**सांसद व कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर सौपा ज्ञापन, बताया नशे के खिलाफ है हमारे पैगंबर का पैगाम**

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। पैगंबरे इस्लाम हज़रत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश पर मनाया जाने वाला पर्व, जश्ने ईद मिलादुन्नबी 5 सितम्बर शुक्रवार को जिला मुख्यालय सहित देश व पूरी दुनिया में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जहां दिन भर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन होंगे।जिसकी शुरुआत नगर में चांद के दीदार के बाद से ही शुरू कर दी गई है।मोहम्मद सहाब की पैदाइश के 1500 साल पूरे होने को लेकर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक मुस्लिम संगठनों के द्वारा तैयारी का काम अंतिम चरण में है। बालाघाट नगर में भी खुशियों के मौके पर जुलूस ए मोहम्मदी निकाला जाएगा इस दिन को यादगार बनाने के लिए विभिन्न सेवाभावी कार्य किया जा रहे हैं इसी कड़ी में अंजुमन इस्लामिया कमेटी के द्वारा शहर काजी अब्दुल हबीब नूरी की अगुवाई में समाज जनों ने सांसद एंव कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौपा। जिसमें उन्होंने ईद मिलादुन्नबी के इस मौके पर शराब की दुकान बंद रखे जाने की मांग की ।



### हमारे आका ने शराब को सामाजिक बुराई बताया है।

ज्ञापन में बताया गया कि जब हमारे नबी तशरीफ लाए थे तब दुनिया में शराब खोरी आम थी जिसे हमारे आका ने सामाजिक बुराई करार दिया और शराब पर मुस्लिम समाज के लिए पाबंदी लगाई। शराब की वजह से कई घर तबाह होते हैं इंसान नशे में आपा खो बैठता है और उससे बुरे काम हो जाते हैं जबकि शराब सेहत को भी नुकसान पहुंचती है यही वजह है कि मुस्लिम समाज को शराब के प्रति नकारात्मक रूप से दूर रहने के लिए सख्त नसीहत दी गई है। बताया गया है कि जिस प्रकार अन्य समाज में धार्मिक आस्था के अनुरूप कई तरह की पाबंदियां सरकार लगाकर कड़े फैसले लेती है इस प्रकार हमारे हुजूर की पैदाइश के मौके जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर शराब दुकान बंद रखने की हमारी मांग है सरकार इसे सुने और अमल करें।

### एक दिन के लिए शराब दुकाने रखी जाए बंद- मेमन

इस संबंध में पूर्व वक्फ बोर्ड अध्यक्ष अनीश मेमन ने बताया कि ज्ञापन सौंप कर हमने सरकार से ईद मिलादुन्नबी के दिन शराब दुकान बंद रखने की मांग की है। उद्देश्य यह है कि शराब एक सामाजिक बुराई है और उसे समाप्त करना समाज का दायित्व है। हम आग्रह करते हैं कि सरकार हमारी इस मांग पर ध्यान दें और इस दिन शराब की दुकानों को बंद रखा जाए। ज्ञापन सौपने के दौरान अंजुमन इस्लामिया कमेटी के पूर्व सदर सुभान मुन्ना मंसूरी के अलावा अंजुमन पदाधिकारी तथा समाजजन उपस्थित रहे।

### गैर शरीयत कामों पर, आका ने भी लगाई है पाबंदी-हाजी फारूक

उधर अंजुमन इस्लामिया कमेटी बालाघाट सदर हाजी फारूक शेख ने जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर अक्सर होने वाले गैर शरीयत कामो पर पाबंदी लगाए जाने को लेकर बयान जारी करते हुए बताया कि इस साल 1500 सालाना जश्ने ईद मिलादुन्नबी शुक्रवार को शानो शौकत के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि हमारे कुछ भाइयों का कहना है कि अंजुमन इस्लामिया कमेटी द्वारा जुलूस के दरमियान कई कामों पर तरह-तरह की पाबंदी लगाई गई है।हम उन्हें बता दे कि, उन्हीं कामों पर यह पाबंदी लगाई गई है जो गैर शरीयत है, और उन गैर शरीयत कामों को करने से 1500 साल पहले हमारे नबी ने भी मना फ़रमाया है। इसीलिए कमेटी सभी मुस्लिम बन्धुओ से गुजारिश करती है कि गैर शरीयत कामो से बचे, जुलूस के दरमियान शासन प्रशासन की गाइडलाइन का पालन करे, और जुलूस कमेटी का सहयोग करें। अंजुमन इस्लामिया कमेटी तमाम शहर की आवाम से पूरी सादगी के साथ जुलूस निकालने और आपसी भाईचारे को बनाए रखने की अपील करती है।

### उधर मरीजो को किया गया फल वितरण

उधर 1500 साल, जश्ने विलादत के मुबारक मौके पर दावते इस्लामी इंडिया के वेल्फेयर डिपार्टमेंट जीएनआरएफ गरीब नवाज रिलीफ फाऊंडेशन) की तरफ से, शहीद भगत सिंह जिला अस्पताल में 3 सितंबर, दिन बुधवार को फल वितरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने मरीजों का हाल-चाल जाना और उन्हें फल का वितरण कर जश्ने ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी ।पदाधिकारियो ने बताया कि नबी करीम (स व) की यौमें पैदाइश पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं ।जिसमें आज अस्पताल पहुंचकर मरीजों और उनके परिजनों को फल वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि हम सब के आका नबी ए करीम (स व) ने हिदायत दी थी कि मरीजों का ख्याल रखें उनकी मदद करें उसी के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसके अलावा नगर में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं जिसमें हर कोई नबी ए करीम(स व) की हिदायत पर अमल कर रहा है।इस अवसर पर पदाधिकारी फारुक मदनी, गुलाम गौस, इंसाफ मदनी ,फैजान खान ,अल्ताफ कुरैशी, अनस कुरैशी, अकरम मंसूरी,साजिद मंसूरी ,सोहेल खान, ,तौसीफ खान ,अंसार खान ,रेहान खान ,अहफाज खान, अब्दुल मुस्तफा भाई , शाहबाज खान, मुस्लिम समाज के समाजसेवी, जिला अस्पताल के चिकित्सक, कर्मचारी सहित अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील वारासिवनी जिला बालाघाट (म.प्र.)**

रा.प्र.क 0405 / अ-6/2025-26
मौजा दीनी प.ह.न 55
तहसील वारासिवनी जिला बालाघाट

**इश्तेहार**
दिनांक 01/09/2025

आम इस्तेहार द्वारा मौजा दीनी प.ह.न. 55 राजस्व निरीक्षक मंडल मेंडकी तहसील वारासिवनी जिला बालाघाट को सूचित किया जाता है कि आवेदक अब्दुल सलाम पिता अब्दुल वहाब जाति मुसलमान निवासी दीनी तहसील वारासिवनी जिला बालाघाट द्वारा मौजा दीनी प.ह.न. 55 रा.नि.म. मेंडकी स्थित भूमि ख.न. 542/1, 747/1/1//1 रकबा कमश: 0.473, 0.344 हे. भूमि के खातेदार अब्दुल कलाम पिता अब्दुल वहाब जाति मुसलमान कि दिनांक 29.01.2025 को मृत्यु हो जाने के कारण आवेदक द्वारा फौती के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदनपत्र न्यायालय में पेश किया गया है ।

उक्त भूमि का फौती के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति है तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 16.09.2025 तक अपनी आपत्ति न्यायालय में पेश कर सकता है । बाद आने वाली आपत्ति पर सुनवायी नहीं कि जावेंगी । एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी ।

इश्तेहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया ।

पेशी दिनांक 01.09.2025
जारी दिनांक 16.09.2025
स्थान तहसील कार्यालय वारासिवनी

तहसीलदार
तह.वारासिवनी जिला बालाघाट(म.प्र)

**न्यायालय अपर कलेक्टर जिला बालाघाट, मध्यप्रदेश**

**ईश्तेहार प्रकाशन**

प्रकरण कमांक/0035/बी-121/2025-26
मौजा चंगेरा तहसील वारासिवनी
जिला बालाघाट ( म.प्र. )

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमलेश बिसेन पिता खेतरी बिसेन जाति पंवार एंव गायत्री बिसेन पति कमलेश बिसेन निवासीगण ग्राम चंगेरा तहसील वारासिवनी जिला- बालाघाट म.प्र. द्वारा गुरूदयाल परिहार एंव गायत्री परिहार जाति पंवार निवासी ग्राम वार्ड न0 16 चिकमारा पोस्ट सोनेगांव थाना व तहसील व कटंगी जिला बालाघाट को कमलेश बिसेन एंव गायत्री बिसेन द्वारा अपनी तीसरी पुत्री सुवेता जिसकी आयु 02 माह जिसका जन्म 21.05.2025 को हुआ है को आवेदकगण दत्तक लेने हेतु हिन्दु दत्तक तथा भरण-पोषण अधिनियम, 1956 (1956 का अधिनियम संख्यांक 78)1 के अध्याय 2 में दिये गये उपबंधो के तहत गोदनामा विलेख पंजीयन अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त के संबंध में किसी हितबद्ध पक्षकार को आपत्ति होने पर स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में सुनवाई 16.09.2025 तक आपत्ति प्रस्तुत करते है बाद समयावधि में कोई विचार नही किया जावेगा।

(जी.एस.धुर्वे)
अपर कलेक्टर, जिला बालाघाट



## सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में 2 साल से फरार आरोपी भूपेंद्र ठाकुर उर्फ रिंकू गिरफ्तार

**वास्तविक नाम अशेष श्रीवास्तव, माननीय न्यायालय द्वारा जारी किया गया था 7 स्थाई और 1 गिरफ्तारी वारंट**

बालाघाट(पद्मेश न्यूज) । फर्जी नियुक्ति पत्र देकर सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में 2 वर्ष से फरार आरोपी को कोतवाली पुलिस ने बैहर रोड में गिरफ्तार कर लिये। गिरफ्तार आरोपी अशेष पिता छत्र छत्रधारीलाल श्रीवास्तव 40 वर्ष वार्ड नंबर 14 बूढ़ी बालाघाट निवासी है। जिसके विरुद्ध 5 हजार का इनाम घोषित किया गया था। मामले की एक अन्य आरोपी रमिता धामडे पूर्व गिरफ्तार हो चुकी है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक 20 जून 2024 को शुभम दमाहे ग्राम मोहगांव धपेरा निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी रमिता धामड़े निवासी बालाघाट भूपेंद्र ठाकुर उर्फ रिंकू ने पीडब्ल्यूडी विभाग में शासकीय नौकरी लगाने का झांसा दिये और फर्जी नियुक्ति पत्र देकर उसे 3 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। शुभम दमाहे की रिपोर्ट पर इन आरोपियों के विरुद्ध धारा 420 467 468 471 34 भादवि के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। मामले की की जांच योजना के दौरान रमिता धामड़े को गिरफ्तार किया गया था। अपराध दर्ज होने के बाद भूपेंद्र ठाकुर उर्फ रिंकू लगातार फरार चल रहा था। जांच विवेचना के दौरान इस आरोपी का वास्तविक नाम अशेष श्रीवास्तव सामने आया। जिसके विरुद्ध पूर्व में पंजीबद्ध अपराधों में माननीय न्यायालय बालाघाट द्वारा सात स्थाई वारंट और एक स्थाई गिरफ्तार वारंट जारी किए गए थे। जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक बालाघाट द्वारा 5 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया था। लगातार की जा रही तलाश के दौरान कोतवाली पुलिस ने 3 सितंबर को आरोपी अशेष वास्तव को बैहर रोड बालाघाट से गिरफ्तार कर लिये।

बारबेड वायर (कांटेदार तार)
एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# कलेक्टर साहब ये रखो पंचायत की चॉबी, अब आप काम कराओ?

**भरवेली पंचायत में, महिला सरपंच ने जड़ा ताला, विपक्षी पंचो पर लगाया विकास कार्यो में बाधा डालने का आरोप, ग्रामीणों के साथ कलेक्ट्रेट पहुचकर, जताई नाराजगी, कहा -एजेंडे में लगा रहे अंडगा, प्रस्तावो पर असहमति दर्ज कराकर विकास कार्य को कर रहे अवरूद्ध**

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिला मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत भरवेली में सरपंच, उप सरपंच और सत्ता पक्ष व विपक्षी पार्षदों के बीच पिछले कुछ महीनों से चल रहा विवाद, थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। जहां आए दिनों सरपंच व उपसरपंच सहित पार्षदों के बीच सहमति नहीं बन पा रही है। जिसको लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष ,एक दूसरे का जमकर विरोध कर रहे है। पिछले कुछ महीनो से चल रही इन्हीं गतिविधियों के बीच बुधवार को भरवेली सरपंच श्रीमती गीता अनिल बिसेन ने, पंचों पर विकास कार्यों में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए पंचायत में ताला जड़ दिया।जिन्होंने उपसरपंच सहित अन्य विपक्षी पार्षदों पर विकाश कार्यो के प्रस्तावों में सहमति न देने और ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जिला प्रशासन को पंचायत की चाबी थमा दी, और कह दिया कि कलेक्टर साहब यह चाबी रखो और अपने हिसाब से पंचायत का काम करा लो। ज्ञापन के दौरान उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि विरोधी पंच, पंचायत के किसी भी कार्य को करने नहीं दे रहे हैं। तरह-तरह के अड़ंगे लगा रहे हैं। जिससे ग्रामीणों को साफ सफाई, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही है जिसके चलते ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। पंचायत कर्मियों का मानदेय देने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हर एजेंटे में बाधा डालने के चलते गांव का विकास कार्य रुक गया है।ऐसे में पंचायत कैसे चलाएं ?, जिन्होंने जिला प्रशासन को पंचायत भवन की चाबी सौपते हुए मामले का उचित निराकरण किया जाने की गुहार लगाई है।






### अविश्वास प्रस्ताव के बाद से दिख रहा खुलकर विरोध

आपको बताए कि भरवेली पंचायत में सरपंच गीता अनिल बिसेन और पंचायत के अन्य 13 पंचो के बीच समन्वय नहीं बन पा रहा है। आरोप है कि बीते महिने में अविश्वास प्रस्ताव में हारने के बाद सभी 13 पंच, प्रस्तावो पर अहसमति जता रहे है। जिससे पंचायत के विकास कार्यो से लेकर कर्मचारियो के वेतन से लेकर पंचायत संचालन में दिक्कते आ रही है। सरपंच के अनुसार लगातार तीसरी बैठक में ऐसे होने से पंचायत में समन्वय नहीं बैठ पा रहा है, नैतिकता के कारण, सरपंच होने के नाते मेरा फर्ज बनता है कि जब वह पंचायत के विकास कार्यो से लेकर क्षेत्र की साफ-सफाई और पंचायतकर्मियों को वेतन नहीं दे पा रही है तो उनका इस पद पर बने रहने का कोई औचित्य नहीं है। इसलिए आज वह तालाबंद कर पंचायत की चॉबी कलेक्टर साहब को सौंपने पहुंची है ताकि अब वे, पंचायत के कार्यो का संचालन करें।

### हमने हाथ जोड़कर निवेदन किया, फिर भी नहीं मान रहे पंच-गीता बिसेन

पंचायत में ताला जड़ने और जिला प्रशासन को ज्ञापन के साथ चाबी सौपने वाले इस मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान भरवेली सरपंच श्रीमती गीता अनिल बिसेन ने बताया कि पंचायत में समन्वय नहीं बैठा पा रहे यह पंच, पंचायत में अवरोध पैदा करने वाले लोगों के ईशारे पर काम कर रहे है। जिससे पंचायत में विकास कार्यो को गति नही मिल रही है। हमने, उन पंचो से हाथ जोड़कर निवेदन किया कि जो हो गया, उसे भुलकर पंचायत के विकास कार्यो को प्राथमिकता देते हुए कार्य करें, ताकि पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यो से जनता को सुविधा मिले, लेकिन 13 पंच, पंचायत में विकास कार्यो को अवरूद्ध कर ईशारे से राजनीति कर रहे है, जिससे पंचायत क्षेत्र और कर्मचारियों का नुकसान हो रहा है। ऐसे में पंचायत का संचालन करना मुश्किल हो रहा है इसीलिए उन्होंने आज पंचायत में ताला जड़कर जिला प्रशासन को चाबी सौप दी है।ताकी कलेक्टर साहब अपने हिसाब से पंचायत के विकास कार्य करा सके।वही पूरे मामले का अपने स्तर से निराकरण करें।ताकि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके।

## एक महिला ने अपने ससुराल वालों के विरुद्ध दहेज के लिए प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

**महिला के पति सास ससुर जेठ जेठानी और ननंद के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना का अपराध दर्ज**

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। एक महिला ने अपने पति सास ससुर जेठ सहित पांच लोगों के विरुद्ध दहेज की मांग को लेकर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करके घर से निकलने का आरोप लगाई। बिरसा थाना क्षेत्र की रहने वाली इस 30 वर्षीय महिला द्वारा की गई रिपोर्ट पर उसके महाराष्ट्र गोंदिया निवासी पति अभिषेक वराडे, ससुर देवेंद्र वरांडे ,सास देवकी उर्फ राधिका वराडे, जेठ पंकज वरांडे, जेठानी सुषमा वराडे सभी ग्राम कुड़वा थाना गोंदिया और नंनद गीता पति राकेश नागेश्वर के विरुद्ध दहेज की मांग को लेकर मारपीटऔर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप में अपराध दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 जून 2024 को इस महिला की शादी अभिषेक वरांडे से हुई थी। शादी के 7 दिन बाद से ही इस महिला को उसकी सास देवकी वराडे बोलने लगी कि दहेज में बहुत काम सामान एवं जेवर लेकर आई है। तब इस महिला ने बोली कि मेरे पिता ने अपनी हैसियत के हिसाब से सामान दिए हैं। जिसके बाद इस महिला को उसकी सास ससुर जेठ जेठानी दहेज में कम सामान लाई है कहकर रुपए की मांग करने लगे। इस महिला ने 7 जुलाई 20 24 को अपने मायके से 35हजार रुपये रुपए मंगवा। इसके बाद भी उसे बोलने वालों की बहुत कम रुपए है। इससे क्या होगा। इसके बावजूद भी इस महिला को उसे पति सास ससुर जेठ जेठानी के द्वारा शारीरिक मानसिक रूप से परेशान करने लगे घटना के संबंध में इस महिला ने अपने मायके में बताई। 1 अक्टूबर 2024 को इस महिला के भाई ने 80 हजार रुपए अभिषेक वराडे को दिए। वर्ष 2024 को ही तीजा में इस महिला की ननंद रीता नागेश्वर कुड़वा आई थी। वह भी उसे कम दहेज लाई है कहकर ताने देने लगी। 20 अक्टूबर 2024 को इस महिला के पति के फोन में किसी लड़की का फोन आ रहा था । इस संबंध में महिला के पूछने पर उसके पति ने उसे हाथ बुक्के से मारपीट किया था। घर का मामला होने से इस महिला ने रिपोर्ट नहीं की थी। 3 नवंबर 2024 यह महिला अपने पति अभिषेक के साथ अपने मायके आई थी। जहां पर पति अभिषेक वरांडे ने उसके साथ मारपीट की और छोड़ कर चले गए। दोनों पक्ष के बीच समझौता होने पर यह महिला ससुराल आई। कुछ दिन तक ठीक-ठाक रहने के बाद पति अभिषेक वरांडे ने दहेज में कार और बालाघाट में स्थित प्लांट अपने नाम करने की मांग की थी वही उसके मंगलसूत्र और जेवर भी रख लिए। इसके कुछ दिन बाद इस महिला को उसके पति सास ससुर जेठ जेठानी ने मारपीट करके घर से निकाल दिया और दरवाजा बंद कर दिए। जिसके बाद यह महिला अपने भाई के साथ रात्रि में ही अपने मायके पहुंच गई ।इस प्रकार इस महिला को दहेज की मांग को लेकर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करके घर से भगा दिए। इस महिला द्वारा की गई रिपोर्ट पर उसके पति अभिषेक पिता देवेंद्र वराडे, ससुर देवेंद्र पिता शिवलाल वराडे, सास देवकी उर्फ राधिका पति देवेंद्र वराडे, जेठ पंकज पिता देवेंद्र वराडे, जेठानी सुषमा पति पंकज वराडे सभी ग्राम कुड़वा थाना गोंदिया महाराष्ट्र और रीता पति राकेश नागेश्वर के विरुद्ध धारा 85 96 115(2) 3(5)और धारा 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत अपराध किया गया है।

## स्मार्ट मीटर सहित सौर ऊर्जा के उपयोग को लेकर अधीक्षण अभियंता ने ली प्रेस वार्ता

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता अमित कुमार ने 3 सितंबर को केंद्र और राज्य सरकार से चल रही विभिन्न योजनाओं को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया। जिसमें अमित कुमार ने बताया कि इन दिनों सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को लाभ दिए जाने हेतु योजनाएं चलाई जा रही है, साथ ही विभाग द्वारा उपभोक्ताओं की लगातार मीटर रीडिंग को लेकर आ रही शिकायतों को देखते हुए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं , साथ ही अधिक आ रहे बिजली बिल को कम करने विभाग द्वारा सौर ऊर्जा लगाए जाने हेतु उपभोक्ताओं को प्रेरित किया जा रहा है। सौर ऊर्जा लगाए जाने की शुरुआत शासकीय विभागों से की जा रही है , जिससे कि उपभोक्ताओं और विभागों पर आने वाले बिजली बिल को काम किया जा सके। आपको बता दे की 3 सितंबर को अधीक्षण अभियंता अमित कुमार ने पत्रकार वार्ता लेते हुए उपभोक्ताओं के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही शासकीय योजनाओं की जानकारी पत्रकारों को दी और बताया कि आज विभाग द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं और आ रहे अधिक बिजली बिल और रीडिंग की समस्याओं के निपटारे के लिए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं , जो आधुनिक तकनीक से लैस है , इसमें किसी प्रकार से , कोई स्मार्ट मीटर को छेड़छाड़ नहीं कर सकता, इनमें जीपीएस सिस्टम के साथ-साथ आधुनिक स्मार्ट चिप लगाई गयी हैं, जिससे उपभोक्ता



को मीटर रीडिंग की आ रही समस्या से छुटकारा मिलेगा, वार्ता में अमित कुमार ने बताया कि आज हम अधिक आने वाले बिजली बिल से छुटकारा पाने के लिए सौर ऊर्जा का इस्तेमाल कर सकते हैं, इसकी शुरुआत जल्द ही शासकीय कार्यालय में सौर पैनल लगाकर शुरू की जाएगी एवं ऐसे वनांचल क्षेत्र जहां पर बिजली नहीं पहुंची है, वहां पर भी सौर ऊर्जा का उपयोग करते हुए उपभोक्ताओं तक बिजली दिए जाने के लिए सर्वे का कार्य कर लिया गया है और इन दिनों विभाग द्वारा अलग-अलग शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए विभाग लगातार सर्वे कर रहा है , स्मार्ट मीटर लगाए जाने को भी लेकर विभाग अपने स्तर पर कार्य कर रहा है, जिसमें हजारों स्मार्ट मीटर विभाग द्वारा लगाए जा चुके हैं तो कई हजारों स्मार्ट मीटर अभी भी जिले में लगाया जाना है । जिसके लिए विभाग कार्य कर रहा है , विभाग ने अधिक बिजली बिल आने वाले उपभोक्ताओं के घरों में सौर ऊर्जा पैनल लगवाने की अपील की हैं। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना वर्तमान में प्रचलित है जिसके तहत घरों कि छत पर सौर पैनल लगाने के लिए सब्सिडी दी जा रही है इस योजना का मकसद घरों में बिजली के खर्च को कम करना और सौर ऊर्जा के इस्तेमाल को बढ़ाता है । जिससे बिजली के बिलों में 30 से लेकर 70 प्रतिशत तक की कमी आएगी और पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं रखा जा सकेगा। योजना के प्रचार प्रसार के लिए मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा लगातार बालाघाट, वारासिवनी, कटंगी, बैहर एवं ग्रामीण एरिया की पंचायत में शिविर लगाकर लोगों को योजना के बारे प्रचार प्रसार एवं उसके लाभ की संक्षिप्त जानकारी दी जा रही है, साथ ही उपभोक्ताओं से प्राप्त आवेदन पर तुरंत कार्रवाई कर लोगों को सब्सिडी का लाभ दिया जा रहा है। अभी तक 370 उपभोक्ता सब्सिडी का लाभ ले चुके है एवम 765 आवेदन प्राप्त हो चुके है, साथ ही पिछले तीन माह से प्रत्येक वितरण केंद्र की पंचायत में अधीक्षण अभियंता बालाघाट के आदेश पर सहायक अभियंता एवम कनिष्ठ अभियंता द्वारा गांव गांव जाकर सोलर कैंप लगाए जा रहे हैं। पिछले माह बालाघाट जिले में 22 पंचायतो में पी एम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के संबंध में शिविर लगाए गए हैं एवं सितम्बर माह में फिर से 4 सितम्बर से शिविरों का आयोजन पंचायत एवं नगरपालिका वार किया जा रहा है।

## पांच ब्लाकों के लगभग 80 शिक्षकों को डाइट संस्थान में दिया गया प्रशिक्षण

**अब कक्षा छटवीं से आठवीं तक के बच्चों को भी प्रायोगिक रूप से उपकरणों के माध्यम से दी जाएगी शिक्षा**





बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। स्थानीय डाइट प्रशिक्षण केंद्र में शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षकों ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत अब छठवीं से लेकर आठवीं तक के बच्चों को भी गणित और विज्ञान विषय में प्रायोगिक रूप से पढ़ाया जाएगा। जिसमें गणित और विज्ञान विषय में जिस प्रकार सिद्धांत के अनुसार गुरुत्वाकर्षण बल आदि विषयों को लेकर प्रायोगिक रूप से पढ़ाया जाता है ,उसी प्रकार अब इन कक्षाओं में भी बच्चों को प्रायोगिक रूप से पढ़ाने के लिए उपकरणों की किट देकर प्रायोगिक रूप से पढ़ाया जाएगा। इसके लिए पाच ब्लॉक के लगभग 80 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया है। आपको बता दे की 3 सितंबर को स्थानीय डाइट प्रशिक्षण संस्थान में पांच ब्लॉक के लगभग 80 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया, यहां एन.पी.मलगाम प्राचार्य डाइट द्वारा बताया गया की नई शिक्षा नीति अनुसार अब कक्षा छठवीं से लेकर कक्षा आठवीं तक के बच्चों को भी गणित तथा विज्ञान विषय में सिद्धांतों के आधार पर शिक्षा दी जाएगी । इसके लिए विभाग ने पहले कुछ शिक्षकों को सिद्धांतों के आधार पर उपकरणों के माध्यम से बच्चों को शिक्षा देने के लिए प्रशिक्षण दिया है । अब जिला स्तर पर भी स्कूलों के शिक्षकों को अलग-अलग दिन प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं । इसी क्रम में डाइट संस्थान में अलग-अलग ब्लॉकों के शिक्षकों को बुलाकर इसका प्रशिक्षण दिया गया । यह प्रदेश में पहली बार कक्षा 6 से 8 तक माध्यमिक शाला के शिक्षकों को प्रशिक्षीत किया जा रहा है, वे शिक्षक विघालयों में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के माध्यमिक स्तर के छात्रों को विज्ञान एवं गणित विषय में केवल पुस्तकों से हटकर प्रायोगिक उपकरणों की जानकारी देकर, प्रायोगिक शिक्षा से अवगत करायेंगें । नवीन शिक्षा नीति 2020 में शिक्षा का स्तर बढाये जाने विभिन्न प्रशिक्षण आयोजित हो रहे है, जिसमें राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल द्वारा माध्यमिक विद्यालयों में छात्रों को प्रायोगिक क्षेत्र में रुची बढाये जाने यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। उक्त प्रशिक्षण में सहयोग श्रीमती सरला भारद्वाज, विज्ञान प्रभारी, श्रीमती स्मिता तितिरमारे, श्रृद्धानंद भालाधरे, एवं सहायक प्रशिक्षण प्रभारी सजल मस्की, मास्टर टेनर्स रविन्द्र बिसेन, जीवनलाल मंसुरे, हीरालाल भगत, गुलाब चौधरी द्वारा प्रशिक्षण आयोजन में सहयोग किया।

## आंगनवाड़ी सहायिका को सेवा समाप्ति के लिए नोटिस जारी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिले के एसडीएम गोपाल सोनी ने ग्राम खुरसोड़ी के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-01 की सहायिका मती अन्नपूर्णा दूधमोंगरे को कारण बताओ नोटिस जारी किया है कि आंगनवाड़ी केंद्र के संचालन में उनके द्वारा किसी तरह की सहायता नही किये जाना एवं हितग्राही महिलाओ व बच्चों के अभिभावको से अनावश्यक विवाद करने के कारण क्यो न उनकी सेवाए समाप्त कर दी जाए। सहायिका अन्नपूर्णा दूधमोंगरे को 03 दिनों के भीतर महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी बालाघाट ग्रामीण के समक्ष उपस्थित होकर अपना स्पष्टिकरण प्रस्तुत करने कहा गया है। समय सीमा में संतोषजनक जवाब नही मिलने पर एक पय कार्यवाही कर सहायिका की सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जाएगी। जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार रहेंगी। कोसमी सेक्टर की पर्यवेक्षक द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-01 खुरसोड़ी का निरीक्षण करने पर पाया गया था कि आंगनवाड़ी सहायिका मती अन्नपूर्णा दूधमोंगरे द्वारा अपने कर्तव्य के निर्वहन में लापरवाही बरती जा रही है। उसके द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र की साफ सफाई, बच्चों को केंद्र में लाना व छोड़ना, बच्चों को पोषण आहार प्रदान करना, बर्तन साफ करना तथा बच्चों का वजन व ऊंचाई मापने में कार्यकर्ता का सहयोग नही किया जा रहा है। जिससे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मती मोमिंद्रा चौरे को आंगनवाड़ी के मूलभूत कार्य कराने में हितग्राही महिला व बच्चों के अभिभावकों का सहयोग लेना पड़ता है। आंगनवाड़ी सहायिका को पूर्व में भी इस लापरवाही के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किये गए है, लेकिन उसके द्वारा किसी भी नोटिस का जवाब नही दिया गया है। आंगनवाड़ी सहायिका अन्नपूर्णा दूधमोंगरे को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है कि क्यों न उसकी सेवाए समाप्त कर दी जाए।

## तीन सूत्री मांगों को लेकर भीम आर्मी ने सौपा ज्ञापन

**मांग पूरी करने के लिए 48 घंटे का दिया अल्टीमेटम, मनीषा और आस्था के हत्यारो को फांसी की सजा देने की करी मांग , मांग पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी**

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। उत्तर प्रदेश, ग्वालियर और टीकमगढ़ की तीन अलग-अलग घटनाओं का उल्लेख करते हुए भीम आर्मी एकता मिशन ने कलेक्टर कार्यालय में एक ज्ञापन सौपा है। मुख्यमंत्री के नाम बुधवार को सौंपे गए इस ज्ञापन में उन्होंने, टीकमगढ़ के कुण्डेश्वर स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा आस्था अहिरवार की संदिग्ध मौत की सीबीआई जांच कराने, ग्वालियर हाई कोर्ट परिसर में संविधान के रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा यथाशीघ्र स्थापित किए जाने, और हरियाणा में बहन मनीषा की हत्या करने वाले दोषियों को फांसी की सजा दिए जाने की मांग की है। जहां उन्होंने अपनी इस 3 सूत्रीय मांगों को पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है।जिन्होंने समय सीमा में मांग पूरी न होने या मांगों के संदर्भ में कोई कार्यवाही न होने पर, बालाघाट सहित संपूर्ण प्रदेश में भीम आर्मी एकता मिशन के बैनर तले उग्र आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी है।इस दौरान भीम आर्मी जिला प्रभारी जीतू सीएन बौद्ध, जिला अध्यक्ष रितेश बोरकर, जय प्रकाश सूर्यवंशी, सौरभ सहारे, देवीलाल पांचे, विजय कॉंगड़े, शुभम सूर्यवंशी, सुजल मेश्राम, नंदिनी गजभिये, और भारत मात्रे सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे।



### तो पूरे प्रदेश में किया जाएगा उग्र आंदोलन- रितेश बोरकर

जिला अध्यक्ष रितेश बोरकर और जिला प्रभारी जीतू सीएन बौद्ध ने सँयुक्त रूप से बताया कि पिछले दिनों 14 अगस्त को जिला टीकमगढ़ स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कुण्डेश्वर में अध्ययनरत कक्षा 11वीं की छात्रा कु. आस्था अहिरवार का शव विद्यालय परिसर में हॉस्टल की सीढ़ियों की रेलिंग से संदिग्ध अवस्था में लटका हुआ मिला है। इस घटना का समय लगभग अपरान्ह 3-4 बजे के बीच बताया गया है। जवाहर नवोदय विद्यालय आवासीय विद्यालय है जहां छात्र / छात्राऐं 24 घण्टे विद्यालय प्रशासन,हॉस्टल प्रबंधन की निगरानी में रहते हैं, ऐसी परिस्थिति में विद्यालय परिसर के भीतर एक छात्रा की इस प्रकार की मृत्यु केवल परिवार को ही नहीं बल्कि पूरे समाज को झकझोरने वाली घटना है।हमारी मांग है कि बेटी आस्था अहिरवार के परिजनो को शासकीय नौकरी एवं 20-20 लाख रूपये की मुआवजा राशि प्रदान करने, बहन आस्था अहिरवार को न्याय देने, सहित इस पूरे मामले की निष्पक्ष सीबीआई जांच कराई जाए।उन्होंने बताया की भीम आर्मी सहित सामाजिक संगठन लगातार मांग कर रहे हैं कि ग्वालियर हाईकोर्ट परिसर में बाबा सहाब की प्रतिमा स्थापित की जाए, लेकिन अलग विचारधारा के लोग उसका विरोध कर रहे हैं। हमारी मांग है कि वहां जल्द से जल्द संविधान रचयिता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा को स्थापित किया जाए। हमारी तीसरी मांग है कि हरियाणा में बहन मनीषा की हत्या करने वाले दोषियों को फांसी की सज़ा दी जाए।इस मामले की सीबीआई जांच कराई जाने की मांग की गई है।अपनी इन मांगों को लेकर हमने सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेट दिया है यदि समय सीमा के भीतर मांग पूरी नहीं होती, या कोई कार्यवाही नही की जाती तो भीम आर्मी द्वारा पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन किया जाएगा।जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होंगी।

# बांदरी में तालाब की पार फुटने से जलमग्न हुए शास. स्कूल, निर्माणाधीन उपस्वास्थ्य केन्द्र

## खेतों में लगी फसल हुई खराब, ग्रामीणजनों ने शासन-प्रशासन से मुआवजा दिलवाये जाने की मांग की






लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। लालबर्रा नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार की रात में तेज बारिश होने से नदी, तालाब एवं नालों में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई है। इसी तेज बारिश के चलते नगर मुख्यालय से 13 किमी. दूर ग्राम पंचायत बांदरी स्थित बड़ा तालाब में पहाड़ी क्षेत्र का पानी जमा होने से मंगलवार एवं बुधवार की दरमियानी रात्रि में तालाब की पार फुट जाने से खेत सहित पंचायत भवन, निर्माणाधीन उपस्वास्थ्य केन्द्र एवं शास. माध्य. स्कूल के आसपास का क्षेत्र पुरा जलमग्न हो चुका है। साथ ही माध्य. स्कूल में पानी घुस जाने एवं कमरे के अंदर करीब 2 से 3 फीट पानी जमा हो जाने से स्कूल प्रबंधन को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ा एवं कुछ ग्रामीणजनों के मकानों के अंदर भी पानी घुस गया है। वहीं स्कूल के अंदर पानी घुस जाने पर बाउण्ड्रीवाल को एक साइड से तोड़कर पानी निकासी की व्यवस्था बनाई गई नही तो अत्यधिक मात्रा में स्कूल में पानी जमा हो जाने से भवन क्षतिग्रस्त होने के साथ ही शासकीय रिकार्ड एवं राशन खराब होने की संभावना बनी हुई थी। लेकिन स्कूल प्रबंधन, ग्राम सरपंच एवं प्रशासन व ग्रामीणजनों की तत्परता के चलते समय रहते स्कूल भवन के अंदर रखे मध्यान्ह भोजन के राशन एवं शासकीय रिकार्ड को अलग कर दिया गया। साथ ही तालाब की पार फुटने के बाद से पंचायत भवन के समीप, स्कूल के पास से तेज गति से पानी बह रहा है। अगर बुधवार को दिनभर तेज बारिश होते रहती तो बांदरी ग्राम में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो सकती थी किन्तु बुधवार को बारिश नही होने से धीरे-धीरे जल का स्तर कम होने के साथ ही स्थिति सामान्य होने लगी है। वहीं खेतों से अत्यधिक पानी बहने से फसल भी प्रभावित हुई है। साथ ही माध्य. स्कूल भवन में पानी घुस जाने के कारण बच्चों की बैठने की व्यवस्था पंचायत भवन व आंगनवाड़ी केन्द्र में किया गया है। ग्रामीणजन एवं किसानों ने तालाब की पार का मरम्मत कार्य एवं मुआवजा दिलवाये जाने की मांग शासन-प्रशासन से की है।

### राजस्व एवं पुलिस प्रशासन ने किया निरीक्षण

बांदरी पंचायत भवन से कुछ दुर स्थित ग्राम के किसी किसान के खेत में बड़ा तालाब बना हुआ है और मंगलवार की रात में तेज बारिश होने पर कंजई सहित पहाड़ी क्षेत्र का पानी नाला के माध्यम से तालाब में आने पर तालाब लबालब भर गया एवं एक स्थान से पार रात करीब 3 से 4 बजे के बीच क्षतिग्रस्त (फुट) गई और पंचायत भवन के समीप से पानी तेज गति से गांव में घुस गया। जिसकी जानकारी ग्राम सरपंच सहित पुलिस प्रशासन को दी गई। वहीं तालाब की पार फुटने के बाद धीरे-धीरे पानी पंचायत भवन के समीप से तेज गति से बहते हुए शास. माध्य. स्कूल के अंदर घुस गया और पानी निकासी की व्यवस्था नही होने पर पुरा परिसर जलमग्न हो चुका था एवं कमरों के अंदर 2 से 3 फीट पानी जमा हो गया और कुछ मकानों के अंदर भी पानी चले गया था। जिसके बाद स्कूल प्रशासन को जानकारी दी गई और स्कूल की प्रधानापाठिका के पहुंचने के बाद भवन में रखे आवश्यक दस्तावेज व मध्यान्ह भोजन के राशन को सुरक्षित निकालकर दुसरे स्थान पर रखवा दिया गया एवं बाउण्ड्रीवाल की दीवार को तोड़कर पानी निकासी की व्यवस्था बनाई गई। वहीं ग्राम बांदरी स्थित तालाब की पार फुटने से स्कूल में पानी घुस जाने की जानकारी लगने के बाद नायब तहसीलदार मयंक मिश्रा, थाना प्रभारी सुनील चतुर्वेदी, बीआरसी श्रीराम तुरकर मौके स्थल पहुंचकर निरीक्षण किया और ग्राम सरपंच सहित ग्रामीणजनों से तालाब की पार फुटने का कारण जाना। साथ ही तालाब की पार का मरम्मत कार्य जल्द किये जाने एवं मुआवजा दिलवाये जाने ग्रामीणजनों को आश्वास्त किया है। लेकिन तालाब की पार फुटने से बड़ी जनहानि नही हुई है।

### शास. दस्तावेज सुरक्षित है - गुलाबचंद

शिक्षक गुलाबचंद तुरकर ने बताया कि तालाब की पार फुटने से पानी स्कूल में घुस गया है जिसकी जानकारी लगने पर तत्काल स्कूल पहुंचकर सरपंच महोदय की सहायता से स्कूली की बाउण्ड्रीवाल को तोड़कर पानी निकासी की व्यवस्था बनाई गई। अगर बाउण्ड्रीवाल को नही तोड़ते तो भवन व कमरों में अत्यधिक पानी जमा हो जाता। श्री तुरकर ने बताया कि कमरों में दो फीट पानी जमा हो गया था जो धीरे-धीरे कम हो रहा है एवं शासकीय दस्तावेज सुरक्षित है।



### सर्वे करवाकर किसानों को दिया जाये उचित मुआवजा - व्यंकटराव

सरपंच व्यंकटराव राहंगडाले ने बताया कि मंगलवार की रात्रि में तेज बारिश होने से ग्राम का बड़ा तालाब की पार फुटने से पानी तेज गति से गांव के अंदर घुसने के साथ ही स्कूल, अस्पताल, पंचायत भवन के आसपास पानी भराव की स्थिति निर्मित हो गई थी। जिसके बाद स्कूल प्रशासन, पुलिस एवं राजस्व विभाग को जानकारी दी गई और पानी निकासी की व्यवस्था बनाई गई। श्री राहंगडाले ने बताया कि 200 एकड़ खेती में धान की फसल लगी है, फसल से अत्यधिक पानी बहने से फसल खराब हुई है, प्रशासन से मांग है कि सर्वे करवाकर किसानों को उचित मुआवजा दिलवाये।



# ढोल ग्यारस पर भगवान लक्ष्मीनारायण की निकली शोभायात्रा



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय में स्थित बजरंग मंदिर व राम मंदिर से संयुक्त रूप से 3 सितंबर को शाम 6 बजे ढोल ग्यारस पर्व के मौके पर भगवान लक्ष्मीनारायण (ठाकुर जी) व भगवान श्रीराम-लक्ष्मण की शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बजरंग मंदिर से ढोल ग्यारस के पावन अवसर पर शाम 6 बजे बैंड-बाजे के साथ भगवान लक्ष्मीनारायण (ठाकुर जी) की शोभायात्रा निकाली गई जो सर्वप्रथम राममंदिर पहुंची। जहां से भगवान राम-लक्ष्मण की शोभायात्रा को सम्मिलित किया गया तत्पश्चात यह शोभायात्रा संयुक्त रूप से नगर के विभिन्न चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए सर्राटी नदी पहुंची। जहां जल विहार एवं विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। जिसके बाद यह शोभायात्रा वापस मंदिर पहुंची और भगवान को उनके स्थल पर विराजमान किया गया। जिसके बाद नदी से लाये गये जल से जलाभिषेक कर आरती की गई एवं प्रसादी वितरण किया गया। इस शोभायात्रा के दौरान भक्तजनों के द्वारा अपने-अपने घरों के सामने यात्रा को रोककर पूजन-अर्चन कर धर्मलाभ अर्जित किया। बजरंग मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ढोल ग्यारस पर्व के अवसर पर बजरंग मंदिर एवं राम मंदिर से संयुक्त रूप से भगवान लक्ष्मीनारायण की शोभायात्रा निकाली गई। जो नगर मुख्यालय का भ्रमण करते हुए जल विहार करते हुए सर्राटी नदी में पूजन-अर्चन कर जल लाकर मंदिर में जलाभिषेक किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में महिला-पुरूष श्रध्दालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिये एवं पूजन-अर्चन कर धर्मलाभ अर्जित किया है। इस अवसर पर श्रध्दालुजन उपस्थित रहे।

# दिगम्बर जैन मंदिर में धूमधाम से मनाया जा रहा है पर्वाधिराज पर्युषण पर्व





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में गत 28 अगस्त से 10 दिवसीय पर्वाधिराज पर्युषण पर्व भक्तिभाव एवं धूमधाम से मनाया जा रहा है और पर्व के दौरान रोजाना विविध धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे है। इस 10 दिवसीय पर्युषण पर्व के अवसर पर अर्हं योग प्रणेता मुनि श्री 108 प्रणम्यसागर जी महाराज की औरंगाबाद से शिष्य प्रशांत भैया का लालबर्रा दिगम्बर जैन मंदिर में आगमन हुआ है। जिनके द्वारा प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से 6 बजे तक अर्हं स्वधर्म का 10 दिवसीय शिविर आयोजित किया जा रहा है एवं प्रातः 7 बजे से भगवान महावीर का पूजन अभिषेक संपन्न करवाने के बाद विविध कार्यक्रम संपन्न हो रहे है। वहीं शाम 7 बजे आरती के बाद अर्हं योग प्रणेता मुनि श्री 108 प्रणम्यसागर जी महाराज की औरंगाबाद से आये शिष्य प्रशांत भैया के द्वारा धर्म व ज्ञान के महत्व के बारे में प्रवचन दिया जाता है जिसे श्रवण कर धर्मलाभ अर्जित कर रहे है एवं विभिन्न सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे है। साथ ही पर्वाधिराज पर्युषण पर्व के अवसर पर धार्मिक ज्ञान के बारे में जानकारी भी प्रदान की जाती है और आयोजित कार्यक्रम में जैन धर्मालंबी पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित कर रहे है। सकल दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी अध्यक्ष प्रशांत जैन ने बताया कि गत 28 अगस्त से 10 दिवसीय पर्वाधिराज पर्युषण पर्व मनाया जा रहा है और पर्व के दौरान प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से 6 बजे तक अर्हं स्वधर्म योग, प्रातः 7 बजे से भगवान महावीर का पूजन अभिषेक, शाम 7 बजे आरती के बाद विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। साथ ही यह भी बताया कि पर्युषण पर्व के अवसर पर अर्हं योग प्रणेता मुनि श्री 108 प्रणम्यसागर जी महाराज के शिष्य प्रशांत भैया औरंगाबाद से आये है। जिनके द्वारा अर्हं सर्वधर्म योग, पूजन अभिषेक संपन्न करवाने के बाद प्रवचन देकर धर्म एवं ज्ञान के महत्व के बारे में बताया जा रहा है और यह पर्यूषण पर्व 6 सितंबर तक मनाया जायेगा। इस अवसर पर सकल दिगम्बर दिगम्बर जैन समाज लालबर्रा के पदाधिकारी एवं स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

# रैली निकालकर किसानों ने तहसीलदार एवं वन परिक्षेत्राधिकारी को सौंपा ज्ञापन

## जंगली सुअर, लाल मुंह के बंदर फसल को पहुंचा रहे नुकसान, किसानों में प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त

### वन एवं राजस्व विभाग से स्थायी समाधान कर वन्यप्राणियों को पकड़कर घने जंगल में छोड़ने एवं मुआवजा दिये जाने की लगाई गुहार






लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से 5 किमी. दूर ग्राम पंचायत बघोली एवं साल्हे ला. के किसानों के खेतों में लगी धान, गन्ना, तुअर सहित अन्य फसलों को जंगली सुअर, लाल मुंह के बंदर नुकसान पहुंचा रहे है और उक्त समस्या को लेकर वन विभाग व राजस्व विभाग को जानकारी देने के बाद भी कोई कार्यवाही नही की जा रही है। जिससे परेशान किसानों ने 3 सितंबर को किसान गर्जना संगठन लालबर्रा के बैनर तले आक्रोश रैली निकालकर नारे-बाजी करते हुए नगर मुख्यालय के विभिन्न चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे। जहां नायब तहसीलदार मयंक मिश्रा एवं दक्षिण सामान्य वन मंडल लालबर्रा कार्यालय में रेंजर को ज्ञापन सौंपकर वन्यप्राणी जंगली सुअर, लाल मुंह के बंदर जो फसल को नुकसान पहुंचा रहे है उन्हे पकड़कर घने जंगल में छोड़ने एवं मुआवजा दिये जाने की मांग की है एवं मांगे पूरी नही होने पर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है। आपकों बता दें कि ग्राम बघोली एवं साल्हे ला. दोनों ही ग्राम जंगल से लगे हुए है जिसके कारण जंगली जानवर अक्सर गांव में घुस जाते हैं। यह समस्या विगत कई दिनों से बनी हुई है परंतु वर्तमान में इस समस्या से सबसे अधिक परेशानी किसानों को हो रही है क्योंकि आये दिन जंगली सुअर एवं बंदर किसानों के खेतों में घुसकर धान, गन्ना, तुअर सहित अन्य फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है। जिससे किसानों के द्वारा कड़ी मेहनत कर लगाई गई फसल खराब हो रही है और उन्हे आर्थिक परेशानियों से जुझना पड़ सकता है। साथ ही दोनों ग्राम के किसान फसल को लेकर काफी चिंतित है। वहीं किसानों के द्वारा जंगली सुअर व बंदर के आतंक के बारे में वन विभाग एवं राजस्व विभाग को पूर्व में जानकारी दे चुके है लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नही की गई है। जिससे दोनों ग्रामों के किसानों में प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है। बघोली, साल्हे ला. के किसानों ने बुधवार को तहसीलदार एवं रेंजर को ज्ञापन सौंपकर जंगली सुअर, बंदरों के आतंक से फसल को बचाने एवं मुआवजा दिलवाये जाने की मांग की है। इस अवसर पर किसान गर्जना संगठन लालबर्रा अध्यक्ष रामचंद्र सिहोरे, देवराम साहु सहित अन्य किसानगण उपस्थित रहे।

### जंगली सुअर एवं बंदरों के आतंक से किसान परेशान - राजेश

किसान राजेश टेंभरे ने बताया कि जंगली सुअर, बंदर सहित अन्य वन्यप्राणी खेतों में लगी फसल को नुकसान पहुंचा रहे है जिससे किसान बेहद परेशान है और इस समस्या से वन विभाग को अवगत करवा चुके है लेकिन कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। श्री टेंभरे ने बताया कि सोनेवानी को अभ्यारण बनाया जा रहा है और पर्यटक बड़ी संख्या में वन्यप्राणियों का दीदार करने जाते है जिनकी चहल-पहल के चलते वन्यप्राणियों गांव में पहुंचकर फसल को नुकसान पहुंचा रहे है, प्रशासन से मांग है कि जंगली सुअर एवं बंदरों के आतंक से किसानों की फसल को बचाने के लिए प्रशासन स्थाई समाधान करें।

### किसानों को सूचना देकर आये अधिकारी - देवराम

देवराम साहू ने बताया कि किसानों के खेतों में धान, गन्ना सहित अन्य फसले लगी हुई है लेकिन बंदर व जंगली सुअर उसे नुकसान पहुंचा रहे है। साथ ही बिना सूचना दिये संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी गांव में आते है और किसान उन्हे नही मिल पाते है, हमारी मांग है कि किसानों को सूचना देकर आये ताकि किसान अपनी समस्या से उन्हे अवगत करवा सके।

### समस्या का समाधान नही होने पर करेगें आंदोलन - पन्नालाल

पन्नालाल समरित ने बताया कि करीब एक माह पूर्व जंगली सुअर व लाल मुंह के बंदरों के आतंक की समस्या से अवगत करवा चुके है लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नही की गई है और जो नुकसान होता है उसका मुआवजा भी नही मिलता है। इसलिए प्रशासन से मांग है कि किसानों की समस्या का स्थाई समाधान करें नही तो दोनों ग्राम के किसान आंदोलन करेगें।

# खमरिया क्षेत्र में भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा गणेशोत्सव पर्व



खमरिया/लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खमरिया सहित ग्रामीण अंचलों में सार्वजनिक समितियों एवं घरों में श्रध्दालुओं के द्वारा प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा विराजित कर गणेशोत्सव पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। साथ ही समितियों के द्वारा लंबोदर महाराज की प्रतिमा स्थल एवं परिसर की विशेष साज-सज्जा एवं लाईटिंग की गई है जो आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। साथ ही पर्व के दौरान विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे है। वहीं सुबह-रात 8 बजे आरती की जाती है जिसमें श्रध्दालुजन पहुंचकर धर्मलाभ ले रहे है। साथ ही 5 सितंबर को समितियों में हवन-पूजन एवं भंडारा का आयोजन किया जायेगा।

# घोटी में भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा गणेशोत्सव पर्व



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 5 किमी. दूर ग्राम पंचायत घोटी के हनुमान चौक में सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति के तत्वाधान में गत दिवस भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा विराजित कर गणेशोत्सव पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। इस गणेशोत्सव पर्व के अवसर पर रोजाना विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है एवं भगवान श्रीगणेश के गीत सुनाई देने से पूरा ग्राम भक्तिमय हो गया है। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की समिति के पदाधिकारियों ने की है।

# 7 दिनों में कराये राशि जमा, अन्यथा होर्डिंग-पोस्टर में नाम व फोटो होगी प्रकाशित

## कुर्की की होगी कार्यवाही, पीएम आवास योजना में रकम लेकर समय सीमा में निर्माण नहीं करने वाले हितग्राहियों को सीएमओ ने दी चेतावनी

वारासिवनी पदमेश न्यूज। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत तय समय सीमा में आवास का निर्माण नहीं करने वाले हितग्राहियों से दी गई रकम वापस लेने का कार्य नगरपालिका परिषद के द्वारा प्रारंभ कर दिया गया हैं। पिछले दिनों ऐसे लगभग ८५ हितग्राहियों को एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल के द्वारा नोटिस जारी कर २८ अगस्त तक राशि जमा करने के निर्देश दिए गए थे। जिस के बाद कुछ हितग्राहियों द्वारा लगभग २८ लाख रुपये की राशि जमा करवा दी गई थी। जबकि नगरपालिका को लगभग ८५ हितग्राहियों से एक करोड़ १८ लाख रुपये की वसूली करनी हैं। एसडीएम श्री जायसवाल के द्वारा जारी नोटिस के बाद हितग्राहियों ने २८ अगस्त को उनके कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी-अपनी समस्या का जिक्र किया था। जिसमें कुछ हितग्राही ऐसे भी शामिल थे, जिनका मकान निर्माण कार्य पिछले वर्ष ही पूर्ण हो चुका हैं, लेकिन उनकी जियो टेकिंग नहीं होने के कारण उन्हें ५० हजार रुपये की राशि नहीं




मिल पाई हैं और वह परेशान हो रहे हैं। इन हितग्राहियों ने एसडीएम से पुनः सत्यापन करवा कर उनके मकान की निर्माण स्थिति देखने का अनुरोध करते हुए उन्हें बाकी रकम दिलवाने की मॉग की थी। जिस पर एसडीएम ने सीएमओ सूर्यप्रकाश उके को वस्तु स्थिति की जानकारी लेने के निर्देश दिए थे। इस बीच कुछ हितग्राहियों जिन्होंने मकान का निर्माण नहीं किया हैं, उन्होंने लगभग २८ लाख रुपये की राशि नगर पालिका में जमा करवा दी हैं, लेकिन शेष हितग्राहियों के द्वारा राशि जमा नहीं करवाई गई हैं। जिसके बाद नगर पालिका सीएमओ सूर्य प्रकाश उके ने ऐसे समस्त हितग्राहियों से अपील की है कि आवास निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण ना किये जाने के फलस्वरूप जारी नोटिस अनुसार प्रदाय किश्त की राशि ७ दिवस में निकाय कोष में जमा कराया जाना सुनिश्चित करे, यदि हितग्राहियों के द्वारा राशि जमा नहीं की गई, तो ऐसे हितग्राहियों के नाम फोटो सहित बैनर, होर्डिंग्स के माध्यम से सार्वजनिक रूप से प्रकाशित कराये जावेगे एवं कुर्की की कार्यवाही की जावेगी, जिसके लिए संबंधित हितग्राही स्वयं उत्तरदायी होगें।

# नीट व जेईई में चयनित विद्यार्थियों का नवोदय विद्यालय में हुआ सम्मान

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी में विगत शैक्षणिक वर्ष के १० विद्यार्थियों ने नीट व जेईई परीक्षाओं में सफ लता प्राप्त कर नामी मेडिकल कॉलेजों व आईआईटी में प्रवेश पाया है। चयनित विद्यार्थियों में मयंक धरने, प्रियांशु मशराम गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल, टकचक खंडेलकर



एमजीएम मेडिकल कॉलेज इंदौर, मुस्कान डोंगरे शहडोल मेडिकल कॉलेज, अभिषेक धोके गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल, ओम चौधरी,शशांक मेश्राम, कुलदीप तुरकर कानपुर व हृतिका मंसुरे राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल शामिल हैं। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में प्राचार्य रणवीर सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने इसे अनुशासन परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया है। नीट की तैयारी में पीजीटी बायो अशोक कुमार और जेईई में पीजीटी गणित गौरीशंकर पर्धी के विशेष योगदान की सराहना की गई। वरिष्ठ शिक्षक बी आर पटेल ने इसे पूरे स्टाफ की सामूहिक उपलब्धि बताया। सम्मान समारोह में विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए और विद्यालय में उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

# गणेशोत्सव के सार्वजनिक पंडाल में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

## विधायक पटेल ने नगर के सार्वजनिक पंडाल पहुँचकर भगवान श्री गणेश के किए दर्शन

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। गणेश उत्सव का





उत्साह लगातार चरम पर है शहर से लेकर गांव तक स्थापित गणेश प्रतिमाओं के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमरने लगी है। सार्वजनिक पंडालो और घरों में विराजमान गणपति बप्पा के जयकारों से गलियां गूंज रही है। जगह जगह भगवान श्री गणेश की मनोहारी प्रतिमा स्थापित की गई है, कई झांकियां इन दोनों भक्तों को आकर्षक कर रही है। ऐसे में शहर में भगवान गणेश की सार्वजनिक झांकियां को देखते लोग रात में सड़कों पर निकलने लगे है। आगामी दिनों में जैसे.जैसे दिन गुजरते जाएंगे वैसे.वैसे भक्तों का आना बढ़ता जाएगा। सार्वजनिक पंडालो में गणेश भक्तों के लिए प्रसाद वितरण और बच्चों के मनोरंजन के विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे है। बाजारों में भी रौनक बनी हुई है गणेश उत्सव का यह माहौल दस दिनों तक उत्साह और भक्ति का संचार करता रहेगा। रात में सड़कों पर की गई आकर्षक लाइटिंग भी लोगों को आकर्षित कर रही है। लोग रात के समय घूम कर प्रतिभाओं के दर्शन कर रहे है।

### धार्मिक भजनो के साथ बच्चों के लिए किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो मे सार्वजनिक और घरों में बैठे गणपति के सामने भक्तों के द्वारा भजनों,सुंदरकांड आदि के आयोजन किए जा रहे है। दोपहर से लेकर देर रात तक भक्तों और भजनों से सुर गूंज रहे है। वारासिवनी नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी गणेश उत्सव की धूम देखी जा रही है ,चौक.चौराहे में सार्वजनिक रूप से गणपति बप्पा की स्थापना की गई है ।क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में गणपति उत्सव को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। सुबह के समय आरती पूजन के बाद दोपहर शाम को स्थानीय मंडलियों भजन आदि की प्रस्तुतियां दे रहे है। गांव में भी प्रतिमाओं की स्थापना आकर्षण पंडाल में की गई है। कई स्थानों पर भगवान गणेश के मनमोहक रूप भक्तों को आकर्षित कर रहे है।

# कायदी के सरपंच, पंच सहित ग्रामीणों ने प्रदीप जायसवाल के नेतृत्व में भाजपा की ली सदस्यता





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम कायदी के सरपंच, पंच सहित अन्य ग्रामीणों ने नगर के भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में ग्रामीणों के साथ कायदी सरपंच श्रीमती रेखा नगरगड़े व सरपंच पति प्रतिनिधि जितेन्द्र नगरगड़े के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। ग्रामीणों ने रैली निकालकर भाजपा कार्यालय पहुंचकर जिला संगठन पदाधिकारी नरेन्द्र भैरम, पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ,निरंजन बिसेन, किशोर अमूले, शैलेन्द्र सेठी, कन्हैयालाल नगपुरे, चिरोंजी पारधी, पप्पू हरिनखेंडे, रीधनलाल चौहान, शैलेन्द्र तिवारी की मौजूदगी में ग्रामीणों को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई ।सरपंच प्रतिनिधि जितेन्द्र नगरगड़े ने कहा की मैं प्रारंभ से भाजपा का ही था आरएसएस का वर्ग तक किया हूं बीच में भटक गया था। अब अपने ग्राम का विकास करने आया हूं पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने बुलाया उनको धन्यवाद देता हूं। विधानसभा चुनाव में गांव की स्थिति देख बीजेपी का मैंने काम नहीं किया। वह मेरी सबसे बड़ी गलती थी जिस व्यक्ति का साथ दिया वह कायदी से चुनाव में लीड़ लेकर विधायक तो बन गया। लेकिन हमें और हमारे ग्रामीणों को सम्मान तक नहीं दिया ।विधायक के डेढ़ साल हो गए कभी कुछ सम्मान नहीं मिला क्योंकि वहां ऐसे व्यक्ति की चलती है जिससे मेरी विचारधारा नहीं मिलती। वह पैर काटने का काम करता है मेरी पत्नी सरपंच है कई विपरीत परिस्थितियां हमने देखी ३ वर्ष में तीन बार धारा ४० फिर भी हम वापस आए। न्याय पालिका यदि नहीं होती तो मेरी पत्नी सरपंच नहीं होती। पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा की आज पहली बार नयें सदस्यों को लेने का श्रीगणेश हो गया है। विधानसभा क्षेत्र की प्रायः सभी ग्राम पंचायतो से इसी तरह भाजपा से जूडने की लगातार खबरे आ रही है। समय समय पर इसी तरह के द्रश्य अवश्य देखने को मिलेंगे। कायदी सरपंच ने स्वंय पूर्व में उन्हे प्रताड़ित करनी की खबर बतायी थी। आज हमे खुशी है की भाजपा परिवार का विस्तार हो रहा है। अभी जीतू नगरगड़े ने जो सवाल कांग्रेस पर किये है वह पूर्णत सत्य है। हम अपने कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाते है की जैसे दो साल निकल गये वैसी बाकि के तीन साल भी निकल जायेंगे। क्षेत्र में विकास की फिर से वही गति आगे अवश्य नजर आयेंगी। भाजपा के जिला पदाधिकारी नरेन्द्र भैरम ने कहा की उन्होने पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल के संघर्ष को देखा है वे राजनिति के अजातशत्रू है। पिछले विधानसभा चुनाव में जनता के स्नेह से वे ईवीएम मशीन में जीते है और कार्यकर्ताओं का साथ बता रहा है कि आने वाला समय उनके पक्ष में ही है। श्री भैरम ने कहा की पहले तीस साल तक भाजपा ने सकरात्मक विपक्ष की भूमिका निभायी है और अभी कांग्रेस सत्ता से बाहर होने की घबराहट दिखाकर विपक्ष की परिपाटी व संस्कार को भूल गयी है। कांग्रेस पार्टी आज महिलाओं का सम्मान तक नही कर पा रही है देश की जनता सब देख रही है। कायदी सरपंच के साथ कायदी के ग्रामीणों जिसमें ओमप्रकाश मेश्राम पूर्व सरपंच, कमल उपराडे,प्रतापसिंह नगपुरे,मूलराज दमाहे, लक्ष्मीचंद वाजनघाटे,पवनलाल लिल्हारे, पुष्पलता बसेने,श्रीमती सरिता, शुभलता वाजनघाटे,त्रसी वाजनघाटे, रामकला मर्सकोले, संगीता मानकर,अरविंद नागेश्वर सहित अन्य लोगो ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, वेदप्रकाश पटेल, मिलिंद नगपुरे,सचिन बिसेन, शिवप्रसाद सोनवाने,मंडल के समस्त पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, बूथ अध्यक्ष, शक्तिकेन्द्र प्रभारी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, किसान मोर्चा के सदस्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का मंच संचालन सुनील पिपरेवार व आभार प्रदर्शन संदीप मिश्रा नगर मंडल अध्यक्ष के द्वारा किया गया।

# नगर में ढोल ग्यारस की निकली शोभायात्रा नगरवासियों ने की परिक्रमा

## ढोल ग्यारस पर जल विहार करने के लिये मंदिरो से निकले भगवान





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। ग्यारस के दिन नगर के मंदिरो से भगवान को ढोल में नगर भ्रमण कराकर जल विहार कराने की प्राचीनतम परंपरा का पालन किया गया। इस दौरान पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल, पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल, नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे सहित अन्य भी इस परपंरा में शामिल होकर धर्म लाभ लिया। ढोल ग्यारस के धार्मिक व ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने में श्री राम मंदिर समिति व अनेको मंदिर समितियों का विशेष योगदान रहा। ढोल ग्यारस की शोभायात्रा श्रीराम मंदिर, श्री कृष्ण मंदिर,लक्ष्मीनारायण मंदिर, पंचायती राम मंदिर, हनुमानलला मंदिर सराफा मार्केट,शीतला माता मंदिर से निकले ढोल में भगवान का पूजन कर पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल , पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल आदि भक्तो ने भी ढोल के नीचे से निकलकर क्षेत्र की सम्रद्धि की कामना की। इस अवसर पर पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा की हमारे नगर की कई साल पुरानी इस परंपरा में शामिल होने से सभी भक्तो के जीवन में सुख सम्रद्धि,मान प्रतिष्ठा, और सौभाग्य में व्रद्धि होती है। गाजे बाजे से निकली भगवान की पालकी यात्रा में भगवान के दर्शन कर भक्तजन उनकी पालकी के नीचे से परिक्रमा करते है यह व्रत कई यज्ञ के समान पूण्य फल देता है। नगर में गोलीबार चौक, गांधी चौक, दूर्गा मंदिर, जय स्तंभ चौक, नेहरू चौक, सराफा बाजार होते हुये रामपायली चौक के पास नहर में वैदिक मंत्रो के साथ भगवान को जल विहार कराया गया। चल समारोह के दौरान नगर भ्रमण में ढोल को उठाने के लिये भक्तो की भीड़ देखी गयी। वहीं ढोल के नीचे से निकलकर भगवान की पूजा करने से मनोकामना पूर्ण होने की पुरानी कहावत का भी आज अनेक भक्तो ने पालन किया। वहीं जगह जगह भगवान का पूजन कर स्वागत भी किया गया। शोभायात्रा में राजेन्द्र कोहाड,दिलीप शर्मा, सौरभ रूसिया, रितू अग्रवाल, तुलसी शर्मा, किरण शर्मा,मिनाश्री ठाकरे शीतल अरोरा, मधू जायसवाल ,विक्की ऐडे, अमित येरपूडे, रिकूं रूसिया, शरद आडे, जगदीश नेमा, सुनील पिपरेवार सहित नगर वासी मौजूद रहे।

## पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर 06 सितंबर तक यूजी और पीजी के लिए विशेष सीएलसी चरण

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये, स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर 06 सितंबर तक विशेष सीएलसी चरण होगा। स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए, यह प्रवेश का अंतिम चरण है। समस्त प्रवेश पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर प्रदान किए जायेंगे और यह सुविधा केवल रिक्त सीटों के लिए ही होगी। रिक्त सीटों की जानकारी विद्यार्थी के लॉगिन एवं महाविद्यालय के लॉगिन पर प्रदर्शित होंगी। पंजीकृत विद्यार्थी सम्बंधित महाविद्यालय में सीधे प्रवेश शुल्क जमा करके प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। विद्यार्थी जिस महाविद्यालय में प्रवेश चाहते हैं, वहां सीट रिक्त होने पर सीधे महाविद्यालय पहुँच कर प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। विद्यार्थी, प्रवेश के विषय में समस्त जानकारी अथवा अन्य किसी समस्या के लिए संबंधित महाविद्यालय के हैल्प सेंटर पर संपर्क कर सकते हैं। नवीन पंजीकृत विद्यार्थी, केवल एक महाविद्यालय में पंजीयन करा सकेंगे। विद्यार्थी सम्बंधित महाविद्यालय के हैल्प सेंटर पर वेरिफिकेशन के बाद, शुल्क जमा कर उसी दिन प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। मेजर, माइनर के अतिरिक्त अन्य विषय में प्रवेश प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की पात्रता, विश्वविद्यालय अपने स्तर पर निर्धारित कर सकेंगे। समस्त सम्बंधित प्राचार्यों को विश्वविद्यालय से समन्वय कर इनके पात्रता निर्धारण की कार्यवाही करनी होगी। यह प्रक्रिया 6 सितंबर तक ही होगी। इस प्रक्रिया के अंतर्गत 06 सितंबर को शाम 05 बजे तक प्रवेश शुल्क जमा कर प्रवेश प्राप्त किया जा सकता है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि 06 सितंबर को निर्धारित समय के बाद किसी भी दशा में प्रवेश मान्य नहीं होंगे।

# गीताराम जी किरनापुरे का निधन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। आंबाटोली, फुलचुर, गोंदिया निवासी गीताराम काशीराम जी किरनापुरे का 86 वर्ष की आयु में 3 सितंबर दिन बुधवार को निधन हो गया। स्व.गीताराम जी



किरनापुरे मूलतः गणेश चौक वार्ड क्रमांक 7 लांजी के निवासी है। आप अपने पीछे 3 पुत्र अनिल किरनापुरे, रवींद्र किरनापुरे, मनोज किरनापुरे एवं एक पुत्री श्रीमती दुर्गा रामटेककर का भरा-पूरा परिवार छोड़ स्वर्ग सिधार गए। इनकी अंतिम यात्रा आज गुरुवार 4 सितंबर को दोपहर 12 बजे इनके निवास स्थान फुलचुर, आंबाटोली से प्रारंभ होकर अंतिम संस्कार फुलचुर घाट पर किया जाएगा। इनके निधन पर समाज के पदाधिकारियों, परिजनों, नाते रिश्तेदारों इष्ट मित्रों ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं परिवार को गहन दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करें।

## नवंबर माह के अंतिम सप्ताह में जिले के नए एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में होगा राज्य स्तरीय पुरुष महिला हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मप्र शासन द्वारा सत्र 2025-26 में प्रधानमंत्री एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय को राज्य स्तरीय पुरुष एवं महिला हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन बालाघाट में कराए जाने का अवसर प्रदान किया गया है। राज्य स्तरीय पुरुष एवं महिला हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन पीजी कॉलेज के प्राचार्य की अध्यक्षता एवं क्रीडा अधिकारी अनिल कुमार झरबड़े की उपस्थिति में नवंबर माह के अंतिम सप्ताह में जिले के नए एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। पीएम एक्सीलेंस कॉलेज बालाघाट के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे ने बताया कि पिछले सत्र में महाविद्यालय द्वारा फुटबॉल महिला प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया था। इसमें मध्य प्रदेश के 13 विश्वविद्यालय की टीमों ने भाग लिया था। इस वर्ष भी इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक टीमों के शामिल होने की संभावना जताई गई है।

## दूसरे राज्यों में अध्ययनरत विद्यार्थी पिछड़ा वर्ग पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति के लिए

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिले से बाहर दूसरे राज्यों की संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 31 अक्टूबर तक ऑफलाईन आवेदन किया जा सकता है। सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग मती अंजना जैतवार ने बताया है कि पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनांतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये जिले के बाहर दूसरे राज्यों की संस्थाओं में अध्ययनरत नवीन, नवीनीकरण विद्यार्थियों के लिये आफलाईन आवेदन 01 सितम्बर से प्रारंभ कर दिया गया है। जिसकी अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई है। सहायक संचालक मती जैतवार द्वारा दूसरे राज्यों की शैक्षणिक संस्थाएँ अपने महाविद्यालय में अध्ययरत पात्र पिछड़ा वर्ग के नवीन/नवीनीकरण विद्यार्थियों से अपील की गई है कि वे छात्रवृत्ति आवेदन निर्धारित प्रारूप में अनिवार्य रूप से अंतिम तिथि के पूर्व भरवाना सुनिश्चित करे। समयावधि व्यतित होने के उपरांत प्राप्त आवेदनो पर किसी भी प्रकार का विचार कार्यालय द्वारा नहीं किया जाएगा।

## 13 सितंबर को आयोजित नेशनल लोक अदालत के संबंध में हुई बैठक

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। 13 सितम्बर शनिवार को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्राणेश कुमार प्राण की अध्यक्षता में समस्त तहसील न्यायालय के न्यायाधीशगण की ऑनलाईन माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक समस्त तहसील न्यायालय के न्यायाधीशगण ऑनलाईन जुड़े रहे। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्राणेश कुमार प्राण द्वारा 13 सितम्बर 2025 को आयोजित होने वाली नेशलन लोक अदालत की तैयारियो के संबंध में समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि इस नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों को राजीनामा के माध्यम से निराकरण किये जाने का प्रयास किया जाये।

# सुख दुःख का कर्ता ही आत्मा है

समाज में जब केवल राग ही राग बढ़ता है, तब समस्याएँ उग्र बनती हैं, विकृतियां पैदा होती हैं। राग के सामने विराग का चिराग नहीं जलेगा तो राग उच्छृंखल बन जायेगा, खतरनाक बन जायेगा। राग के सामने विराग का होना जरूरी है और उस विराग का होना ही परमात्मा का होना है। व्यक्ति के जीवन में कभी-कभी एक क्षण ऐसा आता है, जब परमात्मा के दर्शन का आलोक उसके जीवन को आलोक से भर देता है, व्यक्ति बहिरात्मा से परमात्मा की दिशा में प्रस्थान कर देता है।आत्मानुभूति में बाधक तत्त्व-कर्म चारित्र मोह से मूढ़ बना हुआ मनुष्य किसी पर राग करता है और किसी पर द्वेष करता है। राग-द्वेष से कर्म का आत्मा में आश्रवण होता है और उससे संसार में जन्म मरण की परम्परा चलती है। दर्शन मोह से मूढ़ बना हुआ मनुष्य मिथ्यात्व को प्राप्त होता है। मिथ्यात्वी घोर कर्मों का उपार्जन करता हुआ संसार में परिभ्रमण करता है। जैसे बालका अंडे से उत्पन्न होती है और अंडा बालका से उत्पन्न होता है। उसी प्रकार तृष्णा मोह से उत्पन्न होती है और मोह तृष्णा से उत्पन्न होता है। राग और द्वेष कर्म के बीज हैं। कर्म मोह से उत्पन्न होता है और वह जन्म-मरण का मूल है। जन्म-मरण को दुःख कहा गया है। जिसके मोह नहीं, उसने दुःख का नाश कर दिया। जिसके तृष्णा नहीं, उसने मोह का नाश कर दिया। जिसके लोभ नहीं, उसने तृष्णा का नाश कर दिया और जिसके पास कुछ नहीं, उसने मोह का नाश कर दिया। धर्म का आचरण करने वाला व्यक्ति अर्थ सम्पन्न नहीं है और धर्म का आचरण न करने वाला अर्थ सम्पन्न है, इसमें धर्म की विफलता नहीं है।

धर्म का फल है-आत्मोदय। वह आत्मा में स्थित है। धर्म से परम शांति, धृति, संतुलन और क्षमा-ये गुण बढ़ते हैं। यह सब धर्म के फल हैं। धन मिलना धर्म का फल नहीं है। प्राणी मात्र में अनन्त चेतना, अनाबाध आनन्द और अप्रतिहत शक्ति है। यह प्रत्येक आत्मा का स्वरूप है। व्यवस्था से प्राप्त होने वाले सुख-दुःख को कर्म पर आरोपित नहीं करना चाहिए और कर्म से प्राप्त होने वाले सुख-दुःख का भार व्यवस्था के सिर पर नहीं डालना चाहिए। राम जी को 14 वर्ष का ही वनवास क्यू हुवा कन या ज्यादा क्यू नही? तो इसका उत्तर ऐसे तर्क से देना होगा कि वह स्वयं निरूत्तर हो जाये। । भगवान राम जी को 14 वर्श का ही वनवास क्यू हुवा था? क्युकि कैकयी ने उतना ही मांगा था । यदी वह कम ज्यादा मांगती तो जितना मांगती उतना मिलता। क्युकि कैकयी ने अप्ने दिमाग से सोच विचार कर नही मांगा था उसने को कुबर्ि? मंथरा के कहने पर मांगा था । वह तो मन्थरा के उकसावे में थी उस्का अपना दिमाग चल कहां रहा था उसकी जिह्वा पर बैठ कर सरस्वती जे यही मुंह से निकलवाया रावण की इतनी आयु व प्रारब्ध भोग शेष थी यह बात देवता ही जानते थे अत- उतना समय वन में रहना आवश्यक था ती देवतावों की प्रेरणा से यह सब घटना क्रम हुवा और सारा घटनाक्रम देवतावों की प्रेरणा से होता हैं इसी लिये इसे पढ़ने वाले को दैवज्ञ कहते हैं। लाभ हानि, पाना खोना टूटना, जुटना ऐ सभी जीवन का हिस्सा है इसलिए ना खुश रहे ना दुःखी बस इंसानियत हो तो भगवान राम खुद ही आपको दिखेंगे क्योंकि उनकी नजर सब पर है और आंतोगत्वा परमात्मा भगवान श्री के पास ही जाना है जब रावण का आतंक बहुत बढ़ गया तो रावण से लड़ने के लिए सभी देवताओं में भगवान श्री राम ने ही पृथ्वी पर उसका अंत करने हेतु जन्म लिया इसलिए भगवान राम को सभी देवता पूजते हैं अतः राम नाम सत्य है मरना इतना आसान नहीं होता शरीर से आत्मा निकलने पर बहुत कष्ट होता है इसलिए मरने के बाद शरीर का वजन बढ़ जाता है और नदी में डालने पर मुर्दा ऊपर उठ जाता है क्योंकि उसे लगता है मैं अचेत जरूत हुआ लेकिन मरा नहीं हूँ आत्मा शरीर से निकल जाती है लेकिन जलने के बाद वह पंच तत्व में विलीन हो जाती है और आत्मा अपनी इक्छा को पाने के लिए ना जाने कई वर्षों तक भटकता है अतः राम नाम सत्य बोलने से यदि आत्मा जो शुद्ध होती है संकेत मिला तो भगवान राम के पास अपना दुःख दर्द व क्षमा मांगना व नए जीवन की कामना करती है और भगवान श्री राम उद्धार करते हैं। अतः भगवान राम ही सत्य हैं जो आज भी अपने भक्तो की रक्षा करते हैं।

# एसआईआर की प्रक्रिया जारी रहने का आदेश स्वागतयोग्य

बिहार में चुनाव आयोग की ओर से शुरू की गई मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया लगातार चर्चा में है। जहां एक तरफ इसे लेकर शुरू की गई कांग्रेस नेता राहुल गांधी और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव की वोटर अधिकार यात्रा सोमवार को पटना में विपक्षी नेताओं की रैली के साथ समाप्त हुई, वहीं सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर नए आदेश जारी करते हुए मतदाता सूची सुधार का कार्य आगे भी जारी रहने का निर्देश जारी किये हैं, यह निर्देश स्वागतयोग्य है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि यह पूरा प्रकरण आखिरकार कैसा मोड़ लेगा और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव पर किस तरह का असर डालेगा। सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को स्पष्ट कर दिया कि बिहार के मतदाता 1 सितंबर के बाद भी दावा या आपत्ति कर सकेंगे। यह निर्देश बहुत जरूरी है, क्योंकि अभी भी राजनीतिक दलों की शिकायतें दूर नहीं हुई हैं। ज्यादातर आम लोगों की शिकायतों का निवारण कर दिया गया है, पर कुछ राजनीतिक पार्टियों के लिए एसआईआर की खामी एक बड़ा मुद्दा है। महागठबंधन में शामिल दल इस मुद्दे में विवाद खड़े करने में ही अपने चुनावी हित देख रहे हैं। हालांकि, न्यायालय ने उचित ही बताया है कि मतदाता सूची के एसआईआर को लेकर असमंजस की स्थिति काफी हद तक 'विश्वास का मामला' है। इसका मतलब, जो राजनीतिक अविश्वास है, उसे दूर करने के लिए स्वयं दलों को सक्रिय होना पड़ेगा। न्यायालय की इस सलाह पर राजनीतिक दलों को गौर करना चाहिए और इस प्रक्रिया को सकारात्मक तरीके से आगे बढ़ाना चाहिए। क्योंकि चुनाव सुधार एक सामूहिक जिम्मेदारी है। अगर सभी राजनीतिक दल यह ठान लें, तो चुनाव में किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोका जा सकता है। वास्तव में, मतदाता पुनरीक्षण का काम राजनीतिक दलों को अपने स्तर पर लगातार जारी रखना चाहिए, इससे लोकतंत्र की मजबूती सुनिश्चित होगी एवं चुनाव की खामियों को सुधारा जा सकेगा।

वोटर अधिकार यात्रा के समापन के मौके पर आयोजित रैली में विपक्षी नेताओं ने जो कुछ कहा, उससे स्पष्ट है कि चुनाव आयोग की ओर से शुरू की गई इस प्रक्रिया के औचित्य को लेकर वे अभी आश्वस्त नहीं हैं। वैसे इस तरह की संवैधानिक प्रक्रियाओं को भी राजनीतिक रंग देना, विडम्बनापूर्ण है। इससे भी बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है विपक्षी नेताओं द्वारा कथित वोट चोरी का मुद्दा उठाते हुए चुनाव आयोग को आरोपों के दायरे में शामिल रखा जाना। ऐसा प्रतीत होता है कि विपक्षी नेता चुनाव आयोग और सरकार को घेरते हुए यह मुद्दा बार-बार उठाते रहेंगे। विपक्षी दल इस विषय में जिस तरह की नकारात्मकता दर्शा रहे हैं, वह भी प्रश्नों के घेरों में एवं अतिश्योक्तिपूर्ण है। क्योंकि यह अत्यंत सामयिक और संवेदनशील है। बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया, एक ओर मतदाता सूची को शुद्ध एवं पारदर्शी बनाने का प्रयास है, वहीं दूसरी ओर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव द्वारा इस प्रक्रिया को चुनौती देते हुए 'वोटर अधिकार यात्रा' निकालना और चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा करना, लोकतंत्र की सेहत और स्थायित्व को धुंधलाता है।

सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई का जहां तक सवाल है तो वहां भी विपक्षी दल और चुनाव आयोग एक-दूसरे पर तीखे आरोप लगाते नजर आए। जहां विपक्षी दलों के वकील इस प्रक्रिया की खामियों की ओर कोर्ट का ध्यान दिलाते रहे, वहीं चुनाव आयोग के वकील ने साफ शब्दों में कहा कि समस्या इस प्रक्रिया में नहीं, बल्कि उस मानसिक सोच में है, जो आग्रह, पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से ग्रस्त है। उनके मुताबिक दूसरे पक्ष की मानसिकता ही खोट निकालने की हो गई है। इसमें दो राय नहीं कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले को यथासंभव उपयुक्त ढंग से आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। लेकिन यह देखना बाकी है कि चुनाव आयोग इस प्रक्रिया में सभी पक्षों का विश्वास जीतने और सभी योग्य मतदाताओं की आशंकाएं दूर करने में किस हद तक कामयाब हो पाता है।

निश्चित ही पुनरीक्षण की प्रक्रिया में अभी तक के अनुभव मिले-जुले रहे हैं। चुनाव आयोग की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने बताया कि राजनीतिक दल सूची में मतदाताओं को शामिल करने के दावों के बजाय उन्हें हटाने की मांग करते हुए आपत्तियां दर्ज करा रहे हैं। अगर चुनाव आयोग ने ज्यादा नाम काटे होते, तो नाम जोड़ने के लिए ज्यादा दावे होते। कांग्रेस को शायद अभी भी शिकायत है कि उसके एजेंटों के दावे पर गौर नहीं किया गया है। दूसरी ओर, चुनाव आयोग ने कहा है कि दावे यथोचित प्रारूप में नहीं किए गए हैं। ऐसे में, चुनाव आयोग को कुछ उदारता बरतते हुए अपनी सूची का हकीकत से मिलान करना चाहिए। बिहार में ही बड़ी पार्टियों के तमाम बूथ लेबल एजेंट (बीएलए) सक्रिय हो जाएं, तो मतदाता सूची को दोषरहित बना सकते हैं। सर्वोच्च न्यायालय की भी यही मंशा है। मतदाता सूची को लेकर विवादों में पड़े रहना हर प्रकार से अफसोसजनक होगा, इससे हमारे लोकतंत्र की गरिमा घटेगी। गौर करने की बात है कि शीर्ष अदालत के निर्देश पर सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों और पैरा लीगल स्वयंसेवकों को पुनरीक्षण में लगाया जाएगा। वास्तव में, पुनरीक्षण जल्दी संपन्न होना चाहिए, ताकि बिहार चुनाव में देरी न होने पाए।

चुनाव आयोग भारतीय लोकतंत्र की रीढ़ है। इसका दायित्व केवल चुनाव कराना नहीं, बल्कि चुनाव की निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखना भी है। मतदाता सूची में गड़बड़ी, डुप्लीकेट नाम, मृत व्यक्तियों के नाम, या फर्जी पंजीकरण जैसी समस्याएं अक्सर चुनावी निष्पक्षता पर प्रश्न उठाती रही हैं। ऐसे में एसआईआर जैसी प्रक्रिया को चुनाव आयोग द्वारा लागू करना आवश्यक कदम माना जा सकता है। लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या इस प्रक्रिया को शुरू करने से पहले पर्याप्त राजनीतिक परामर्श, जनजागरूकता और पारदर्शिता सुनिश्चित की गई थी? यदि ऐसा नहीं हुआ, तो राजनीतिक दलों का असंतोष स्वाभाविक है। इसमें कोई शक नहीं कि पुनरीक्षण के मामले ने बिहार की राजनीति को गरमा दिया है। बिहार आज निर्णायक मोड़ पर है। विशेष रूप से जन सुराज पार्टी के जो तेवर हैं, उससे बिहारी राजनीति के पूरे कलेवर पर असर पड़ सकता है। बिहार का विकासोन्मुख होना जरूरी है। इस जरूरत को बिहार में नया और पुराना विपक्ष ही नहीं, बल्कि सत्ता पक्ष भी नए सिरे से समझ रहा है। लोगों के लिए तो यही सबसे अच्छी बात होगी कि सभी राजनीतिक दल अपने मुद्दों में विकास और रोजगार, शिक्षा और चिकित्सा को सबसे ज्यादा तरजीह दें।

अब बड़ा प्रश्न है कि यदि सुप्रीम कोर्ट आयोग के पक्ष में निर्णय देती है, तो विपक्ष को अपने आंदोलन का औचित्य सिद्ध करना कठिन होगा। वहीं यदि अदालत को प्रक्रिया में खामियां मिलती हैं, तो आयोग की कार्यप्रणाली पर गहरे प्रश्न उठेंगे। विपक्ष की ओर से इसे सीधे लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताना भी अतिशयोक्ति कहा जा सकता है, क्योंकि मतदाता सूची को शुद्ध करना लोकतांत्रिक प्रक्रिया का ही हिस्सा है। यदि ऐसे हर संवैधानिक कदम को राजनीतिक रंग देकर विवादित बना दिया जाए, तो लोकतंत्र में संस्थाओं की मजबूती के बजाय कमजोरी ही बढ़ेगी। एसआईआर जैसी पहल की केवल बिहार ही नहीं, समूचे देश में जरूरत है ताकि चुनाव प्रक्रिया भ्रष्टाचार और गड़बड़ियों से मुक्त हो सके। लेकिन इसकी सफलता तभी सुनिश्चित होगी जब यह निष्पक्ष, पारदर्शी और सर्वसम्मत तरीके से लागू हो। चुनाव आयोग को न केवल अपने कदमों की संवैधानिकता, बल्कि उसकी जनस्वीकार्यता भी सुनिश्चित करनी चाहिए। विपक्ष को भी इस प्रक्रिया को मात्र राजनीतिक हथियार बनाने के बजाय रचनात्मक संवाद के जरिए समाधान तलाशना चाहिए। लोकतंत्र केवल मतदाताओं की भागीदारी से नहीं, बल्कि संस्थाओं पर विश्वास से भी जीवित रहता है। इसलिए संस्थाओं की गरिमा और पारदर्शिता दोनों की रक्षा अनिवार्य है।

**-ललित गर्ग**

# जैव विविधता से जैव-प्रौद्योगिकी तक सामने आई है विकसित भारत की नई पहचान

भारत अब केवल अपनी जैव विविधता की धरोहर पर गर्व करने वाला देश नहीं रह गया है, उसने उस धरोहर को विज्ञान, नवाचार और आत्मनिर्भरता की शक्ति में बदलना शुरू कर दिया है। देश में जैव प्रौद्योगिकी अर्थव्यवस्था का नया इंजन बन रही है । पर्यावरणीय संतुलन, रोजगार सृजन और सामरिक स्वतंत्रता का भी प्रमुख आधार बनती जा रही है। हाल ही में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बायोई3 नीति के अंतर्गत उच्च-निष्पादन वाले जैव-विनिर्माण प्लेटफार्मों का शुभारंभ किया। एक नजरिए से देखें तो यह कदम स्पष्ट संकेत देता है कि भारत 21वीं सदी में केवल सूचना प्रौद्योगिकी या अंतरिक्ष विज्ञान तक सीमित नहीं रहेगा, यह जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी महाशक्ति बनने का इरादा रखता है। समीक्षात्मक रूप से देखें तो दुनिया के कई देशों के बीच भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी जैव विविधता है। यह विश्व के 17 मेगाडायवर्स देशों में शामिल है। यहां लगभग पैंतालीस हजार से अधिक पौधों की प्रजातियाँ और नब्बे हजार से अधिक पशु प्रजातियाँ पाई जाती हैं। हिमालय की जड़ी-बूटियों से लेकर अंडमान-निकोबार के समुद्री संसाधनों तक, यह जैव संपदा बायोटेक्नोलॉजी के लिए अमूल्य स्रोत है। यही कारण है कि कृषि, औषधि, खाद्य प्रसंस्करण और समुद्री अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में भारत तेजी से अग्रणी भूमिका निभा रहा है। परंपरागत आयुर्वेद और औषधीय पौधों का ज्ञान आधुनिक जैव प्रौद्योगिकी के साथ मिलकर वैश्विक स्वास्थ्य समाधान प्रस्तुत कर रहा है। इस क्षेत्र में भारत की प्रगति पिछले एक दशक में असाधारण रही है। 2014 में देश की जैव-अर्थव्यवस्था लगभग दस अरब डॉलर के आसपास थी। 2023 तक यह बढ़कर डेढ़ सौ अरब डॉलर तक पहुंच गई और मार्च 2025 तक इसका आकार लगभग एक सौ पैंसठ अरब डॉलर हो गया। यह अब भारत की जीडीपी में चार प्रतिशत से अधिक का योगदान करती है और पिछले चार वर्षों में औसतन अठारह प्रतिशत की दर से बढ़ी है। सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक इसे तीन सौ अरब डॉलर तक ले जाया जाए। यह लक्ष्य अब अवास्तविक नहीं लगता क्योंकि बायोटेक स्टार्टअप्स की संख्या ही गवाही दे रही है। जहां 2014 में इनकी संख्या मात्र पचास थी, वहीं 2024 तक यह बढ़कर दस हजार से अधिक और 2025 में ग्यारह हजार तक पहुँच गई। इन स्टार्टअप्स को देश भर में सौ से अधिक इनक्यूबेटर और बीआईआरएसी जैसी संस्थाओं का समर्थन प्राप्त है। इस सब के सार्थक परिणाम यह है कि भारत अब वैश्विक मानचित्र पर भी अपनी छाप छोड़ रहा है। विश्व की 121 प्रमुख जैव कंपनियों में से 21 भारत में स्थित हैं। यह उपलब्धि उस देश के लिए विशेष महत्वई रखती है जिसे कभी तकनीकी अनुसरणकर्ता माना जाता था। हैदराबाद का नाम दुनिया के सात सबसे बड़े लाइफ-साइंसेज क्लस्टर्स में शामिल हो चुका है जहां पचपन हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आया है और दो लाख से अधिक नए रोजगार बने हैं। कर्नाटक राज्य ने अकेले ही तीस अरब डॉलर का बायो-आर्थिक योगदान दिया है और निकट भविष्य में तीस हज़ार अतिरिक्त रोजगार सृजित करने का लक्ष्य रखा है। असम पहला राज्य है जिसने बायोई3 पहल को पूरी तरह से अपनाया है और पूर्वोत्तर को जैव प्रौद्योगिकी का नया केंद्र बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। यहां समझलीजिए कि बायोई3 नीति का प्रभाव केवल आर्थिक नहीं है, यह सामाजिक और पर्यावरणीय दृष्टि से भी उतना ही महत्वयपूर्ण है। स्मार्ट प्रोटीन, टिकाऊ कृषि, कार्बन कैप्चर, समुद्री जैव प्रौद्योगिकी और कोशिका एवं जीन थेरेपी जैसे क्षेत्र न केवल वैज्ञानिक अनुसंधान को प्रोत्साहित करेंगे बल्कि भारत को आयात पर निर्भरता से भी मुक्त करेंगे। पेट्रोलियम आयात को घटाने के लिए ईथेनॉल मिश्रण का प्रयास इसका उदाहरण है। 2014 में पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण मात्र डेढ़ प्रतिशत था जो 2024 में पंद्रह प्रतिशत तक पहुँच गया। इसके कारण लगभग सत्रह मिलियन टन कच्चे तेल के आयात से बचाव हुआ और करीब एक लाख करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत हुई। इस साल के अंत के बाद जो आंकड़े आएंगे, उम्मीरद है कि यह पंद्रह प्रतिशत से बढ़कर ही आएंगे। जैव प्रौद्योगिकी का महत्व कोविड-19 महामारी के दौरान और भी स्पष्ट हो गया जब भारत ने रिकॉर्ड समय में वैक्सीन विकसित कर पूरी दुनिया को आपूर्ति की। जिन देशों ने समय पर वैक्सीन प्राप्त की, उनमें भारत की भूमिका निर्णायक रही। इससे यह स्पष्ट हो गया कि जैव प्रौद्योगिकी आज विज्ञान से आगे भू-राजनीतिक शक्ति का भी स्रोत बन चुका है। फिर भी चुनौतियाँ कम नहीं हैं। अभी भी वेक्टर और प्लास्मिड जैसे आवश्यक बायोलॉजिकल इनपुट्स का उत्पादन देश में सीमित है। प्रोबायोटिक्स जैसे क्षेत्रों में नियामकीय बाधाएँ उद्यमियों को परेशान करती हैं। अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए निजी निवेश और विदेशी सहयोग को और बढ़ाना होगा। कॉन्ट्रैक्ट ड्रग मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में भारत के सामने बड़ा अवसर है परंतु चीन जैसे देशों से प्रतिस्पर्धा के लिए लागत और नीति में लचीलापन आवश्यक होगा। शिक्षा और उद्योग के बीच सहयोग को गहरा करना भी अत्यंत आवश्यक है। विश्वविद्यालयों और अनुसंधान केंद्रों में जो ज्ञान उत्पन्न होता है, उसे तभी सार्थक बनाया जा सकता है जब वह उद्योग और समाज तक पहुँचे। स्टार्टअप्स को केवल शुरुआती समर्थन ही नहीं, बल्कि दीर्घकालिक निवेश, वैश्विक साझेदारियाँ और मजबूत नैदानिक मान्यता भी चाहिए। सरकार का कार्य बीज बोना है परंतु उद्योग जगत को उसे फलने-फूलने योग्य बनाना होगा। वर्तमान में भारत की जैव विविधता, उसकी पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली और आधुनिक वैज्ञानिक क्षमता मिलकर एक ऐसा परिदृश्य रच रहे हैं जिसमें भारत आत्मनिर्भर होगा ही साथ ही वह वैश्विक नेता भी बनेगा।

अफ्रीका और एशिया के विकासशील देशों के लिए भारत टिकाऊ कृषि, सस्ती दवाएं और पर्यावरणीय समाधान उपलब्ध कराएगा। इससे भारत की छवि केवल विज्ञान और प्रौद्योगिकी तक सीमित नहीं रहेगी बल्कि वह अंतरराष्ट्रीय सहयोग का अग्रणी देश भी बनेगा। यदि हम अपनी विविधता को जिम्मेदारी से प्रौद्योगिकी और नवाचार में बदल सकें, तो जैव प्रौद्योगिकी वास्तव में आत्मनिर्भर और विकसित भारत की आधारशिला बन सकती है। जैसे 1990 के दशक में सूचना प्रौद्योगिकी ने भारत की वैश्विक छवि को बदला था, वैसे ही आज जैव प्रौद्योगिकी उसी परिवर्तन का नया साधन बनने जा रही है। आने वाले वर्षों में बीटी यानी बायोटेक्नोलॉजी वह शब्द होगा जो भारत की विकासगाथा को परिभाषित करेगा। यह केवल अर्थव्यवस्था को नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, कृषि, पर्यावरण और कूटनीति सभी को प्रभावित करेगा। इन सभी तथ्योंर के प्रकाश में आप कह सकते हैं कि स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर बढ़ते भारत के लिए यही वह क्षेत्र है जो विकसित भारत के सपने को साकार करने की शक्ति रखता है।

**-डॉ. निवेदिता शर्मा**

# ट्रंप का आर्थिक हथियार 50 पर्सेंट टैरिफ बनाम मोदी का प्लान 40

वैश्विक व्यापार जगत को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर हिला दिया है। उनके नए टैरिफ़ आदेशों ने भारत समेत कई उभरती अर्थव्यवस्थाओं के सामने चुनौती खड़ी कर दी है। ट्रम्प का सीधा संदेश यही है कि अमेरिकी बाज़ार को अब विदेशी उत्पादों से बचाया जाएगा और 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के तहत हर उस देश पर शुल्क लगाया जाएगा, जो अमेरिकी कंपनियों के लिए प्रतिस्पर्धा खड़ी करता है।यह विषय बेहद अहम और गहन है क्योंकि इसमें भारत-अमेरिका के बीच चल रहे टैरिफ युद्ध, मोदी सरकार की रणनीति, आत्मनिर्भर भारत का आत्मविश्वास और अमेरिका की वीज़ा नीति के प्रभाव सब कुछ शामिल है।इस कदम से भारत के आईटी सेक्टर, फ़ार्मा, मैन्युफैक्चरिंग और निर्यातक वर्ग पर दबाव बढ़ गया है। ऐसे समय में भारतीय प्रधानमंत्री ने जो रणनीति तैयार की है,उसे मीडिया और नीति- विश्लेषकों ने 卐प्लान 40卐 का नाम दिया है।यह योजना केवल अमेरिका की टैरिफ़ चुनौती का जवाब नहीं बल्कि भारत की वैश्विक स्थिति को मज़बूत करने का खाका भी है।वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था में इस समय ट्रंप का 50 पर्सेंट टैरिफऔर मोदी का प्लान 40 सबसे चर्चित विषय बन चुका है। 27 अगस्त 2025 से अमेरिका ने भारत पर 50 पर्सेंट का टैरिफ लागू कर दिया है, जिसका सीधा असर भारतीय टेक्सटाइल, फार्मा, ऑटोकंपोनेंट्स और आईटी सर्विसेज़ सेक्टर पर पड़ा है।अमेरिकीराष्ट्रपति ने यह कदम अचानक नहीं उठाया बल्कि पिछले कई महीनों से वे लगातार भारत को चेतावनी दे रहे थे कि अगर भारत अमेरिकी हितों की अनदेखी करेगा तो उसे आर्थिक हथियार का सामना करना पड़ेगा। ट्रंप प्रशासन का मानना है कि भारत को सबक सिखाना आवश्यक है क्योंकि भारत ने रूस के साथ तेल व्यापार जारी रखा और साथ ही यूरोप तथा एशिया में नए बाज़ार खोजकर अमेरिकी दबाव की अनदेखी की।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि इस टैरिफ का सबसे अधिक असर उन इंडस्ट्रीज़ पर पड़ा है जिनका बड़ा हिस्सा अमेरिकी बाजार पर निर्भर है। टेक्सटाइल और गारमेंट्स उद्योग,जो अपने निर्यात का लगभग 30 पर्सेंट अमेरिका भेजते हैं, अब मुश्किल में हैं। इसी तरह भारतीय फार्मा इंडस्ट्री, जो जेनेरिक दवाइयों का सबसे बड़ा सप्लायर है,उसे भी झटका लगा है।भारतीय आईटीकंपनियां और सॉफ्टवेयर इंजीनियर लंबे समय से अमेरिका में सेवाओं के क्षेत्र में नेतृत्व करते रहे हैं, लेकिन टैरिफ और वीज़ा नीतियों ने उनके भविष्य पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। ऑटो और इंजीनियरिंग गुड्स सेक्टर भी इससे बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।



साथियों बात अगर हम प्लान 40 को समझने की करें तो, भारत ने इन चुनौतियों से निपटने के लिए तुरंत रणनीति बनानी शुरू कर दी है। केंद्र सरकार ने प्रभावित सेक्टरों की पहचान की है और उनके लिए क्रेडिट सपोर्ट, टैक्स रिबेट और एक्सपोर्ट सब्सिडी जैसी राहत योजनाएँ तैयार की जा रही हैं। टेक्सटाइल उद्योग के लिए यूरोप, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका में नए ग्राहकों की तलाश की जा रही है। फार्मा इंडस्ट्री को रूस, मध्य एशिया और अफ्रीकी देशों में स्वास्थ्य मिशनों के जरिए नए बाजार उपलब्ध कराए जा रहे हैं। आईटी सेक्टर के लिए एशियाई देशों, गल्फ और यूरोप में डिजिटल सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है।वहीं ऑटो सेक्टर को मेक इन इंडिया और घरेलू ईवी पॉलिसी के जरिए घरेलू बिक्री और उत्पादन बढ़ाने का अवसर दिया जा रहा है।सरकार का स्पष्ट संदेश है कि भारत किसी एकदेश पर निर्भर नहीं रहेगा और निर्यात का दायरा कई गुना विस्तारित किया जाएगा। इस पूरी रणनीति को प्लान 40 कहा जा रहा हैसरकार का यह प्लान भारत को 40 देशों के साथ नए व्यापारिक गठबंधन औरसमझौते कराने पर आधारित है। इसके अंतर्गत यूरोपियन यूनियन के साथ एफटीए की रफ्तार तेज़ की जा रही है। खाड़ी देशों,विशेषकर यूएई और सऊदी अरब के साथ ऊर्जा और तकनीकी समझौते किए जा रहे हैं।अफ्रीकी महाद्वीप में हेल्थकेयर, फार्मा और टेक्सटाइल मार्केट पर कब्ज़ा जमाने की योजना है। लैटिन अमेरिका और कैरिबियन देशों में ऑटो पार्ट्स और इंजीनियरिंग गुड्स का निर्यात बढ़ाया जाएगा। साथ ही रूस और चीन के साथ ऊर्जा और रक्षा व्यापार को और मजबूत किया जाएगा। यानी अमेरिका अगर भारत के लिए दरवाजे बंद करता है तो भारत 40 और दरवाजे खोलकर अपने लिए नए रास्ते बनाएगा।

साथियों बात अगर हम वर्तमान परिस्थितियों को हमारे मिशन आत्मनिर्भर भारत के प्रभाव की करें तो,भारत का आत्मविश्वास इस बार पहले से कहीं अधिक है क्योंकि 2019 के बाद से भारत ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के जरिए अपनी इंडस्ट्रीज़ को मजबूत किया है। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं को लागू किया गया, एमएसएमई सेक्टर को प्रोत्साहन मिला और स्टार्टअप्स को बढ़ावा दिया गया। सरकार का मानना है कि टैरिफ हमें चुनौती ज़रूर देंगे लेकिन यही चुनौती हमें स्वदेशी उत्पादन और नए बाजार पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर भी प्रदान करेगी।पीएम ने हाल ही में अपने संबोधन में कहा कि भारत किसी के टैरिफ से नहीं डरता, हम आत्मनिर्भर हैं और दुनियाँ को भारत पर निर्भर रहना होगा।

साथियों बात अगर हम अमेरिका की एच1बी वीज़ा नीति को भी सख्त करने की योजना की करें तो अमेरिका ने केवल टैरिफ लगाकर ही भारत को चुनौती नहीं दी बल्कि उसने वैकल्पिक प्लान के तहत एच 1बी वीज़ा नीति को भी सख्त करने की योजना बनाई है। नई शर्तों के अनुसार अब केवल वही लोग एच1बी वीज़ा प्राप्त कर सकेंगे जो अमेरिका में कम से कम 50 लाख डॉलर का निवेश करेंगे। इसका सीधा असर भारतीय आईटी इंजीनियरों, छात्रों और पेशेवरों पर पड़ेगा। भारत से हर साल लाखों युवा अमेरिका जाते हैं लेकिन अब उनके लिए यह रास्ता लगभग बंद हो गया है। हालांकि इस संबंध में मेरा मानना है कि अमेरिका यूं ही एच1बी वीजा नहीं देता वह भारतीय उच्च टैलेंट को आकर्षित करने के लिए एच1बी वीजा शुरू किया है हम जानते हैं कि भारतीय टैलेंट की अमेरिका में बहुत खास जरूरत है। मेरा तर्क है कि वहां टैलेंट की कमी है और इसलिए उच्चस्तर के टैलेंट की सबसे अधिक जरूरत है,एक रिपोर्ट के अनुसार एच1बी वीजा वाले हाईस्किल्ड भारतीय होते हैं, अमेरिकन कर्मचारियों से कहीं ज्यादा सैलरी एच1बी वीजा वालों को मिलती है,वहां एच1बी वीजा वालों को एवरेज 108000 अमेरिकन डॉलर मिलते हैं,लेकिन अमेरिकी निवासियों को 45760 अमेरिकन डॉलर मिलते हैं,अगर हाईस्किल्ड टैलेंट की जरूरत अमेरिका को नहीं होती तो क्यों इतनी ज्यादा सैलरी देकर वे भारतीयों को बुलाते लेकिन अब निवेश की शर्त स्पष्ट रूप से यह दिखाती है कि यह भारत पर राजनीतिक दबाव बनाने की रणनीति है।

साथियों बात अगर हम इन कदमों से भारत- अमेरिका रिश्तों पर गहरा असर पढ़ने की करें तो,पहले से ही रूस-भारतसंबंधों को लेकर अमेरिका असहज था, और अब टैरिफ व वीज़ा पॉलिसी ने दोनों देशों के बीच तनाव को और बढ़ा दिया है।भारत ने अमेरिका पर निर्भरता घटाने का ऐलान किया है, वहीं अमेरिका ने भारतीय कंपनियों पर टैरिफ और वीज़ा का बोझ डाल दिया है। इसके जवाब में भारत ने 40 देशों के साथ नए व्यापारिक गठबंधन शुरू किए हैं। साफ है कि आने वाले समय में भारत- अमेरिका रिश्ते सहयोग और टकराव के मिश्रण से गुजरेंगे। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आज का भारत 1991 वाला भारत नहीं है। उस समय भारत आईएमफ पर निर्भर था लेकिन आज भारत दुनिया की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। ट्रंप का 50 पर्सेंट टैरिफ भारत को चुनौती देगा लेकिन भारत ने 卐प्लान 40卐 के जरिए यह संदेश दिया है कि भारत झुकेगा नहीं बल्कि विकल्प तलाशेगा। अमेरिका चाहे एच1बी वीज़ा सख्त करे या टैरिफ बढ़ाए, भारत आत्मनिर्भरता और वैश्विक साझेदारी के जरिए आगे बढ़ेगा। यह पूरा घटनाक्रम यह साबित करता है कि वैश्विक राजनीति अब केवल ताक़तवर देशों के इर्द-गिर्द नहीं घूमती बल्कि भारत जैसे उभरते देशों की रणनीति भी भविष्य तय करती है।

**-किशन सनमुखदास भावनानीं**

## इंदौर बाजार भाव

**इंदौर।** माँग की मजबूती से बुधवार को किराना जिंसों में हल्दी बाजार सुर्खी पर रहे। शक्कर में सुस्ती रही। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। तिलहनों में टिकाव रहा। दलहनों में चना नरमी पर रहा। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार हल्दी में माँग की मजबूती से बाजार मजबूती पर रहे। शक्कर में सुस्ती आयी। खाद्य तेलों में व्यापार की मात्रा सामान्य ही रही। तिलहनों में टिकाव देखा गया। दलहनों में चना नरमी पर देखा गया। मसूर में मजबूती रही। भाव इस प्रकार रहे-

किराना- शक्कर 4220-4250, खोपरा गोला 325-370, खोपरा बूरा 4400-6600 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 250-260, ऊंझा हल्का 270-275, मीडियम 280-290, बेस्ट 290-320, हल्दी निजामाबाद 170-210, सांगली 265-270, साबूदाना हल्का 4500-4600, मीडियम 4650-4850, बेस्ट 5100-5500, ग्लास 6100, वरलक्ष्मी 5350, मोरधन 7200-8200, सौंफ मोटी 110-250, एस्ट्रा बेस्ट 300-400, सौंफ बारिक 280-400, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 770-770, गरबल 711-715, मटरदाना 830-835, खसखस अनक्लीन 900-1200, क्लीन 1300-1500, दालचीनी 250-265, जायफल 725-750, बेस्ट 780-790, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1675-1750, बेस्ट 1850-1890, केसर 175-185, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 725-780, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 100-135, सिंदूर 6600, देशी कपूर 720-770, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2850-2950, विरूद्ध नगर 2950-3025, मीडियम 2975-3050, बोल्ड 3075-3150, एक्ट्रा बोल्ड 3250-3450, पानबार 2450, बड़ी इलायची 1550-1900, तरबूज मगज 665-690, काजू (240) 950-960, काजू (210) 950-1000, काजू (320) 830-860, काजू एस. डब्ल्यू 800-810, जे.एच. 840-860, टुकड़ी 780-850, बादाम मगज 860-880, अमेरिकन 750-780, सिंगापुरी 795-815, अखरोट 510-800, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1100-1625, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1400-1600, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 3600-3700, (160) 4000-4100, (200) 4500-4700, (250) 4800-4900

**तेल**- सींगदाना 1350-1370, मुम्बई 1380, राजकोट तेलिया 2150, सोया साल्वेंट 1180-1185, सोया रिफाइंड 1245-1250, कपास्या 1245, धूलिया 1250, कड़ी 1255,

रात की धारणा- गुजरात लुज 1340, मुम्बई पाम 1275, मुम्बई सोया 1290,

खली- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2300, देवास-उज्जैन 2300, खंडवा-बुरहानपुर 2275, अकोला 3175 (प्रति क्विंटल)

तिलहन- सरसो 7000-7100, रायडा 6600-6800, सोयाबीन 4550, टोली (महुआ बीज) 4400-4600, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

दलहन- चना कांटेवाला बेस्ट 5950-6000, एवरेज 5500-5600, विशाल 5450-5550, काबूली डॉलर 8500-9000, काबुली रर्शा?यन 5600-5800, बिटकी 5300-5400, मसूर बेस्ट 6100-6150, एवरेज 5900-5950, मूंग देशी 7600-7700, पाला 7700-7800, चमकी 7800-7900, नायलोन 7900-8000, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6600-6700, एवरेज 6500-6600, हल्की 6400-6500, तुअर महाराष्ट्र 6600-6700, महाराष्ट्र लाल 6600-6900, उड़द बेस्ट 7400-7500, एवरेज 7200-7300, शंकर 7000-7100, हल्की 6900-7000,

दाल- चना दाल एवरेज 7700-8300, बोल्ड 8600-8800, तुअर दाल सवा नं. 7300-7400, तुअर दाल फूल 9000-9100, तुअर दाल बोल्ड 9900-10100, मसूर दाल एवरेज 7750-7850, बेस्ट 7950-8100, मूंग दाल 9500-9600, बोल्ड 9800-10000, मूंग मोगर 9300-9400, बोल्ड 9700-9800, उड़द दाल 8500-8600, बोल्ड 8700-8900, मोगर 9800-10000, बोल्ड 10100-10200,

अनाज- गेहूं मिल क्वालिटी 2625-2650, लोकवन 2800-2850, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2650-2675, पूर्णा 2750-2800, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2275-2300,

चावल- चावल हंसा सफेद 3000-3200, सेला 3500-3800, परमल 3400-3500, दुबराज 4000-4500, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8900, बासमती दुबार 9000-10000, मीनी दुबार 8000-8500, मोगरा 4500-6000, तिबार 10500-11000, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4800-5300,

मावा- इन्दौर 320, उज्जैन 280, रतलाम 280 रू. प्रति किलो।

## इंदौर सर्राफा बाज़ार

**इन्दौर।** बुधवार को भी सराफा बाजार में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। किन्तु दोनों मूल्यवान धातुओं में बाजार तेजी के रहे। भाव इस प्रकार रहे-

चाँदी (9999) 127000, चाँदी (99) 126900, टंच 125800, सिक्का 1200, सोना 10 ग्राम 107000,

## रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया 9 पैसे की बढ़त के साथ ही 88.06 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह रुपया शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 15 पैसे की बढ़त के साथ 88.00 के स्तर पर पहुंच गया। मंगलवार को रुपया अपने अब तक के सर्वकालिक निचले स्तर 88.15 पर बंद हुआ था। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया आज 88.15 पर खुला और बाद में 88.00 तक मजबूत हुआ। हालांकि, विदेशी निवेशकों द्वारा पूंजी निकासी और वैश्विक बाजारों में डॉलर की मजबूती के कारण रुपये की बढ़त सीमित रही। डॉलर सूचकांक, जो डॉलर की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले स्थिति को दर्शाता है, 0.09 फीसदी की बढ़त के साथ 98.48 पर पहुंच गया।

## आज का राशिफल

**मेष**- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने मन में किसी के प्रति ईर्ष्या की भावना ना रखें और अपनी किसी भी शारीरिक समस्या को यदि आपने दबाया, तो बाद में वह आपके लिए कोई नई समस्या खड़ी कर सकती है। आपको अपने सगे संबंधियों से भी मिलने का मौका मिलेगा। जीवनसाथी से चल रही अनबन भी दूर होगी, जिससे दोनों एक दूसरे के लिए के साथ कहीं घूमने फिरने भी जा सकते हैं।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आप अपनी आय को बढ़ाने के सोर्सो पर पूरा ध्यान देंगे। किसी कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामले में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आपकी किसी से अनबन चल रही थी, तो वह भी बातचीत के जरिए दूर होगी। आप अपने भाई और बहनों से काम को लेकर कोई मदद ले सकते हैं।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होंगे। राजनीतिक की ओर कार्यरत लोगों को किसी काम को लेकर ज्यादा उत्साहित नहीं होना है। आप अपने रहन-सहन के स्तर में सुधार लाने की पूरी कोशिश करेंगे, जिस कारण आप अच्छे खान-पान में कुछ नई चीजों की भी खरीदारी कर सकते हैं। आप अपने कामों में कोई बदलाव न करें। लंबे समय से चली आ रही कड़वाहट को भी मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करें।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप किसी नए काम की शुरुआत करने की सोच सकते हैं, आपको कुछ अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी। साझेदारी में आप किसी नए काम की शुरुआत करने की सोच सकते हैं। आप अपने साथी के साथ रोमांटिक समय व्यतीत करेंगे। आपको किसी से काम को लेकर कुछ मदद लेनी पड़ सकती है, जो आपको आसानी से मिल जाएगी। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। दांपत्य जीवन में आपको तालमेल बनाकर चलें, तो आपको भाई व बहनों का पूरा सहयोग मिलेगा। विरोधी आपके कामों में रोड़ा अटकाने की कोशिश तो करेंगे, लेकिन वह आपका कुछ नहीं बिगाड़ सकेंगे। संतान की संगति पर आप विशेष ध्यान दें। आप कहीं घूमने-फिरने जाने की योजना बना सकते हैं। आपको नौकरी में यदि कोई समस्या आ रही थी, तो आप किसी दूसरे जगह अप्लाई करने की सोचेंगे।

**कन्या**- आज आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। जीवनसाथी के लिए भी आप कोई गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। माता-पिता की सेवा के लिए भी आप कुछ समय निकालेंगे। यदि आपको कार्यक्षेत्र में किसी काम को लेकर कोई समस्या है, तो उसके लिए आप अपने बॉस से बातचीत अवश्य करें, जिससे आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे। आप अपने बिजनेस को कहीं बाहर तक ले जाने की कोशिश में लगे रहेंगे।

**तुला**- आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए रहेगा। नौकरीपेशा लोग अपने कामों को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे। आपके सामने कुछ ऐसे खर्च आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। संतान की सेहत में गिरावट आ सकती है, जो आपको समस्या देगी। आपका किसी पारिवारिक मामले को लेकर मन परेशान अधिक रहेगा। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**वृश्चिक**- आज आपके मन में किसी काम को लेकर उथल-पुथल बनी रहेगी। आपको अपनी मेहनत पर भरोसा रखना होगा। सामाजिक गतिविधियों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको अपने कामों को थोड़ा ध्यान रखना होगा और आप अपने गुस्से को कंट्रोल करने की पूरी कोशिश करें। आपको कुछ अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी। बिजनेस में आपको किसी समस्या को लेकर अपने पार्टनर से बातचीत करनी होगी, तभी आप किसी काम में आगे बढ़ें।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आप अपने जरूरी कामों को कल पर टालने से बचें। पारिवारिक मामलों को आप मिल बैठकर निपटाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। जीवनसाथी के साथ आप नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा, जिसे आप अपने पिताजी से शेयर कर सकते हैं। आपका कोई काम पूरा न होने में समस्या आ रही थी, तो वह पूरी हो सकती है।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा। आप कोई निवेश करेंगे, तो उसमें आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आप अपने खानपान की आदतों में बदलाव लाएं। आपको किसी काम को लेकर लापरवाही करने से बचना होगा और आपके मन की इच्छा के पूर्ति होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। वैवाहिक जीवन में आपसी समानता बनी रहेगी।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए चुनौती से भरा रहने वाला है। आपको अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह न बोले। आध्यात्म के कार्यो में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने के योग बनते दिख रहे हैं।

**मीन**- आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपका मान-सम्मान बढ़ने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आर्थिक दृष्टिकोण से किए गए कामों में भी आपको सफलता मिलेगी। नौकरी के लिए भी कोई अच्छा ऑफर आ सकता है।

## शब्दजाल - 8010

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | न | गा | र | न | ब | ज | क | ब | ल | न |
| ब | ज | य | लि | दा | व | का | मौ | स | ल | य |
| ई | रा | ब | न | ज | वा | ज्यो | दा | बं | य | ना |
| का | ना | बं | र | ता | वी | ब | ति | ल | न | भि |
| म | इ | दि | म | स | रा | द | श | न | ब | रा |
| न | म | स्का | र | र | र | क | व | ना | श | म |
| न | बं | दि | श | वा | क | जी | र | ग | प | ब |
| व | र | न | ग | मा | व | सी | ब | न | प | न |
| नी | ब | ल | ज | न | वा | रि | न | ज | प | र |
| त | मी | ल | पू | या | स | वी | ब | प | जा | |
| का | न | व | नि | र्मा | ण | न | ग | प | वं | |

*शब्द जाल में 'न' से शुरु होनेवाले 10 शब्द ढूंढिए. दिए गए शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हो सकते हैं.*

नगमा, नजराना, नयनतारा, नवीन, नमस्कार, नयनाभिराम, नवज्योति, नवजीवन, नवनीत, नवनिर्माण,

### शब्दजाल - 8009 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**4 सितम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 06.41 बजे से |
| चंद्र | मकर में | तुला | 08.52 बजे से |
| मंगल | कन्या में | वृश्चिक | 11.07 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 13.23 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मकर | 15.28 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | कुंभ | 17.14 बजे से |
| शनि | मीन में | मीन | 18.47 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मेष | 20.18 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृष | 21.58 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | मिथुन | 23.56 बजे से |
| | | कर्क | 02.09 बजे से |
| | | सिंह | 04.25 बजे से |

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 247 वा दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** भाद्रपद **पक्ष** शुक्ल **तिथि** द्वादशी 04.09 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 23.44 बजे को समाप्त। **योग** सौभाग्य 15.22 बजे को समाप्त। **करण** बव 16.21 बजे तदनन्तर बालव 04.09 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 11.8 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 07° 10' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872457 **जूलियन दिन** 2460922.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 11 **विशेष** कल्की द्वादशी, भुवनेश्वरी जयंती, वामन जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः विश्वास की रक्षा

बात तब की है जब अमर शहीद राम प्रसाद बिस्मिल पकड़ लिए गए। उन्हें कोतवाली लाया गया। कोतवाली में निगरानी रखने वाला सिपाही सो रहा था। बिस्मिल के पास भागने का पूरा मौका था। उन्होंने देखा कि वहां केवल बुजुर्ग मुंशीजी जागे हुए हैं। बूढ़े मुंशी ने भांप लिया कि बिस्मिल भागने की सोच रहे हैं। वह तुरंत बिस्मिल के पैरों पर गिर गए और बोले, 'ऐसा न करना। नहीं तो मैं बंदी बना लिया जाऊंगा और मेरे बच्चे भूखों मर जाएंगे।' बिस्मिल को उन पर दया आ गई और उन्होंने भागने का विचार तत्काल त्याग दिया। संयोगवश दो दिनों के बाद ही ऐसा मौका उन्हें फिर मिला। उन्हें जब शौचालय ले जाया गया तो उनके साथ दो सिपाही थे। एक ने दूसरे से कहा कि इनके हाथों में बंधी रस्सियां हटा दो। मुझे विश्वास है कि ये भागेंगे नहीं। इसके बाद जब बिस्मिल शौचालय गए तो पाया कि शौचालय की दीवार ज्यादा ऊंची नहीं है। बस हाथ बढ़ाते ही वह दीवार के ऊपर हो जाते और क्षण भर में बाहर निकल जाते। उन्होंने देखा कि बाहर सिपाही कुश्ती देखने में मगन हैं। वह भागने ही वाले थे कि उन्हें विचार आया कि जिस सिपाही ने विश्वास कर इतनी स्वतंत्रता दी उससे विश्वासघात कैसे करूं। उन्होंने भागने का विचार तुरंत त्याग दिया। उन्होंने अपनी आत्मकथा में जेलर पंडित चंपालाल की भी काफी बड़ाई की है। उन्हें भागने के कई मौके हासिल हुए लेकिन उन्होंने सोचा कि इससे पंडित चंपालाल के ऊपर आफत आ जाएगी। बिस्मिल के लिए विश्वास की रक्षा सबसे बड़ी चीज थी।

## फिल्म वर्ग पहेली- 6954



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, सलमान, हेमा, महिमा की 'होरी खेले' गीत वाली फिल्म-४
४. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली अमिताभ, जैकी श्रॉफ, मधु सप्रे, कैटरीना कैफ, जीनत, सीमा की फिल्म-२
६. सुनील शेट्टी, सोनाली बेंद्रे की 'तुम से मिलने को' गीत वाली फिल्म-३
७. 'चढ़ गया ऊपर रे' गीत वाली मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-३
९. अमजद, विनोद मेहरा, बिंदिया की 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'मिलती है झुकती है' गीत वाली आफताब, युक्ता मुखी की फिल्म-२
१२. बलराज साहनी, नूतन की 'तु प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'मेरी पैंट भी सैक्सी' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-३
१५. अजय देवगन, पुजा, सोनाली की 'तुम आये तो' गीत वालीफिल्म-२
१६. 'दिल ही दिल में' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया की फिल्म-२
१८. अजय, अभिषेक, बिपाशा की 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली फिल्म-३
२१. अमिताभ वाली फिल्म 'याराना' की नायिका कौन थी-२
२२. 'टपका रे टपका' गीत वाली संजयदत्त, माधुरी की फिल्म-४
२५. धर्मेन्द्र, हेमा की 'दुनिया जब जलती है' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'अल्हड़ मस्त जवानी' गीत वाली अजय देवगन, ग्रेसी सिंह की फिल्म-४
२७. डिनो मोरिया, बिपाशा की 'जब दिल चुराये' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अक्षय, रवीना की 'एक लड़की एक लड़का' गीत वाली फिल्म-३
२. 'आँखों के रस्ते' गीत वाली बॉबी देओल रानी मुखर्जी की फिल्म-३
३. गोविंदा, करिश्मा की 'तुमसा कोई प्यारा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'चुपके से दिल' गीत वाली राजकुमार, राजेश खन्ना, मालासिन्हा की फिल्म-३
८. अनिल कपूर, श्रीदेवी, रवीना की 'लड़की है क्या' गीत वाली फिल्म-३
९. 'जागे जागे नैनों में' गीत वाली अमोल पालेकर, रंजीता की फिल्म-३
११. संजय, सलमान, माधुरी की 'जियें तो जियें' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'बन्नो तेरी आँखियाँ' गीत वाली सनी, जैकी, मनीषा की फिल्म-३
१४. डिनो, बिपाशा की 'कितना प्यारा है' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'रहें ना रहें हम' गीत वाली धर्मेन्द्र, सुचित्रा सेन की फिल्म-३
१९. 'मैं चुप रहूँगी' में सुनीलदत्त के साथ नायिका कौन थी?-२
२०. फिल्म 'करीब' में बॉबी देओल के साथ नायिका कौन थी?-२
२२. आफताब, उर्मिला की 'सुना था देखा ना था' गीत वाली फिल्म-२
२३. 'मैं तेरी दुश्मन' गीत वाली ऋषि कपूर, श्रीदेवी की फिल्म-३
२४. जाकिर, शबाना, अरूणा की 'बादल चाँदी बरसाये' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 6953



Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 7263

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7262 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## शब्द पहेली - 8478



**बाएँ से दाएँ**

1. रोशनी-3
4. आशा,उम्मीद-2
5. एक प्रकार की बंगाली मिठाई-2,3
7. भ्रमण,घूमना-3
9. फिजूल,व्यर्थ ही-3
11. गुनाह,जुर्म-4
12. स्नान करवाना-4
14. डग,पांव,पैर-3
16. मक्खन(अंग्रेजी-3)
18. रावण,दशानन-5
19. टेलीफोन,दूरभाष-2
20. असली,शुद्ध-3

**ऊपर से नीचे**

1. वार,घात-3
2. आश्रय,पनाह-3
3. पायल की आवाज-4
4. दर्पण,शीशा-3
6. चिपकू,जलौका-2
8. स्वयं की पसंद का, स्वरुचिकर-2,3
10. हकलाना,अटक-अटक कर बोलना-5
13. पशु,जन्तु-4
14. मजार,मकबरा-2
15. कामदेव-3
16. बारिश,बरसात-3
17. धनवान,संपन्न-3

### शब्द पहेली -8477 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन एशियाई बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के बीच ही लिवाली (खरीदारी) बढ़ने से बाजार बढ़त पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 409.83 अंक की तेजी के साथ ही 80,567.71 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 135.45 अंक बढ़कर 24,715.05 पर बंद हुआ हालांकि आज कारोबार के दौरान लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में बिकवाली रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 368.10 अंक की तेजी के साथ 57,345.50 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 157.15 अंक की मजबूती के साथ 17,748.45 पर था। सेक्टोरल आधार पर मेटल, पीएसयू बैंक, फार्मा, कमोडिटीज और ऑटो शेयर लाभ के साथ ही बढ़त पर बंद हुए। केवल आईटी और मीडिया शेयरों में ही गिरावट दर्ज की गयी। सेंसेक्स के शेयरों की बात करें तो टाटा स्टील, टाइटन, एमएंडएम, आईटीसी, इटरनल, टाटा मोटर्स, ट्रेंट, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, सन फार्मा, एशियन पेंट्स और बजाज फिनसर्व के शेयर लाभ में रहे। इन्फोसिस, एनटीपीसी, एचयूएल, टीसीएस, भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक और टेक महिंद्रा के शेयर लाभ में रहे। बाजार में बढ़त के पीछे जीएसटी स्लैब को संभावित रूप से तर्कसंगत बनाने की संभावना भी है। उससे भी बाजार में उत्साह का माहौल है। जीएसटी परिषद की बैठक आज से शुरू हो गई है और शुक्रवार को इसके फैसलों की घोषणा होगी। इसमें दरों में कमी की संभवना है। इससे पहले आज सुबह भारतीय शेयर बाजारों की शुरुआत अच्छी रही पर जल्द ही बाजार नीचे आ गया। सेंसेक्स 100 अंकों की बढ़त के साथ 80,295.99 पर खुला पर थोड़ी ही देर में यह 32.41 अंक नीचे आकर 80,190.29 पर आ गया। इसी तरह निफ्टी ने 24,616 के स्तर से शुरुआत की पर इसके बाद यह मामूली 2.05 अंकों की गिरावट के साथ 24,593 पर कारोबार करता दिखा। दूसरी ओर आज वैश्विक स्तर पर भी बाजारों में गिरावट रही। अमेरिका के डाउ जोंस, एसएंडपी 500 और नैस्डैक मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए। वॉल स्ट्रीट पर मंगलवार को गिरावट के बाद बुधवार सुबह एशियाई बाजारों में गिरावट दर्ज की गई। वैश्विक बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को लेकर नई चिंताओं के कारण सेंटीमेंट्स प्रभावित हुए। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 0.5 फीसदी, जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 0.35 फीसदी गिरावट में रहा और दक्षिण कोरिया का कोस्पी उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में लगभग स्थिर रहा।



## जीएसटी काउंसिल की बैठक शुरू

नई दिल्ली। जीएसटी काउंसिल की दो दिवसीय बैठक बुधवार 3 सितंबर से शुरू हो चुकी है, जिसमें जीएसटी संरचना को सरल बनाने पर अहम चर्चा हो रही है। बैठक में 12 फीसदी और 28 फीसदी वाले टैक्स स्लैब हटाने और अधिकतर वस्तुओं को 5 फीसदी और 18 फीसदी स्लैब में लाने का प्रस्ताव है। माना जा रहा है कि करीब 99 फीसदी वस्तुएं जो अभी 12 फीसदी स्लैब में हैं, उन्हें 5 फीसदी स्लैब में लाया जा सकता है। वहीं, 28 फीसदी टैक्स वाले करीब 90 फीसदी सामान को 18 फीसदी स्लैब में लाने पर विचार हो रहा है। अगर यह प्रस्ताव मंजूर होता है, तो प्रोसेस्ड फूड, रेडीमेड कपड़े, घरेलू उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक्स, टू-व्हीलर, कारें, सीमेंट और पेंट जैसी चीजें सस्ती हो जाएंगी। इससे उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी और उद्योगों को बिक्री बढ़ाने का मौका मिलेगा। सरकार का मानना है कि इससे घरेलू उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, उत्पादन बढ़ेगा और रोजगार के अवसर भी बनेंगे। यह कदम प्रधानमंत्री मोदी के मेक इन इंडिया और लोकल फॉर वोकल विज़न को मजबूत करेगा। काउंसिल की सिफारिशों पर अंतिम फैसला जल्द लिया जा सकता है।




## अमेरिका और भारत के बीच व्यापार लंबे समय से एकतरफा रहा- ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में भारत पर लगाए गए 50 फीसदी आयात शुल्क का कड़ा बचाव किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापार लंबे समय से एकतरफा रहा है, जिसमें भारत ने अमेरिकी सामानों पर भारी शुल्क लगाया जबकि अमेरिकी बाजार में भारतीय सामान आसानी से प्रवेश कर जाते थे। ट्रंप ने बताया कि भारत ने कई उत्पादों पर 100 फीसदी तक शुल्क लगाया है, जिससे अमेरिकी कंपनियों के लिए भारत में प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल हो गया है। ट्रंप ने हार्ले डेविडसन मोटरसाइकिल का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले उस पर भारत में 200 फीसदी तक शुल्क था, जिससे अमेरिकी उत्पाद महंगे और अप्रतिस्पर्धी हो गए। कंपनी ने बाद में भारत में उत्पादन शुरू कर दिया ताकि भारी शुल्क से बचा जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के कारण अमेरिकी कंपनियों के लिए व्यापार करना कठिन हो गया है, जबकि भारतीय कंपनियों के लिए अमेरिकी बाजार खुला रहा। ट्रंप ने आरोप लगाया कि भारत अधिकांश तेल और सैन्य सामान रूस से खरीदता है और अमेरिका से बहुत कम खरीदता है, जिससे अमेरिका के लिए अवसर कम हो रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कई कंपनियां चीन, मेक्सिको और कनाडा से अमेरिका आ रही हैं ताकि वे शुल्क से बच सकें और अमेरिकी प्रोत्साहनों का लाभ उठा सकें। वहीं, भारत ने अमेरिका के शुल्क को अनुचित और असंगत बताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया कि उनकी सरकार किसानों, छोटे उद्योगों और पशुपालकों के हितों से समझौता नहीं करेगी।



# दहेगांव नल जल योजना में भ्रष्टाचार और गुणवत्ताहीन कार्य के आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश

**लांजी ( पद्मेश न्यूज )। जनपद पंचायत लांजी के अंतर्गत ग्राम थानेगांव में पानी की टंकी गिरने का मामला सामने आने के बाद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ( पीएचई ) और नल जल मिशन के तहत कार्य करने वाले ठेकेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। क्षेत्र में अधिकांश स्थानों पर नल जल योजना शुरू नहीं हो सकी है, और जहां कार्य हुआ है, वहां गुणवत्ताहीन निर्माण के आरोप लग रहे हैं। करोड़ों रुपये की लागत से चल रहे इन कार्यों पर न तो विभागीय अधिकारी ध्यान दे रहे हैं और न ही ठेकेदार, जिसका खामियाजा स्थानीय जनता को भुगतना पड़ रहा है। इससे सरकार के करोड़ों रुपये बर्बाद होते नजर आ रहे हैं।**





### दहेगांव में टपकती पानी की टंकी, योजना अधूरी

ग्राम पंचायत दहेगांव में भी नल जल योजना और पानी की टंकी को लेकर गंभीर शिकायतें सामने आई हैं। यहां पीएचई विभाग द्वारा पाली इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी के माध्यम से लगभग 76 लाख रुपये की लागत से पानी की टंकी और नल जल योजना का कार्य किया गया। पिछले 2-3 वर्षों से यह कार्य चल रहा है, और टंकी भी इसी दौरान बनकर तैयार हुई। हालांकि, ग्राम में कार्य अभी भी अधूरा है, और ग्रामीणों को नल जल योजना का लाभ नहीं मिल सका। ग्रामीणों ने सीधे तौर पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए बताया कि टंकी बनने के बाद से ही लगातार टपक रही है। टंकी में पानी भरते ही एक घंटे के भीतर सारा पानी टपककर बह जाता है।

### जनपद सदस्य ने की जांच की मांग, दी भूख हड़ताल की चेतावनी

जनपद सदस्य महेंद्र पटले ने ठेकेदार कंपनी और विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही और गुणवत्ताहीन कार्य के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि दहेगांव की पानी की टंकी शुरू से ही टपक रही है, और इसका निमार्ण गुणावत्ताहीन तरीके से किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इसकी जांच नहीं की गई, तो थानेगांव जैसी घटना की पुनरावृत्ति हो सकती है। पटले ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में पूर्व में एसडीएम लांजी और जनपद सीईओ को शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने यह भी बताया कि टंकी के स्थान पर वाटर लेवल कम होने के बावजूद विभाग ने इस पर ध्यान नहीं दिया। सरकार की हर घर नल से जल योजना दहेगांव में प्रभावी नहीं हो सकी है। ग्राम की लगभग 3,000 की आबादी के लिए केवल एक टंकी बनाई गई है, जो अभी तक शुरू नहीं हुई। पटले ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले की गहन जांच नहीं की गई, तो वे ग्राम हित में भूख हड़ताल करेंगे।

### ग्रामीणों और सरपंचों की मांग- कार्यों की सूक्ष्म जांच

क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने भी अपने अपने ग्राम की नल जल योजना और पानी की टंकियों के निर्माण में गुणवत्ता की कमी की शिकायत की है। उन्होंने मांग की है कि सभी कार्यों की सूक्ष्मता से जांच की जाए ताकि भ्रष्टाचार और लापरवाही का खुलासा हो सके। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ

# धरती आबा योजना के तहत नक्सल प्रभावित बगड़ी व खांडाफरी के आदिवासी किसानों को किया उन्नत कृषि यंत्र वितरित

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी विकासखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस योजना के तहत कृषि विभाग द्वारा ग्राम पंचायत खांडाफरी के ग्राम बगड़ी एवं



खांडाफरी के वन पट्टा धारक आदिवासी एवं बैगा कृषकों को 90 प्रतिशत अनुदान पर उन्नत कृषि यंत्र प्रदान किए गए। यह वितरण कार्यक्रम न केवल स्थानीय किसानों की कृषि कार्यों को सरल बनाने में सहायक सिद्ध होगा, बल्कि नक्सल प्रभावित दूरस्थ क्षेत्रों में आदिवासी समुदायों के आर्थिक उत्थान को भी बढ़ावा देगा। इस कार्यक्रम में छह लाभार्थी किसानों को 4 स्ट्रोक इंजन पावर स्प्रेयर (कैपेसिटी 25 लीटर) प्रदान किया गया। प्राप्तकर्ताओं में चमारसिंह मडावी, दयाल उइके, सकूंताबाई मर्सकोले, बिहारीलाल मर्सकोले, तारासनबाई उइके और रामेश्वर चौधरी शामिल हैं। ये सभी वन पट्टा धारक आदिवासी एवं बैगा कृषक हैं, जो नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सीमित संसाधनों के बीच खेती पर निर्भर हैं। पावर स्प्रेयर जैसे उन्नत यंत्र से फसल संरक्षण, कीटनाशक छिड़काव और जल प्रबंधन में काफी सुविधा होगी, जिससे उनकी उत्पादकता में वृद्धि होगी। 90 प्रतिशत अनुदान के कारण ये यंत्र किसानों को बहुत कम कीमत पर उपलब्ध हुए, जिससे वे बेहद उत्साहित नजर आए। एक लाभार्थी सकूंताबाई मर्सकोले ने कहा, 卐यह यंत्र हमारी खेती को आधुनिक बनाएगा। पहले हाथ से छिड़काव करना मुश्किल था, अब समय और श्रम की बचत होगी। वितरण कार्यक्रम कृषि विस्तार अधिकारी अमित नारनौरे के नेतृत्व में आयोजित किया गया। क्षेत्रीय जनपद सदस्य दिनेश लाड़े, खांडाफरी सरपंच राजू सोयाम, टेकरी सरपंच प्रभूदयाल किरमें, पूर्वाटोला सरपंच गणेश बागड़े और सहायक सचिव राजू मर्सकोले की उपस्थिति में यह समारोह संपन्न हुआ। उपसंचालक कृषि फूल सिंह मालवीय ने बताया कि यह वितरण धरती आबा योजना के तहत आदिवासी किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम है। उन्होंने कहा, बालाघाट जैसे नक्सल प्रभावित जिलों में कृषि यंत्रीकरण से न केवल उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। योजना के अन्य घटकों जैसे सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा सुविधाओं के साथ मिलकर यह समग्र विकास सुनिश्चित करेगी। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कृष्ण कुमार खरे, कृषि विस्तार अधिकारी अमित नारनौरे, विकासखंड तकनीकी प्रबंधक अजय बिजेवार और सहायक तकनीकी प्रबंधक विनय उइके भी उपस्थित रहे। श्री खरे ने लाभार्थियों को यंत्रों के उपयोग और रखरखाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से आदिवासी समुदाय मुख्यधारा से जुड़ेंगे और नक्सलवाद जैसी समस्याओं पर अंकुश लगेगा।

# जनपद पंचायत में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत 2 दिवसीय ब्लॉक प्रोसेस लैब ट्रेनिंग का हुआ सफल आयोजन






लांजी (पद्मेश न्यूज)। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत लांजी के सभाकक्ष में दो दिवसीय ब्लॉक प्रोसेस लैब ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। यह अभियान जनजातीय समुदायों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है, जिसमें ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं पर विशेष जोर दिया जाता है। इस ट्रेनिंग में लांजी जनपद के अंतर्गत आने वाले 12 धरती आबा ग्रामों के कर्मचारी एवं अधिकारीगण ने भाग लिया, जो आदिवासी बहुल क्षेत्रों में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षित किए गए। ट्रेनिंग का आयोजन 1 और 2 सितंबर को हुआ, जिसमें विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया। अभियान के तहत तैयार किए जा रहे आदि कर्मयोगी कैडर के सदस्यों को सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, ग्राम स्तर पर योजना निर्माण, शिकायत निवारण और सामुदायिक भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। इस ट्रेनिंग से प्रतिभागी अब अपने-अपने ग्रामों में आदि सेवा केंद्र स्थापित करने और ट्राइबल विलेज विजन 2030 जैसे कार्यक्रमों को अमल में लाने के लिए सशक्त होंगे।

### प्रमुख ट्रेनर एवं अतिथिगण

प्रशिक्षण सत्र को संचालित करने के लिए जिला एवं ब्लॉक स्तर के मास्टर ट्रेनरों की टीम उपस्थित रही। इनमें प्रमुख रूप से शामिल थे=

डिस्ट्रिक्ट मास्टर ट्रेनर सी.एस. मरावी- उन्होंने अभियान के समग्र उद्देश्यों और जिला स्तर पर समन्वय की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

सीईओ जनपद पंचायत रामगोपाल यादव - योजनाओं के ब्लॉक स्तर पर क्रियान्वयन और मॉनिटरिंग पर विस्तृत चर्चा की।

वन विभाग के एसडीओ राकेश अड़कने- पर्यावरण संरक्षण एवं वन आधारित आजीविका योजनाओं पर विशेष सत्र आयोजित किया।

श्रीमती अरुणा रणदिवे (स्वास्थ्य विभाग)= स्वास्थ्य सेवाओं, सिकल सेल एनीमिया परीक्षण और आयुष्मान भारत योजना के लाभों पर फोकस किया।

श्रीमती लता वर्मा, परियोजना अधिकारी (महिला एवं बाल विकास)= महिला सशक्तिकरण, पोषण अभियान और बाल विकास कार्यक्रमों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

इसके अलावा किरनापुर जनपद से बीसीएम हेल्थ परियोजना अधिकारी (महिला एवं बाल विकास विभाग) एवं 2 धरती आबा ग्रामों के कर्मचारीगण भी विशेष रूप से उपस्थित हुए, जिन्होंने अन्य जनपदों के अनुभव साझा किए। लगभग 20-25 प्रतिभागियों ने इस ट्रेनिंग में हिस्सा लिया, जो विभिन्न विभागों से जुड़े थे।

# एक घंटा खेल के मैदान में थीम के साथ सम्पन्न हुआ तीन दिवसीय खेल आयोजन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। राष्ट्रीय खेल दिवस, जो प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया जाता है, इस वर्ष 2025 में थीम 卐एक घंटा खेल के मैदान में卐 के साथ मनाया गया। यह थीम समाज को एकजुट करने और खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश देती है। फिट इंडिया मिशन के तहत लांजी विकासखंड में तीन दिवसीय खेल आयोजन किए गए, जिनका उद्देश्य लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति प्रेरित करना था। कार्यक्रम के प्रथम दिन 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। विकासखंड स्तर पर वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें चार टीमों ने हिस्सा लिया। लांजी-ए ने विजेता और लांजी-बी ने उपविजेता का खिताब जीता। दूसरे दिन, 30 अगस्त को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें छह टीमों ने भाग लिया। सर्रा की टीम विजेता रही, जबकि लांजी की टीम उपविजेता बनी। तीसरे दिन, 31 अगस्त को स्कूली छात्रों और भगत सिंह स्पोर्ट्स अकैडमी, लांजी के खिलाड़ियों ने साइकिल रैली निकाली। इस रैली के माध्यम से एक घंटा खेल के मैदान में का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया।



### समापन समारोह और पुरस्कार वितरण

खेल दिवस का समापन 2 सितंबर को सरस्वती शिशु मंदिर के इंडोर हॉल में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरें, जनपद सदस्य दिनेश लाडे, विधायक प्रतिनिधि कैलाश गोस्वामी, गौरव बैस, नवीन रामटेक्कर, देवा भंडारकर, राकेश रामटेक्कर और मनीष अतकरे उपस्थित रहे। मंच संचालन दीपांकर भार्गव ने किया। विजेता और उपविजेता टीमों को शील्ड प्रदान की गई। साथ ही, राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों- कीर्ति उपराड़े (ग्वालियर), तुषार गौतम (नरसिंहपुर), कशिश बरसागड़े (मुरैना, राजगढ़), क्रिष्टि कोठारे (नरसिंहपुर, अम्बा मुरैना), अमोल सोनवाने (अम्बा मुरैना), मंशा घोंगड़े (अम्बा मुरैना), और भारती लहरोनिया (नरसिंहपुर) को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

### विधायक राजकुमार कर्राहे ने खिलाड़ियों को दी खेल किट

क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे, जो स्वयं वॉलीबॉल और क्रिकेट जैसे खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं, ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए भगत सिंह स्पोर्ट्स अकैडमी के वॉलीबॉल, कबड्डी और एथलेटिक्स खिलाड़ियों को खेल किट वितरित की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास में योगदान देता है, बल्कि जीवन में अनुशासन और एकता भी लाता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# 7 से पितृ पक्ष श्राद्ध- गायत्री शक्तिपीठ में होगा सामुहिक पितृ तर्पण कार्यक्रम

लांजी (पद्मेश न्यूज)। पिछले वर्षों की परम्परानुसार इस वर्ष भी गायत्री शक्तिपीठ लांजी में श्रद्ध पक्ष में सामुहिक रूप से पितृ - तर्पण का कार्यक्रम रखा गया है । गायत्री शक्तिपीठ के परिव्राजक विनोद तिड़के ने जानकारी में बताया कि इस वर्ष 7 सितम्बर दिन रविवार भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा से 21 सितंबर दिन रविवार अश्विन कृष्णपक्ष की अमावस्या तक सम्पन्न कराया जावेगा । जिन पूर्वजों की कृपा से हम इस धरती पर देह धारण कर सके, जिनकी कृपा व आर्शीवाद से हम समृद्ध, सम्पन्न बन सके, फल - फूल सके उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने, पितृऋण अदा करने का अनुपम अवसर होता है यह पितृपक्ष। इस काल में हमारे पितर धरती पर आते हैं और बड़ी ही आशा के साथ हमें निहारते हैं कि हम उनका श्राद्ध तर्पण करे । उन्हें पिंडदान करे, उनके निमित्त यथा संभव दान करे, भोजन कराये, परोपकार के कार्य करें । इस वर्ष यह श्राद्ध तर्पण पर्व भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा 7 सितम्बर से अश्विन कृष्णपक्ष की अमावस्या 21 सितंबर तक होना है । इस श्राद्ध पर्व में लोग अपने कुल परिवार के स्वर्गीय परिजनों का भावभक्ति सहित तर्पण करके उन्हें तृप्त करते हैं , उनके निमित्त पिण्डदान करते हैं । श्राद्ध के दिन पहले तर्पण किया जाता है इसके लिए शक्तिपीठ में विगत वर्षों से तर्पण कार्यक्रम नि:शुल्क कराया जाता है . और यह पितृ पक्ष के 15 दिनों तक चलता है । तर्पण के बाद अपने पितरों का स्मरण करके गाय, कुत्ता, पक्षियों, चिटियों, मनुष्यों आदि को भोजन




कराना चाहिए । इससे परिवार में पितरों की कृपा बनी रहती है । उनका आर्शीवाद हमें सतत मिलता रहता है । गायत्री शक्तिपीठ में इस वर्ष भी तर्पण कार्यक्रम प्रतिदिन प्रात: 9 बजे से सम्पन्न कराया जायेगा। नगर व क्षेत्र के जो भाई - बहन यहां आकर अपने पितरों का तर्पण करना चाहते हैं वे इसकी सूचना गायत्री मंदिर कार्यालय में देकर कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं ।

### किस तिथि में करे श्राद्ध

वर्ष के किसी मास या पक्ष की जिस तिथि में परिजनों की मृत्यु हुई हो उसी तिथि को उस पितर के श्राद्ध करने का विधान है । यदि किसी का देहांत पूर्णिमा के दिन हुआ है तो उसका श्राद्ध भाद्रपद की पूर्णिमा के दिन किया जाता है और इसी दिन से श्राद्ध पर्व का प्रारंभ माना जाता है । इसके साथ पितृपक्ष में किसी विशेष वर्ग को भी प्रमुखता दी गई है। इसमें कुल की मृत नारियों का श्राद्ध पितृपक्ष की नवमी तिथि को किया जाता है । सन्यासी व्यक्ति का श्राद्ध बारहवी तिथि को किया जाता है । जिनकी तिथि याद न हो उन सभी ज्ञात - अज्ञात पितरों का तर्पण पितृ मोक्ष अमावस्या को किया जाता है । इस दिन पितरों को बिदाई भी की जाती है।



# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा की बैठक सम्पन्न

लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर के मां गायत्री शक्तिपीठ लांजी के सभागार में मंगलवार को प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा लांजी की बैठक सेकराम ठाकरे अध्यक्ष तह. शाखा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान सदस्यों को अवगत कराया गया कि 11 अगस्त 2025 को मुख्य मांगो के संदर्भ में मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन एवं प्रधानमंत्री के नाम से विधायक महोदय को ज्ञापन सौंपा गया। उक्त ज्ञापन में 55 प्रतिशत डीए प्रदान करने, धारा 49 (6) को हटाने, 20 प्रतिशत की वृद्धि 65 वर्ष में 5 प्रतिशत , 70 की उम्र में 10 प्रतिशत 75 वर्ष उम्र में 15 प्रतिशत एवं 80 की उम्र पर 20 प्रतिशत पेंशन वृद्धि प्रदाय करने मांग की गई है। 6 वे व 7 वे वेतनमान के एरियर्स की राशि क्रमश 32 एवं 27 माह के एरियर्स भुगतान हेतु मांग पत्र में शामिल किया गया है कि जानकारी पेंशनर साथियों को दी गई एवं अन्य विषयों पर चर्चा की गई इस दौरान नये सदस्यों लालचंद मानकर, अर्जुनलाल नागपुरे, श्रीमती राया रणदिवे, गोरेलाल जांभुरे का का श्रीफल देकर एवं टीका लगाकर स्वागत किया गया। आगामी बैठक 10 अक्टूबर 2025 को रखी गई जिसमें सभी पेंशनरों से उपस्थिति की अपील की गई। इस दौरान प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा लांजी के अध्यक्ष सेवकराम ठाकरे, सचिव आई एस चौहान, सह सचिव एन आर दहीकर, कोषाध्यक्ष एन एल बसेना, उपाध्यक्ष जी डी बेदरे, लांजी सेक्टर अध्यक्ष टी डी लिल्हारे, वाय आर सोनवाने, उमंग प्रसाद कबीरे, राजेंद्र मुरकुटे, आई सी ब्रम्हपुरे, डी आर धारणे, एच आर रहांगडाले, जी रणदिवे, बी आर ढोक, परमेश्वर कुथे, भक्त प्रह्लाद ठाकरे, लखनलाल मुछावड़, टी एल कटरे, एस आर धारणे, बलवंत बल्ले, ज्ञानीराम भंडारकर, लोकेश्वर सोनवाने, राजेंद्र पशीने, डी आर सोनवाने, सीएल मस्करे सहित अनेक पेंशनर्स साथी उपस्थित थे।

### खाद मांग रहे किसानों पर लाठीचार्ज, नाराज सीएम डॉ. मोहन ने लगाई कलेक्टरों को फटकार, कहा

# किसानों को परेशानी हुई तो हटाए जा सकते हैं कलेक्टर



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उन कलेक्टरों की प्रशासनिक व्यवस्था पर नाराजगी जताई है, जो खाद वितरण के मामले में किसानों के गुस्से पर कंट्रोल नहीं कर पा रहे हैं और जहां खाद की कमी के नाम पर सरकार की किरकिरी हो रही है। ऐसे में इन कलेक्टरों को हटाने पर भी निर्णय लिया जा सकता है। सीएम ने कलेक्टर्स से कहा कि, खाद वितरण सही नहीं हुआ मतलब जिला नहीं चला पा रहे। हटाना होगा।

मुख्यमंत्री ने यह नाराजगी रीवा में मंगलवार को खाद वितरण को लेकर उपजे असंतोष और वहां हुए लाठीचार्ज की स्थिति के चलते जताई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के अतिवृष्टि और बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों और जिलों में खाद वितरण की स्थिति की मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा की। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जिन-जिन क्षेत्रों में अतिवृष्टि और बाढ़ से फसलों को क्षति हुई है, वहां राहत के लिए तत्काल कार्रवाई आरंभ की जाए। इसके साथ ही जनहानि और पशुहानि की स्थिति में 24 घंटे के भीतर राहत उपलब्ध कराई जाए।

#### जिला प्रशासन आवश्यक व्यवस्था बनाए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिलों में खाद वितरण के संबंध में जिला प्रशासन आवश्यक व्यवस्था बनाए। जिलों में उपलब्ध खाद की उचित वितरण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। खाद वितरण के संबंध में किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से जिला प्रशासन निरंतर संवाद और संपर्क में रहे। खाद वितरण की व्यवस्था में किसान संगठन के प्रतिनिधियों को भी जोड़ा जाए। जिलों में यदि खाद वितरण को लेकर अव्यवस्था होती है, तो उसके लिए जिला कलेक्टर उत्तरदायी होंगे।

#### तीन दिन पहले किसानों को सूचना दें कलेक्टर

मुख्यमंत्री ने कहा कि खाद की रैक आने से पहले किसान संगठनों और अन्य सूचना तंत्रों के माध्यम से कलेक्टर जिले के किसानों को जानकारी दें कि जिस तारीख को खाद वितरण होने वाला है, उस तारीख को ही लेने आएं। इसके लिए तीन दिन पहले से प्रचार-प्रसार करें, ताकि लोगों को जानकारी रहे कि किस दिन खाद मिलने वाला है। इससे अव्यवस्था नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य शासन हर स्थिति में किसानों के साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिलों में उर्वरक उपलब्धता की सघन समीक्षा की जाए। इसके साथ ही जिले में उपलब्ध उर्वरक के स्टॉक की जानकारी जनप्रतिनिधियों से भी साझा की जाए, जिससे किसानों को जिले में उर्वरक उपलब्धता की वास्तविक स्थिति से अवगत कराने में मदद मिलेगी। जिला प्रशासन डबल लॉक, पैक्स और निजी खाद बिक्री केंद्रों का आकस्मिक सत्यापन और उनकी मॉनिटरिंग अनिवार्यतः करे।

#### रीवा में खाद वितरण व्यवस्था को बनायें सुविधाजनक - उप मुख्यमंत्री शुक्ल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में रीवा ज़िले की खाद वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि रीवा सहित विंध्य क्षेत्र में सिंचाई साधनों की सतत वृद्धि से खाद की मांग भी लगातार बढ़ी है। कई जागरूक कृषक वर्ष में तीन फसलें ले रहे हैं। ऐसे में आवश्यक है कि किसानों को सही समय पर पर्याप्त खाद उपलब्ध हो। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने खाद के स्टॉक और वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टोकन वितरण व्यवस्था सुचारू रहे और किसानों की सुविधा के लिए अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाएं।

बैठक में जानकारी दी गई कि 3 दिवस के अंदर रीवा में 2 फुल और 1 हाफ रैक यूरिया पहुंचेगी। एनएफएल की 1 हज़ार 900 मे.टन की रैक रात तक जिले में पहुंचने की संभावना है। इफको की फूलपुर प्लांट से 2 हज़ार 700 मे. टन की रैक रवाना की गई है, जो कल शाम तक जिले में पहुंच जाएगी। वहीं चंबल फ़र्टिलाइज़र की आधी रैक कल लोडिंग में आएगी, जो 6 सितम्बर की शाम तक जिले में पहुंचने की संभावना है।

एमडी एमपी मार्कफेड आलोक कुमार सिंह ने बताया कि रीवा जिले में गत वर्ष 1 अप्रैल से 1 सितम्बर 2024 तक 23 हज़ार मे. टन यूरिया का विक्रय हुआ था। इसके विरुद्ध इस वर्ष 1 सितम्बर तक 26 हज़ार 860 मे. टन की उपलब्धता रही, जिसमें से 23 हज़ार 360 मे. टन यूरिया का विक्रय हो चुका है एवं 1 हज़ार 500 मे. टन शेष है। 1 हज़ार 300 मे.टन की आधी रैक 31 अगस्त की रात को जिले में पहुंच चुकी है। बैठक में यह भी बताया गया कि इस वर्ष डीएपी और एनपीके की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एडवांस प्लानिंग की गई है।

## लाखों का तालाब हो गया चोरी, ढूंढने वाले को मिलेगा इनाम

### पुलिस ने अनोखे मामले को किया दर्ज, जांच जारी

भोपाल। आपने सोना-चांदी, गहने या रुपया-संपत्ति चोरी होने की घटनाएं तो बहुत सुनी होंगी, लेकिन यहां ऐसा नहीं है आपको यह जानकर हैरानी होगी कि मध्य प्रदेश में लाखों रुपये खर्च कर बनाया गया तालाब चोरी हो गया है। इसे तलाश करने वाले को इनाम देने की घोषणा भी की गई है।

यह हैरान करने वाला मामला मध्य प्रदेश के रीवा जिले का है। आरटीआई के जरिए खुलासा हुआ है, कि करीब 25 लाख रुपए की लागत से अमृत सरोवर तालाब का निर्माण हुआ था, लेकिन मौके पर तालाब का नामोनिशान तक नहीं है। रीवा जिले के चाकघाट क्षेत्र के ग्राम कठौली में यह अजग-गजब घटना घटित हुई है। आरटीआई कार्यकर्ता ललित मिश्र की जानकारी के अनुसार, 24.94 लाख रुपए की लागत से 9 अगस्त 2023 को तालाब बनना दिखाया गया। राजस्व रिकॉर्ड में तालाब भूमि क्रमांक 117 पर दर्ज है, लेकिन हकीकत में वहां कोई तालाब नहीं है। आरोप है कि ग्राम पंचायत सरपंच ने नाले पर अस्थायी बांध बनाकर पानी अपनी निजी जमीन (खसरा नंबर 122) में इकट्ठा किया और उसे तालाब का रूप दिखाकर शासन से पूरी राशि निकाल ली।

शिकायत पर जिला पंचायत सीईओ ने सरपंच से पूरी राशि वसूलने का निर्देश दिया था, लेकिन सरपंच ने शासन को गुमराह करने के लिए अपनी निजी जमीन का छोटा हिस्सा सरकार को दान कर दिया। ग्रामीणों ने थक-हारकर मुनादी कर तालाब खोजने वाले को इनाम देने का ऐलान कर दिया है।

#### कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

इस मामले को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जांच के आदेश दिए हैं। थाना प्रभारी घनश्याम तिवारी ने बताया कि मामला अनियमितता से जुड़ा है और जांच चल रही है। गौरतलब है कि सरपंच पूर्वा मनीराम धीरेंद्र तिवारी वर्तमान में बीजेपी के रायपुर मंडल उपाध्यक्ष भी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सिर्फ यही नहीं, इलाके के कई तालाब भी रातों-रात गायब हो गए हैं। फिलहाल पुलिस और प्रशासन जांच में जुटे हैं, लेकिन तालाब का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

## जिले में 2734 मीट्रिक टन डीएपी एवं 1960 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। उपसंचालक कृषि फूलसिंह मालवीय ने बताया कि जिले में किसानो के लिए पर्याप्त मात्रा में यूरिया, डीएपी एवं एनपीके उर्वरक उपलब्ध है। अब जिले में किसानो के लिए उर्वरक की कोई कमी नही है। उन्होंने बताया कि जिले को 1442 मीट्रिक टन डीएपी और प्राप्त हो गया है। इस प्रकार वर्तमान में जिले में 2734 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध हो गया है। जिले में 1960 मीट्रिक टन यूरिया एवं 1631 मीट्रिक टन एनपीके उर्वरक उपलब्ध है। किसानो को सहकारी समिति एवं डबल लॉक केंद्र के माध्यम से उर्वरक का वितरण किया जा रहा है। डबल लॉक केंद्रो में निजी उर्वरक विक्रेताओं के काउंटर भी संचालित किये जा रहे है। उर्वरक का विक्रय पीओएस मशीन के माध्यम से ही किया जा रहा है और कृषि विभाग का अमला इसकी सतत निगरानी कर रहा है।

## कैदी जेल से कर सकेंगे 10वीं और 12वीं भी

**भोपाल। जेल की ऊंची दीवारों और सख्त पहरे के बीच अब बदलाव की नई इबारत लिखी जा रही है। ग्वालियर सेंट्रल जेल, जो कभी केवल सजा काटने का ठिकाना मानी जाती थी, अब कैदियों के लिए शिक्षा और आत्मनिर्भरता का केंद्र बन गई है। अब तक जेल में कैदियों को स्नातक-स्नातकोत्तर की डिग्री और डिप्लोमा करवाया जा रहा था लेकिन अब कैदी जेल से दसवीं और बारहवीं की पढ़ाई भी कर सकेंगे।**

दरअसल, हर कैदी स्नातक-स्नातकोत्तर की डिग्री डप्लोमा जेल में नहीं कर पा रहा है। इसके पीछे कारण है कि वह 12वीं उत्तीर्ण नहीं है। इस समस्या को ध्यान में रखकर जेल प्रबंधन अब जेल में दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं करवाने की तैयारी कर रहा है। इसको लेकर जेल प्रबंधन और ओपन बोर्ड के बीच संवाद और पत्राचार भी लगातार चल रहा है। शीघ्र की जेल में सजा काट रहे कैदी दसवीं और बारहवीं की पढ़ाई भी जेल से कर सकेंगे।

#### 277 कैदी कर रहे डिग्री और डिप्लोमा

जीवाजी विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षण संस्थान और भोज विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों ने इस योजना से जुड़कर कैदियों को शिक्षा और कौशल विकास का अवसर दिया है। यहां कुछ कैदी पत्रकारिता की बारीकियां सीख रहे हैं, तो कुछ फैशन डिजाइनिंग में हाथ आजमा रहे हैं। वहीं कई कैदी औषधीय पौधों की खेती सहित अन्य कोर्स भी कर रहे हैं। वर्तमान में 277 कैदी ऐसे हैं जो यहां से अपनी उच्च शिक्षा पूरी कर रहे हैं। यह कैदी बीए, बीकाम, एमकाम, एमए जैसे पाठ्यक्रमों के साथ-साथ पत्रकारिता, फैशन डिजाइनिंग, जीएसटी, औषधीय खेती, फलित ज्योतिष और वैदिक गणित जैसे विशेष कोर्स भी कर रहे हैं।

#### भोज और इग्नू के सेंटर भी पढ़ा रहे

सिर्फ जेयू ही नहीं, बल्कि भोज यूनिवर्सिटी और इग्नू भी कैदियों की पढ़ाई में सहायक बन रही हैं। भोज यूनिवर्सिटी से कई कैदी बीए, एमए और डीसीए जैसे कोर्स कर रहे हैं, वहीं इग्नू के केंद्र से भी कैदी पढ़ाई कर रहे हैं। इस पहल में लगभग 212 पुरुष और 65 महिला कैदी शामिल हैं।

#### परंपरा से आधुनिकता तक पहुंची पढ़ाई

पहले जेलों में कैदियों को बढ़ईगीरी, लोहारगिरी और मिस्त्री जैसे पारंपरिक कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाता था। पर अब वक्त बदल रहा है। कैदियों को केवल पुराने हुनर तक सीमित नहीं रखा जा रहा, बल्कि आधुनिक कौशलों जैसे कंप्यूटर शिक्षा, पत्रकारिता, संगीत, फैशन डिजाइनिंग और हस्तशिल्प से भी जोड़ा जा रहा है। ग्वालियर सेंट्रल जेल का यह प्रयास इस बात का सबूत है कि कैदी सिर्फ अपनी सजा काटने के लिए नहीं, बल्कि अपनी जिंदगी की नई शुरुआत करने के लिए भी जेल में हैं।

## बाघों को मिलेगी संजीवनी, गूंजेगी दहाड़

### मप्र में वनतारा 2.0 सच करेगा सपना



भोपाल। वनतारा यानि जंगल का तारा एक ऐसा नाम जिसकी खनक आज देश ही नहीं दुनिया में गूंजती है। एक ऐसी पहचान जो खतरे में पड़े जंगली जानवरों के लिए वरदान साबित हो रही है। वनतारा, भारत में अपनी तरह का पहला इनिशिएटिव है, जहां जानवरों की पूरी देखभाल की जाती है। ये नाम अब मध्यप्रदेश टाइगर फाउंडेशन समिति के साथ जुड़ गया है। दरअसर मप्र सरकार ने ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर (वनतारा) के साथ एक एमओयू साइन किया है जो मप्र के टाइटर रिजर्व की तस्वीर बदलकर रख देगा।

बता दें कि रातापानी और माधव नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व घोषित करने के साथ अब मप्र में कुल 9 टाइगर रिजर्व हैं। इन टाइगर रिजर्व में कान्हा, संजय दुबरी, पेंच, रातापानी, माधव नेशनल पार्क, बांधवगढ़, पन्ना, नौरादेही और सतपुड़ा हैं। देश में 9 टाइगर रिजर्व के साथ ही मप्र को टाइगर स्टेट का दर्जा मिला हुआ है। साल 2022 की गणना के मुताबिक मप्र के इन 9 टाइगर रिजर्व में 785 बाघ हैं जो 2018 की तुलना में काफी ज्यादा हैं। साल 2018 में इनकी संख्या 526 थी। ये आंकड़े भले ही बढ़ते हुए दिखाई पड़ते हों लेकिन अब हालात तेजी से बदल रहे हैं। लगातार हो रही टाइगर की मौत से नए संकट की आहट सुनाई देने लगी है। आंकड़ों की बात करें तो साल 2025 में अब तक पूरे देश में 117 टाइगर की मौत हो चुकी है जिनमें से अकेले मप्र से 36 टाइगर की मौत चुकी है।

#### भारत में अब 3682 बाघ हैं मौजूद

साल 2022 की गणना के मुताबिक भारत में अभी 3682 बाघ मौजूद हैं। भारत में हर चार साल में बाघ की गणना की जाती है। साल 2018 में की गई गणना की बात करें तो उस वक्त भारत में बाघों की संख्या 2967 थी। बाघ में सालाना 6 प्रतिशत की दर से बाघ बढ़े हैं। हालांकि एक बार फिर हालात बदले हुए दिखाई पड़ रहे हैं। इस साल इनकी संख्या में कमी देखी जा रही है। साल 2025 में अब तक पूरे देश में 117 टाइगर की मौत हो चुकी है जिनमें से अकेले मप्र से 36 टाइगर की मौत चुकी है।

#### मप्र में क्या-क्या होगा बदलाव?

वन्यजीवों को बचाने के लिए स्वास्थ्य चिकित्सा और बचाव के तरीकों में बदलाव किया जाएगा। इसके लिए नए पशु चिकित्सा अस्पताल और नैदानिक प्रयोगशालाएं बनाई जाएंगी। इसके साथ ही जानवरों को बचाने के लिए पहले से जो सुविधाएं मौजूद हैं उन्हें आधुनिक और उन्नत किया जाएगा। प्रदेश के चिड़ियाघरों के लिए एकीकृत डिजिटल प्रबंधन सूचना प्रणाली विकसित की जाएगी। विशेष रूप से चिड़ियाघरों में मौजूद बाघों की आबादी का आणविक आनुवंशिक विश्लेषण ग्रीन्स सेंटर की लैब में संभव होगा। वन्यजीवों को प्रभावित करने वाली बीमारियों की रोकथाम, निदान और उपचार के लिए संयुक्त अनुसंधान किया जाएगा। यह एमओयू दो साल की अवधि के लिए लागू रहेगा। इस दौरान ग्रीन्स सेंटर राज्य शासन को तकनीकी प्रोटोकॉल, पशु चिकित्सा पद्धतियों और पशु कल्याण मानकों पर सुझाव देगा।

#### वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट ने उठाए सवाल

टाइगर की लगातार हो रही मौतों को लेकर वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट अजय दुबे का कहना है कि इसे लेकर टाइगर टास्क फोर्स बनाने की जरूरत है। ग्रामीणों की मदद लेने की जरूरत है। लगातार मॉनिटरिंग करने की जरूरत है। हम कोशिश करके जरूर टाइगर की मौतों को रोक सकते हैं। कैसे शिकारी जंगल में खुले घूम रहे हैं। ये बिना किसी कर्मचारी और अधिकारी के मिले असंभव है?

## म. प्र.ग्रामरक्षक कोटवार संघ तहसील शाखा की नवीन कार्यकारिणी का किया गया गठन

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। तहसील कार्यालय के प्रांगण मे दिनांक 02/09/2026 मंगलवार को म.प्र. ग्रामरक्षक, कोटवार, चौकीदार संघ, तहसील शाखा किरनापुर के समस्त कोटवारो की उपस्थिति में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद हेतु अचरित गेडाम को मनोनित किया गया। एवं उपाध्यक्ष विनोद चौरे,



सचिव रंजीत हुमनेकर, सह सचिव रंजित खाण्डेकर, क ो ष ा ध् य क्ष ा रमेश मेश्राम,मीडिया प्रभारी विनोद गेढ़ाम संगठन प्रभारी चंद्रकुमार भीमटे ,प्रहलाद गजभिए, भाऊदास तिरपुडे, कुम्भराज वैद्य,सदस्य दिपेश वासनिक, तनोज हुमने, विजय गेढाम राजू मेश्राम, विक्की भीमरे, निराशा चौहान ,प्रतिक्षा मेश्राम, पुरनजनाबाई देशभ्रतार, सरिता गेढ़ाम ,कविता बोरकर, मनोज खोब्रागडे, विनय डोंगरे शशिकपूर कामड़े, संतोष बारमाटे सहित अन्य कोटवार साथियों को शामिल किया गया।

## किरनापुर निवासी डॉ. राजेश मेश्राम को भोपाल में किया गया सम्मानित

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। तहसील मुख्यालय ग्राम पंचायत किरनापुर निवासी एवं पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद संस्थान के प्रोफेसर डॉ. राजेश मेश्राम को उनके उत्कृष्ट चिकित्सकीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। राजधानी भोपाल में आयोजित समारोह में डॉ राजेश मेश्राम को पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल एवं स्वास्थ्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के द्वारा सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉक्टर राजेश मेश्राम बालाघाट जिले के किरनापुर डॉ अंबेडकर नगर के रहने वाले हैं एवं तहसील की समाज सेविका उमा मेश्राम के सुपुत्र है इस खुशी के अवसर पर किरनापुर ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि सरपंच जेपी रामटेके, मनीष भिमटे, कल्याण सिंह राणा, वरिष्ठ पत्रकार राकेश बोरकर, समाज सेविका उमा ताई , कांताताई वैध, वन्दना बागड़े प्रधान अध्यापक,डॉ दीपक पटले, डॉ जे पी सुनेरी, वी एन मेश्राम, दुर्गेश भीमटे,ओमकार मेश्राम, फनेन्द्र मेश्राम ,एस आर पटले, एम आर बागड़े, एस सी वैध,एन एल निकोशे, राजेंद्र वैध, प्रकाश वैध,दीपक भालाधरे, धीरज मेश्राम तथा किरनापुर तहसील के समस्त गणमान्य नागरिकों एवं बौद्ध समाज के लोगों सहित पंडित खुशीलाल शर्मा संस्थान के सभी चिकित्सकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



## इग्नू ने प्रवेश की लास्ट डेट बढ़ाई

भोपाल। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने 2025 सत्र के लिए प्रवेश की लास्ट डेट बढ़ाकर 15 सितंबर कर दी है। अब स्टूडेंट्स ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, डिप्लोमा और एक साल के पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कार्यक्रमों में ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इग्नू से मिली जानकारी के अनुसार, री-रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि भी 15 सितंबर कर दी गई है।

## मप्र के दो शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार

भोपाल। प्रदेश के 2 शिक्षकों को वर्ष 2025 का राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 5 सितम्बर शिक्षक दिवस पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा प्रदान किया जायेगा। राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने वाले शिक्षकों में दमोह जिले की प्राथमिक शिक्षक श्रीमती शीला पटेल शासकीय प्राथमिक शाला देवरान टपरिया में पदस्थ हैं। आगर-मालवा जिले के भेरूलाल ओसारा माध्यमिक शिक्षक शासकीय ईपीईएस माध्यमिक शाला खेरिया सुसनेर में पदस्थ हैं। प्रदेश के समस्त 55 जिलों में से 45 जिलों में 145 शिक्षकों द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2025 के लिये अपना पंजीयन कराया गया था। इसके बाद राज्य स्तरीय चयन समिति ने 6 शिक्षकों की अनुशंसा केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को भेजी थी। इस प्रक्रिया के बाद प्रदेश के 2 शिक्षकों का चयन राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिये हुआ है। शीला पटेल ने अपनी शाला में बच्चों को खेल-खेल में आनंदमयी शिक्षा दी है। उन्होंने गीत, कविता, कहानी और अभिनय के माध्यम से फाउण्डेशन लिटरेसी मिशन (एफएलएन) का क्रियान्वयन किया है। इसी के साथ उन्होंने अवकाश के दिनों में महिला साक्षरता को बढ़ावा देने के लिये विशेष कक्षाओं का संचालन किया। शीला पटेल ने अवकाश के दिनों में समर कैम्प एवं विंटर कैम्प का आयोजन किया। उन्होंने अपनी पदस्थापना के शाला के गाँव की हर गली व मोहल्लों में जगह-जगह पर बच्चों को सिखाने के उद्देश्य से शैक्षिक पटल व लर्निंग प्लेस तैयार करवाया।

## लोकायुक्त साढ़े 8 महीने बाद भी चालान पेश नहीं कर पाया

### पूर्व आरटीओ कांस्टेबल सौरभ शर्मा मामला : गवाह है, सबूत है, आरोपी है...

भोपाल। मप्र के बहुचर्चित भ्रष्टाचार मामले में आरोपी पूर्व आरटीओ कांस्टेबल सौरभ शर्मा और उसके साथियों को जमानत मिल गई है। हालांकि आरोपी अभी जेल में ही हैं। लेकिन विडंबना यह है कि गवाह है, सबूत है, आरोपी है...फिर भी लोकायुक्त साढ़े 8 महीने बाद भी चालान पेश नहीं कर पाया है। दरअसल, किसी भी मामले में अगर 60 दिन के भीतर चार्जशीट दाखिल नहीं की जाती है तो आरोपी जमानत का हकदार हो सकता है। जब तक की मामला रासुका या मकोका ना हो। लेकिन आज तक लोकायुक्त चालान पेश नहीं कर पाया है।

गौरतलब है कि परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के ठिकानों पर लोकायुक्त के छापे पड़े थे। लोकायुक्त पुलिस ने सौरभ शर्मा के ठिकानों पर छापेमारी कर 234 किलो चांदी और करोड़ों रुपये कैश बरामद किए थे। इसके बाद सौरभ के एक सहयोगी की कार से आयकर विभाग को 54 किलो सोना और 10 करोड़ रुपये नकद मिले थे। इस मामले की तीन एजेंसियां जांच कर रही हैं, जिसमें लोकायुक्त पुलिस, ईडी और आयकर विभाग शामिल है। इस छापे को करीब साढ़े आठ महीने हो चुके हैं, लेकिन अब तक चालान पेश नहीं हो सका है। चालान में देरी के चलते लोकायुक्त प्रकरण में सौरभ और उसके दोनों साथियों चेतन गौर और शरद जायसवाल को विशेष न्यायालय से जमानत मिल चुकी है। हालांकि प्रवर्तन निदेशालय के प्रकरण में सौरभ और शरद अभी जेल में हैं, जबकि तीसरा साथी चेतन 3 सितम्बर तक उच्च न्यायालय द्वारा दी गई अस्थायी जमानत पर जेल से बाहर है।

#### लगातार बढ़ रहीं हैं तारीखें

गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय इस मामले में एक महीने बाद जुड़ा लेकिन ईडी 8 अप्रैल 2025 को न्यायालय में चालान पेश कर दिया है। ईडी ने चेतन की कार से मिले सोने और नकदी सहित कंपनियों में निवेश राशि को भी सौरभ की काली कमाई बताते हुए न्यायालय में इसकी कुर्की का आवेदन भी किया है। लेकिन सबसे पहले छापा मारने वाली आयकर विभाग की टीम द्वारा न्यायालय में चालान पेश नहीं किए जाने से लोकायुक्त की कार्यशैली पर फिर से सवाल खड़े हो रहे हैं। सौरभ और उसके साथियों के मामले में भोपाल जिला न्यायालय में बिना किसी ठोस कार्रवाई या निर्णय के लोकायुक्त और ईडी प्रकरणों में बार-बार न्यायालय में तारीखें बढ़ाई जा रही हैं। पिछली पेशी 30 अगस्त को थी जो बढ़कर 13 सितम्बर हो गई थी। इस दिन शनिवार के साथ-साथ लोक अदालत रहेगी, न्यायालधीशों के लोक अदालत में व्यस्तता के चलते एक बार फिर से पेशी बढ़ सकती है।

#### पिछले साल दिसंबर में पड़ा था छापा

18 दिसम्बर 2024 को सुबह 6 बजे लोकायुक्त टीम ने सौरभ शर्मा के अरेरा कॉलोनी स्थित दो ठिकानों घर और कार्यालय) पर छापा मारा था। सौरभ के ठिकानों से मिली चल-अचल संपत्तियों को सार्वजनिक किए बिना दिनभर चली कार्रवाई संदेह के घेरे में भी रही। क्योंकि लोकायुक्त की कार्रवाई के बीच सौरभ के ठिकाने से उसके साथी चेतन के नाम पर पंजीकृत एक कार निकल भागी, जिसमें 11 करोड़ नकदी और 52 किलो सोना रखा था। चूंकि आयकर विभाग भी सौरभ के ठिकानों पर कार्रवाई के लिए तैयार बैठा था, लेकिन लोकायुक्त के छापे के बाद उसे पीछे हटना पड़ा था। नकदी और सोने से भरी कार के निकल भागने की सूचना मिलते ही आयकर विभाग की टीम इस कार के पीछे लगी और आखिर मेंडोरी के जंगल में इस कार से 11 करोड़ नकदी और 52 किलो सोना जब्त किया था। यह दोनों ही एजेंसियां की जांच सौरभ की भोपाल में जब्त संपत्तियों तक सिमटी रही। लेकिन एक महीने बाद प्रवर्तन निदेशालय इस प्रकरण में शामिल हुआ और ग्वालियर, जबलपुर और भोपाल में सौरभ, चेतन और शरद के ठिकानों के अलावा परिजनों व कुछ रिस्तेदारों के ठिकानों पर भी छापे मारे।

# आईसीसी एकदिवसीय ऑलराउंडरों की रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचे जिम्बाब्वे के रजा

## एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शुभमन, टी20 ऑलराउंडर रैंकिंग में पंड्या शीर्ष पर बरकरार

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ( आईसीसी) की ताजा एकदिवसीय रैंकिंग में जिम्बाब्वे के अनुभवी खिलाड़ी सिकंदर रजा ऑलराउंडरों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गये हैं। रजा के अब 302 रेटिंग अंक हैं। रजा ने अफगानिस्तान के ऑलराउंडरों अजमतुल्लाह उमरजई 296 अंक और मोहम्मद नबी 292 अंक को पीछे छोड़ा। अब उमरजई दूसरे और नबी तीसरे नंबर पर खिसक गये हैं। रजा ने हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ दो एकदिवसीय मैचों की सीरीज में 92 और नाबाद 59 रनों के अलावा एक विकेट भी लिया था। इससे रजा को बल्लेबाजी रैंकिंग में भी नौ स्थान का लाभ हुआ है और वह 22वें स्थान पर चले गए हैं।

एकदिवसीय मैचों की सीरीज के बाद श्रीलंकाई खिलाड़ियों को भी रैंकिंग में लाभ हुआ है। पथुम निसांका 654 अंक लेकर बल्लेबाजी रैंकिंग में सात स्थान ऊपर आकर 13वें पर पहुंच गए हैं। उन्होंने सीरीज में 122 और 76 रन बनाये। वहीं जनिथ लियानागे 13 स्थान के लाभ के साथ ही 29वें स्थान पर पहुंच गये हैं। दूसरी ओर गेंदबाजी रैंकिंग में असिथ फर्नांडो छह पायदान के लाभ के साथ ही 31वें स्थान पर और दिलशान मदुशंका आठ स्थान ऊपर आकर 52वें स्थान पर आ गये हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर केशव महाराज नंबर-1 एकदिवसीय गेंदबाज बने हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय में चार विकेट लेने के बाद 31 रेटिंग अंकों की बढ़त के साथ ही कुल 690 अंक हासिल किये हैं। वहीं भारतीय टीम के शुभमन गिल एकदिवसीय बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। शुभमन के 784 अंक हैं। वहीं टी20 रैंकिंग में भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या 252 अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं। अफगानिस्तान के मो नबी 231 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। नबी ने शारजाह में पिछले हफ्ते तीन मैचों में चार विकेट लिए। अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान दो अर्धशतक लगाने के बाद टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में 12 स्थान ऊपर आकर 20वें पर पहुंच गए हैं।



# सेदिकुल्लाह, जादरान के अर्धशतकों से अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को हराया

शारजाह। सेदिकुल्लाह अटल की शानदार बल्लेबाजी से अफगानिस्तान ने यहां खेली जा रही त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज के मुकाबले में पाकिस्तान को 18 रनों से हरा दिया। इस मैच में अटल की आक्रामक अर्धशतकीय पारी से अफगान टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 169 रन बनाये। सेदिकुल्लाह ने 37 गेंदों पर ही अपने पचास रन पूरे किये। इसके बाद जीत के लिए मिले 170 रनों लक्ष्य का पीछा करते हुए पाक टीम 151 रनों पर ही सिमट गयी। मैच में पाक गेंदबाज अटल का सामना नहीं कर पाये। अटल ने इब्राहिम जादरान के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 80 गेंदों पर ही 113 रन बनाये। सेदिकुल्लाह ने 64 जबकि जादरान ने 65 रन बनाये। इन दोनों अफगान बल्लेबाजों ने पाक गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। जादरान ने 45 गेंदों पर 8 चौके और एक छक्का लगाया।



इससे पहले सेदिकुल्लाह अटल ने दिसंबर 2024 में एकदिवसीय डेब्यू में अपनी चौथी पारी में प्रारूप में अपना पहला शतक लगा था.उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ 104 रन बनाए और अगले मैच में ही अर्धशतक भी लगाया था। वह लाहौर में 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में 95 गेंदों में 85 रन बनाने में सफल रहे थे। सेदिकुल्लाह ने अफगानिस्तान के लिए 12 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 237 रन बनाए हैं जिसमें दो अर्धशतक शामिल है। उनका सबसे अच्छा स्कोर 64 रन रहा है। 9 एकदिवसीय में उनके नाम एक शतक और दो अर्धशतक सहित 335 रन हैं।

# न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने मैकमिलन को बनाया सहायक कोच

क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने विश्वकप के ठीक पहले क्रेग मैकमिलन को महिला क्रिकेट टीम का सहायक कोच बनाया है। मैकमिलन बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण विभागों का जिम्मा संभालेंगे। उनकी नियुक्ति इसी सप्ताह से होगी। नई भूमिका के तहत मैकमिलन का काम महिला टीम को बेहतर बनाना रहेगा। इस बीच वह कमेंट्री और अन्य प्रतिबद्धताओं से दूर रहेंगे। क्रेग इससे पहले पार्ट-टाइम करार पर कोच थे पर अब उन्हें पूरे समय के लिए कोच बनाया गया है।

मैकमिलन साल 2024 में यूएई में हुए आईसीसी टी20 विश्व कप की खिताबी जीत के समय भी टीम के साथ थे। मैकमिलन सहायक कोच बनाये जाने से उत्साहित खुश हैं। उन्होंने कहा, इस भूमिका में होना मेरे लिए बेहद खास है। महिला क्रिकेट लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा, पिछला साल बहुत जल्दी बीत गया। मुझे उस टीम का हिस्सा होने का हर पल बहुत अच्छा लगा, जो लगातार बेहतर होती जा रही है, टीम एक-दूसरे को चुनौती देती है और विश्व मंच पर खास प्रदर्शन करती है। मैकमिलन ने बताया कि विश्व कप को लेकर न्यूजीलैंड की तैयारियां जोरों पर हैं। उन्होंने कहा कि आगामी विश्व कप की तैयारी के लिए अगस्त में चेन्नई में ट्रेनिंग कैंप आयोजित किया, ताकि स्पिन के अनुकूल हालातों के अनुरूप ढल सकें। महिला विश्व कप की की शुरुआत 30 सितंबर से होने जा रही है।

# द्रविड़ ने इस्तीफा नहीं दिया, रॉयल्स ने उन्हें हटाया है - डिविलियर्स

जोहांसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने दावा किया है कि आईपीएल फ्रैंचाइजी राजस्थान रॉयल्स ने राहुल द्रविड़ को कोच पद से हटाया है और उनके इस्तीफा देने की जो भी बातें कही जा रही हैं वह गलत हैं। द्रविड़ को पिछले साल ही राजस्थान रॉयल्स ने कोच बनाया था पर आईपीएल के 2025 सत्र में टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। उनके एक सत्र के बाद ही कोच पद छोड़ने से कई सवाल भी उठ रहे थे। इसी को देखते हुए डिविलियर्स ने कहा कि द्रविड़ को टीम से निकाला गया था, इसी कारण अचानक ही उनका कार्यकाल समाप्त हो गया है। डिविलियर्स ने कहा, मुझे लगता है कि यह फैसला टीम के मालिक या प्रबंधन ने लिया होगा। उन्होंने राहुल को टीम में एक बड़ी भूमिका की पेशकश की थी, जिसे उन्होंने स्वीकार नहीं किया था। वहीं द्रविड़ अभी डगआउट में ही बने रहना चाहते थे। यह शायद उनका अपना फैसला हो हालांकि हम जब भविष्य में उनसे बात करेंगे तो मामला और साफ होगा। द्रविड़ के जाने से हालांकि टीम को नुकसान होगा। द्रविड़ एक बार पहले भी टीम के कोच रहे थे।

रॉयल्स के लिए पिछला सीजन खराब रहा है। साल 2008 की आईपीएल विजेता



टीम ने द्रविड़ को कोच के रूप में लाकर टीम के प्रदर्शन को सुधारने की कोशिश की पर लाभ नहीं हुआ। टीम 14 लीग मैचों में केवल चार ही जीती और औअंक तालिका में नौवें स्थान पर रही।

वहीं रॉयल्स ने कहा, द्रविड़ कई सालों तक राजस्थान रॉयल्स का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। उनके नेतृत्व में खिलाड़ियों की एक नई पीढ़ी को प्रेरणा मिली है। उन्होंने टीम में मजबूत मूल्यों का निर्माण किया और फ्रैंचाइजी की संस्कृति पर अमिट छाप छोड़ी है। टीम की संरचना की समीक्षा के दौरान उन्हें फ्रैंचाइजी में एक बड़ी भूमिका की पेशकश की गई थी पर उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया था।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले ही एकदिवसीय में हारी इंग्लैंड, डेब्यू मैच में फ्लॉप रहे बेकर

हैडिंग्ले। इंग्लैंड को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले ही एकदिवसीय क्रिकेट मैच में करारी हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में पहले बल्लेबाज करते हुए इंग्लैंड की टीम 24.3 ओवर में केवल 131 रन ही बना पायी। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को दक्षिण अफ्रीकी टीम ने 18.1 ओवर में ही 121 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस मैच में डेब्यू करने वाले इंग्लैंड के के तेज गेंदबाज सनी बेकर के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्होंने सात ओवर में ही 76 रन दे दिये पर कोई भी विकेट नहीं ले पाये। इस प्रकार वह इंग्लैंड की ओर से डेब्यू मैच में ही सबसे खराब गेंदबाजी करने वाले गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले स्पिनर लियाम डॉसन के नाम ये रिकार्ड दर्ज था।

बेकर ने अपने सात ओवर में ही 42 रन लुटा दिये। वहीं डॉसन ने भी अपने पहले ही मैच में 8 ओवर में 70 रन दे दिए थे और उन्हें कोई भी विकेट नहीं मिला। उन्होंने साल 2016 में पाक के खिलाफ ये अनचाहा रिकॉर्ड बनाया था। इस सीरीज के पहले ही मैच में बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 24.3 ओवर में केवल 131 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका की ओर से स्पिनर केशव महाराज ने 5.3 ओवर में ही 22 रन देकर 4 विकेट लिए जबकि ऑलराउंडर वियान मुल्डर ने 33 रन देकर तीन विकेट लिए। .

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर इंग्लैंड का दूसरा सबसे कम स्कोर 131 रन है। इससे पहले इंग्लैंड का सबसे कम स्कोर 110 रन रहा था।





वहीं 19 जनवरी 1996 में इंग्लैंड ने ईस्ट लंदन में 115 रन बनाए थे। इंग्लैंड की ओर से सलामी बल्लेबाज जेमी स्मिथ ने 54 रन बनाए। वहीं कोई भी बल्लेबाज 20 रन से ऊपर नहीं पहुंच पाया। इस मैच में जीत के लिए 132 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए एडेन मार्करम के 86 रनों की सहायता से दक्षिण अफ्रीकी टीम ने 18.1 ओवर में 121 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।

# हैरी ब्रूक का रन आउट होना इंग्लैंड को भारी पड़ा

हैडिंग्ले। यहां इंग्लैंड को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के पहले ही मैच में हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रुक की एक गलती टीम को भारी पड़ गयी। इस मैच में हैरी रन आउट हो गये। टीम के 54 साल के इतिहास में ये पहली बार है जब कोई कप्तान रन आउट हुआ है। इस मैच में दक्षिण अफ्रीकी टीम के कप्तान टेम्बा बावुमा ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया मेजबान टीम पूरी तरह से विफल रही और 25 ओवर भी पूरे नहीं खेल पाई। इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और तीसरे ही ओवर में बेन डकेट पेवेलियन लौट गए। इसके बाद जो रूट और जेमी स्मिथ ने कुछ देर पारी भी टिक नहीं पाये। कप्तान हैरी ब्रूक क्रीज पर आए और वह 12 रन बनाकर खेल रहे पर तभी सलामी बल्लेबाज जेमी स्मिथ के साथ एक गलतफहमी के कारण रन आउट हो गए।

# कृष्णा बोले, मैंने तारीफ की थी पर बेवजह भड़क गये थे रुट

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा है कि ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट के दौरान उन्होंने इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट की तारीफ की थी पर उसे गलत समझ लिया गया। कृष्णा के अनुसार वह समझ नहीं पाये कि रुट इतने गुस्से में क्यों आ गये थे, इस मैच में रूट और कृष्णा के बीच काफी बहस हुई थी। कृष्णा ने इसी को लेकर से कहा, ''मुझे नहीं पता कि रूट क्यों भड़क गये दी। मैंने तो बस इतना कहा था, 'आप अच्छे लग रहे हो' और इसी से बात बिगड़ गयी। मैंने कई खिलाड़ियों से बात की। मैंने रूट से भी बात की। मैंने पूछा क्या हुआ था तो उन्होंने कहा, 'मुझे लगा तुमने मुझे गाली दी'। मैंने कहा, 'नहीं, मैंने तो ऐसा कुछ नहीं कहा था'। रूट ने फिर कहा, 'असल में मैं अपने को भी प्रेरित करने की कोशिश कर रहा था, इसलिए बात बढ़ गयी थी।''

वहीं कृष्णा ने कहा, ''मैं हमेशा से इसे इसी तरह खेलता आया हूं। हर किसी को खासकर उनके जैसे दिग्गज को आज भी अपना सब कुछ झोंकते और टीम के लिए संघर्ष करते देखकर अच्छा लगता है। आप मैच जीतने के लिए मैदान में जाते है। इसके लिए कभी-कभी आपको कौशल से ज्यादा की जरूरत होती है। उस सफर का हिस्सा बनने के लिए मानसिक मजबूती की जरूरत होती है।'' कृष्णा ने इंग्लैंड में तीन टेस्ट मैच खेले और इनमें कुल 14 विकेट लिए। वहीं रुट ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए 500 से ज्यादा रन बनाये हैं।

# इंग्लैंड के आईसीसी रैंकिंग में आठवें नंबर पर खिसकते ही जाफर ने वॉन पर कसा ताना

हैडिंग्ले। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले ही एकदिवसीय मैच में मिली शर्मनाक हार के बाद मेजबान इंग्लैंड की टीम आईसीसी रैंकिंग में आठवें नंबर पर खिसक गयी है। इसी को देखते हुए भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज वसीम जाफर ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइक वान पर व्यंग्य कसा है। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका की टीम ने आधे ओवरों में ही जीत हासिल कर ली थी। इंग्लैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 24.3 ओवर में ही 131 रन ही बना पायी। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका ने 20.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया था।



जाफर और वॉन सोशल मीडिया पर एकदूसरे की खिंचाई करते रहते हैं। इस बार जाफर को अवसर मिल गया। जाफर ने इंग्लैंड की खराब रैंकिंग पर वॉन को टैग करते हुए कहा, इंग्लैंड आठवे नंबर पर , यह निश्चित रूप से क्रिकेट भावना के खिलाफ है। आईसीसी को इस पर ध्यान देना चाहिये इस मैच में 132 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की ओरे से एडन मारक्रम ने 13 चौके और दो छक्कों की सहायता से 86 रनों की पारी खेली।

# जुरेल बीमार होने के कारण सेमीफाइनल से भी बाहर, वाडकर शामिल

मुम्बई । मध्य क्षेत्र के कप्तान ध्रुव जुरेल बीमार होने के कारण गुरुवार से शुरु हो रहे दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में भी नहीं खेलेंगे। जुरेल कमर में दर्द के कारण क्वार्टर फाइनल से भी बाहर थे। अब उनके एशिया कप में भी खेलने की संभावना काफी कम है। वहीं मध्य क्षेत्र के मुख्य कोच उस्मान गनी ने कहा है कि जुरेल डेंगू से पीड़ित हैं इसलिए दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में भाग नहीं ले पाएंगे। उन्होंने कहा कि उनकी जगह पर क्षय वाडकर को विकेटकीपर-बल्लेबाज के तौर पर रखा गया है। जुरेल के बाहर होने से रजत पाटीदार ने क्वार्टर फाइनल में सेंट्रल जोन की कप्तानी की। कोच ने कहा, हां, वाडकर को सेंट्रल ज़ोन टीम में शामिल किया गया है क्योंकि जुरेल डेंगू से पीड़ित हैं। वह अगले मैच के लिए उपलब्ध नहीं हैं इसलिए हमें टीम में एक और विकेटकीपर की जरूरत थी।



जुरेल ने हाल ही में इंग्लैंड दौरे में ऋषभ पंत के चोटिल होने पर विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी उठायी थी। जुरेल के अलावा, कुलदीप यादव ने भी टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है क्योंकि वह एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम के साथ दुबई जाएंगे। मध्य क्षेत्र की टीम इस प्रकार है।

रजत पाटीदार (कप्तान), अक्षय वाडकर, आर्यन जुयाल, दानिश मालेवार, संजीत देसाई, यश ठाकुर, आदित्य ठाकरे, दीपक चाहर, सारांश जैन, आयुष पांडे, शुभम शर्मा, यश राठौड़, हर्ष दुबे, मानव सुथार, खलील अहमद

स्टैंडबाय = माधव कौशिक, युवराज चौधरी, महिपाल लोमरोर, कुलदीप सेन, उपेंद्र यादव

# शुभमन स्टार बने, इसलिए एशिया कप के लिए शामिल किया गया -उथप्पा

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने कहा है कि एशिया कप के लिए शुभमन गिल को भारतीय टीम में शामिल करने का कारण उनका स्टार बनना है। उथप्पा ने कहा कि भारतीय क्रिकेट में एक स्टार कल्चर है जो अब भी जारी है। इसी कारण हर दौर में किसी न किसी खिलाड़ी को लाभ होता है। उथप्पा के अनुसार शुभमन को अचानक ही शामिल करने से प्रबंधन के लिए कई परेशानियां आ गयी हैं। इससे सलामी बल्लेबाजी के साथ ही अंतिम ग्यारह खिलाड़ियों का चयन भी प्रभावित होगा। शुभमन को एक साल से ज्यादा समय बाद टी20 में वापसी का अवसर मिला है। उन्होंने अपना पिछला टी20 अंतरराष्ट्रीय जुलाई 2024 में श्रीलंका दौरे पर खेला था जहां से बतौर कोच गौतम गंभीर के कार्यकाल की शुरुआत हुई थी।

शुभमन को शामिल करने से जो मुश्किलें आयेंगी इसके बारे में तो उथप्पा ने साफ-साफ कुछ नहीं कहा लेकिन उनका संकेत सलामी जोड़ी की तरफ हो सकता है। पिछले एक-डेढ़ साल से टी20 में अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन की सलामी जोड़ी सफल रही है पर शुभमन के आने के बाद अब सैमसन को अवसर मिलना कठिन होगा हालांकि सैमसन जिस तरह से केरल क्रिकेट लीग में बल्लेबाजी कर रहे हैं। उससे वह बतौर ओपनर अपना दावा और भी मजबूत कर रहे हैं जिसे नजरअंदाज करना संभव नहीं होगा।

उथप्पा ने साथ में यह भी कहा कि शुभमन को एशिया कप के लिए चुनने के पीछे कुछ हद तक बिजनस का भी मामला है क्योंकि वह पहले से ही भारतीय क्रिकेट के एक सुपर स्टार हैं।

# यूएई के वसीम टी20 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले कप्तान बने, रोहित को पीछे छोड़ा

दुबई। युएई क्रिकेट टीम के कप्तान मुहम्मद वसीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज के मैच में 6 छक्के लगाते ही एक बड़ा रिकार्ड अपने नाम कर लिया है। अब वसीम टी20 अंतरराष्ट्रीय में कप्तान के तौर पर सबसे अधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। इससे पहले ये रिकार्ड भारतीय टी20 टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के नाम था। रोहित ने टी20 में कप्तान के तौर पर 105 छक्के लगाये थे पर अफगानिस्तान के खिलाफ 6 छक्के लगाने के साथ ही यूएई के कप्तान वसीम के नाम अब 110 छक्के हो गये हैं।



इस मैच में रिकार्ड बनाने के बाद भी वसीम अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाये। अफगानिस्तान ने यूएई को 38 रन से हराया। .वहीं बल्लेबाज के तौर पर रोहित इस समय टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी हैं। वहीं दूसरे नंबर पर वसीम है। वसीम ने 80 मैचों में 176 छक्के लगाये हैं जबकि रोहित ने 159 मैचों में सर्वाधिक 205 लगाये हैं। तीसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के मार्टिन गप्टिल के नाम 176 छक्के हैं।

### टी20 में कप्तान के तौर पर सबसे अधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी

1 मुहम्मद वसीम (यूएई) - 110 छक्के

2 रोहित शर्मा (भारत) - 105 छक्के

3 ऑएन मॉर्गन (इंग्लैंड) - 86 छक्के

4 एरॉन फिंच (ऑस्ट्रेलिया) - 82 छक्के

5 कडोवाकी फ्लेमिंग (जापान) - 79 छक्के

# चिन्नास्वामी स्टेडियम हादसे के कारण सबसे खुशी का दिन ही सबसे दुखदायी बना -विराट

लंदन। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) की खिताबी जीत के बाद विक्ट्री परेडा हादसे को लेकर अपनी तोड़ी चुप्पी तोड़ी है। विराट ने कहा है कि चार जून को भगदड़ के कारण हुए इस दर्दनाक हादसे के कारण टीम का सबसे खुशी का दिन ही सबसे दुखदायी बन गया था। इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गयी थी। आरसीबी के 18 साल में पहली बार आईपीएल खिताब जीतने के बाद एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुए जश्न में ढाई लाख के करीब प्रशंसक जमा हो गये थे।

कोहली ने कहा, ''आप कभी भी इस तरह की दिल तोड़ने वाली घटना का सामना नहीं करना चाहते। जो हमारी टीम के इतिहास का सबसे खुशी का पल होना चाहिए था, वह इसी कारण से एक दुखद घटना में बदल गया।'' उन्होंने कहा, ''मैं अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों और चोटिल हुए अपने प्रशंसकों के बारे में सोचता हूं और प्रार्थना करता हूं। आपकी क्षति अब हमारी कहानी का हिस्सा है। हम मिलकर सावधानी, सम्मान और जिम्मेदारी से आगे बढ़ेंगे।''



इस अराजकता का कारण स्टेडियम में जरुरत से अधिक भीड़ भी। ये फ्रेंचाइजी द्वारा सोशल मीडिया पर भेजे गए निमंत्रणों के कारण उमड़ी थी। पुलिस ने स्वीकार किया कि दर्शकों को नियंत्रित करने के लिए उनके पास संख्या बल बहुत कम था और जांच में आरसीबी को प्रशंसकों को बड़ी संख्या में आने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए जिम्मेदार ठहराया गया।

आरसीबी ने इस घटन के शिकार हुए मृतकों के परिवारों को 25-25 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की और उनकी स्मृति में सार्थक कार्रवाई करने का संकल्प लिया। इसके अलाव 'आरसीबी केयर्स ' नामक एक फाउंडेशन भी शुरू किया है जो पीड़ित परिवारों की सहायता करने के अलावा भविष्य के कार्यक्रमों पर नजर रखेगा।

# उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा जेएसके बैंक बालाघाट: कलेक्टर मीना

## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट की 114वीं वार्षिक साधारण सभा हुई सम्पन्न

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट की 114 वीं वार्षिक साधारण सभा 2024-25 का आयोजन 03 सितम्बर को बैंक मुख्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर व बैंक प्रशासक मृणाल मीना, सहायक कलेक्टर आकाश अग्रवाल, राजेश उइके उपायुक्त सहकारिता, पी.जोशी प्र. मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

इस दौरान कलेक्टर मीना ने वार्षिक साधारण सभा में प्रशासकीय उद्बोधन देते हुए कहा कि जेएसके बैंक लगातार उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है। जिले के 99.76 प्रतिशत कृषक परिवार सहकारिता से जुड़े है, आलोच्य वर्ष में बैंक की अंशपूजी 3273.37 लाख रुपए, रक्षितकोष एवं अन्य निधियॉ 9180.94 लाख रुपए, अमानत 100616.87 लाख रुपए, कार्यशील पूंजी 129821.06 लाख रुपए, 63232.87 लाख रुपए का विनियोजन एवं वसूली 82.62 प्रतिशत रही। जिले की 126 समितियॉ कम्प्यूटरीकृत की गई है जिससे समितियों के कार्यो में पारदर्शिता एवं त्वरित सेवाए कृषको को उपलब्ध



### उत्कृष्ट कार्य के लिए हुए सम्मानित

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक मीना द्वारा वर्ष 2024-25 में अमानत संग्रहण, अल्पकालीन ऋण वितरण, कृषि ऋणों की वसूली और सहकार से समृद्धि के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य किये जाने के चलते शाखा खैरलांजी, अमानत शाखा बालाघाट, लामता, बैहर, बिरसा, तिरोड़ी, डोकरबंदी, भजियादण्ड, सिरपुर एवं बुदबुदा को प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया गया। वार्षिक साधारण सभा का आभार प्रदर्शन राजेश नगपुरे फिल्ड अधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर छगन हनवत ओजस बीज उत्पादक सह. समिति वारासिवनी, वेदप्रकाश पटेल विपुल बीज उत्पादक सह. समिति सिगोड़ी, मती शीला सिंह प्रशासक गायत्री उप. भण्डार बालाघाट, विनोद नहाटा विकास प्र.स.स. बालाघाट, मती दुर्गा कसार प्रिय दर्शनी प्रा.उ.सह. भण्डार बालाघाट, यशवंत टेंभरे मार्केटिंग सोसायटी कटंगी, रूपचंद मेश्राम मत्स्य उद्योग स.स. केशलेवाड़ा, धनसिंह पटले दुग्ध स.स. कंजई, संदीप सिंह, आशुतोष दुबे, खिलेन्द्र चैहान, रामप्रसाद राउत, धरम लिल्हारे, अशोक, मनोहर, लिल्हारे अधिवक्ता, सहकारिता विभाग से प्रशासक सूरज पन्द्रे, रमेश परस्ते, दिनेश सलामे, राकेश उइके, अतुल राय, आर.के. पौनीकर, के.एस. सैयाम, सी.पी. सिंह, हर्षित भलावी, मती अन्नमा हरपाल, मती सीमा दुबे, मनोहर यादव, आशीष मिश्रा, सतीश कोरी, प्रकाश साहू, राजेश दुबे, धनेन्द्र कटरे, सारंग बिसेन, नीरज बिसेन, अमरेश परिहार आदि उपस्थित रहे।

### बैंक सीईओ जोशी ने किया विषय वाचन

114वीं वार्षिक साधारण सभा के अवसर पर पी. जोशी प्र. मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक के मार्गदर्शन में बैंक लगातार प्रगति की ओर अग्रसर है। जिले प्रदेश के प्रशासनिक अधिकारियों, किसानों, समिति प्रतिनिधियों, प्रशासक, शाखा प्रबंधको, पर्यवेक्षको, संस्था प्रबंधको, बैंक मुख्यालय के अधिकारी, कर्मचारियों आदि के सहयोग से ही बैंक प्रगति संभव है। सीईओ जोशी क्र. 1 से 8 तक विषयों का वाचन किया जिस पर उपस्थित प्रतिनिधियो द्वारा अनुमोदन किया गया।

### नवाचार में बेहतर कार्य

वार्षिक साधारण सभा को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर मीना ने कहा कि सहकारिता में नवाचार अंतर्गत जिले की 126 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को कॉमन सर्विस सेंटर के अंतर्गत पंजीयन कराया गया है, जिससे समिति के कार्यक्षेत्र के कृषको को समिति स्तर पर ही अनेक सुविधाये प्राप्त हो रही है, प्रधानमंत्री जन औषधी केन्द्र, वृहद अनाज भंण्डारण योजना अंतर्गत प्रदेश में एकमात्र गोदाम समिति परसवाड़ा में बनाया गया है। समितियों में बहुउद्देशीय व्यवसाय के लिए इफको आउटलेट के लिए 3 समितियों का चयन किया गया है। समिति बुदबुदा में धर्मकांटा का व्यवसाय से लाभ अर्जित हुआ है और समिति लालबर्रा में फोटोकाफी, प्रिंटआउट की सुविधा प्रारंभ की गई है। जिसके चलते बैंक से संबंध समितियों में नवाचार को लेकर बेहतर कार्य किया जा रहा है।

कलेक्टर मीना ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से किसानो की आय को दुगुना करने के लिए शासन द्वारा अनेक किसान हितैषी योजनाओं को सफलता पूर्वक लागू किया गया है। बैंक द्वारा 52353.31 लाख रुपए का अल्पकालीन ऋण वितरण किया गया है तथा समितियों के माध्यम से 58079 मीट्रीक टन रासायनिक खा का वितरण किसानों को हुआ है एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2024 एवं रबी 2024-25 में 42920 किसानों को फसल बीमा किया है। कलेक्टर मीना ने उपस्थित समिति प्रशासको अन्य भागीदार समितियों के प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि बैंक के कालातीत ऋणों की वसूली में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करे। इस अवसर पर पीपीटी के माध्यम से बैंक शाखा एवं समितियों के द्वारा किये जाने वाले कार्यो में माईक्रो एटीएम, पैक्स कम्प्यूटराईजेशन, बैंक द्वारा ग्राहको को दी जा रही सुविधाए, बैंक की आगामी कार्यवाही, बैंक का लाभ, प्रदत्त अंशपूंजी, विनियोजन, अमानते, ऋणार्जन, कार्यशील पूंजी, वसूली, अमानत वृद्धि, खरीफ ऋण वितरण, ईआरपी की स्थिति, मध्यमकालीन ऋण, पशु पालन केसीसी, मत्स्य पालन केसीसी का प्रदर्शन ग्राफ के माध्यम से किया गया है। जिसके चलते कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक मीना द्वारा कहा कि निश्चित तौर पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, बालाघाट की स्थिति प्रदेश में बेहतर बैंको में है।

## विभागीय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए कन्या शिक्षा परिसर बालाघाट की 07 छात्राओं का चयन



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। शासकीय कन्या शिक्षा परिसर बालाघाट की 07 बालिकाएं अर्चना धुर्वे, लक्ष्मी मरकाम, निधि धुर्वे, नीलम पंद्रे, सुशीला मरकाम, आंचल पंद्रे एवं पूजा मरकाम का राज्य स्तरीय फुटबाल के लिए चयन किया गया है। एक ही संस्था से 07 बच्चों का चयन होना संस्था के लिए गर्व की बात है। बालाघाट जिले की यह बालिकायें अनूपपुर में 04 से 05 सितंबर तक आयोजित होने वाली विभागीय राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी। संस्था में कार्यरत पीटीआई कमल किशोर तेलासे ने बताया कि खेल कैलेंडर के अनुसार संभागीय स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन बैहर मे 01 से 02 सितंबर 2025 को किया गया। जिसमें मंडला, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी और बालाघाट जिले की छात्रायें शामिल हुई थी। इस प्रतियोगिता में बालाघाट जिले के अच्छे प्रदर्शन के कारण बालाघाट जिले से 8 बच्चों का चयन किया गया है, जिसमें शासकीय कन्या शिक्षा परिसर बालाघाट की 07 छात्रायें शामिल हैं और कन्या शिक्षा परिसर परसवाड़ा की एक छात्रा कुमारी मंगेश्वरी शामिल है। चयनित छात्राएं विभागीय राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता अनूपपुर में हिस्सा लेंगी। राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 04 से 05 सितंबर तक अनूपपुर में होगा। चयनित बच्चों को विभाग प्रमुख सहायक आयुक्त मति शकुंतला डामोर, संस्था के प्राचार्य पीके अंगूरे, जिला खेल प्रभारी डीके मेश्राम, एथलेटिक्स जिला संघ के अध्यक्ष नरेश धुवारे, कराटे प्रशिक्षक साजिद कृष्णन कुट्टी, आकाशवाणी उद्घोषक अजय ठाकुर एवं संस्था के समस्त स्टाफ ने बधाई और शुभकामनाएं दीं है।

## स्टार हेल्थ जनरल इंश्योरेंस जबलपुर भरेगी हर्जाना

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। बालाघाट के जिला उपभोक्ता आयोग ने उपभोक्ता गौरांग अग्रवाल के प्रकरण में स्टार हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी जबलपुर को सेवा में कमी का दोषी पाते हुए हर्जाने के तौर पर एक लाख 25 हजार रूपए, 16 हजार रूपए ब्याज तथा वाद व्यय की राशि देने का आदेश पारित किया है।बताया गया कि, उपभोक्ता गौरांग अग्रवाल के पिता सचिन अग्रवाल ने स्टार हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी जबलपुर से फैमिली हेल्थ आप्टीमा इंश्योरेंस प्लान लिया था। कंपनी के अभिकर्ता नीरज दुबे के माध्यम से 27 हजार 45 रूपए में 5 मई 2023 से 4 मई 2024 तक था। इसी बीच 23 मई को गौरांग अग्रवाल घर पर गिर गया था। जिसे एंकल बोन में फ्रेक्चर होने पर नागपुर के सुयोग हॉस्पिटल में उसका ईलाज कराया गया था। जिसका खर्च एक लाख 25 हजार रूपए आया था। जिसके बाद जब बीमा कंपनी से बीमा क्लेम को लेकर सभी दस्तावेज दिए गए थे तो कंपनी ने उनके सभी बीमा दावे को निरस्त कर दिया। जिसको लेकर गौरांग अग्रवाल ने जिला उपभोक्ता आयोग में अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण दर्ज कराया था। जिसमें जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग अध्यक्ष उपेन्द्र कुमार




सोनकर, सदस्य डॉ. महेश चांडक और हर्षा बिजेवार की संयुक्त बैंच ने प्रकरण में सुनवाई की।

### कंपनी का बीमा दावा न देना, सेवा में कमी है-बिजेवार

जिला उपभोक्ता आयोग सदस्य हर्षा बिजेवार ने बताया कि संयुक्त बैंच के प्रकरण में की गई सुनवाई उपरांत, यह पाया गया कि जबलपुर के स्टार हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी ने बीमा दावा देने, सेवा में कमी की है। जिस पर उपभोक्ता गौरांग अग्रवाल के ईलाज में खर्च हुई क्षतिपूर्ति राशि एक लाख 25 हजार रूपए सहित 16 जून 2023 से भुगतान तक 6 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज तथा आवेदक को शारीरिक, मानसिक वेदना की क्षतिपूर्ति 5 हजार रूपए, ईलाज के दौरान हुए आर्थिक खर्च 10 हजार सहित वाद व्यय एक हजार रूपए बीमा कंपनी आवेदक को अदा करेगी।

## नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 100 ग्रामों में विकास कार्यों के प्रस्तावों पर कलेक्टर ने की अधिकारियों से चर्चा

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। बालाघाट जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 100 ग्रामों को चिन्हित कर उनमें बुनियादी सुविधाओं के विकास एवं शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष प्रयास किये जा रहे है। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर मृणाल मीना ने अधिकारियों की बैठक लेकर चिन्हित ग्रामों के लिए प्रस्तावित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, सहायक कलेक्टर आकाश अग्रवाल एवं विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार करने वाले विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक में बताया गया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र के चिन्हित 100 ग्रामों के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा 31 करोड़ 76 लाख 66 हजार रुपये की सड़को, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 02 करोड़ 08 लाख रुपए के पेयजल संबंधी कार्य, पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा 13 करोड़ 44 लाख 16 हजार रुपए के विद्युतीकरण कार्य, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 02 करोड़ 68 लाख रुपए के स्वास्थ्य सेवा संबंधी कार्य, खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 06 करोड़ 60 लाख रुपए के उचित मूल्य दूकान व गोदाम निर्माण, महिला बाल विकास द्वारा 05 करोड़ 63 लाख रुपए के आंगनवाड़ी सेवाओं के विस्तार कार्य, शिक्षा विभाग द्वारा 09 करोड़ 42 लाख 80 हजार रुपए, आयुष विभाग द्वारा 03 करोड़ 45 लाख रुपए, उद्योग विभाग द्वारा 08 करोड़ 35 लाख रुपए, मत्स्योद्योग द्वारा 02 करोड़ 33 लाख रुपए, पशुपालन विभाग द्वारा 45 लाख रुपए, जनजाति कार्य विभाग द्वारा 11 करोड़ 91 लाख रुपए, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा 189 करोड़ रुपए, पंचायत एवं ग्रामीण विकास द्वारा 71 करोड़ 21 लाख रुपए, उद्यानिकी विभाग द्वारा 28 लाख 27 हजार रुपए तथा जल संसाधन विभाग द्वारा 260 करोड़ 82 लाख रुपए के कार्य प्रस्तावित किये गए है।

बैठक में कलेक्टर मीना ने विभागवार प्रस्तावित कार्यों एवं उनकी उपयोगिता के संबंध में की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र के चिन्हित ग्रामों में खरीफ के साथ-साथ रबी सीजन में फसलों की सिंचाई सुविधा के लिए जल संरचना के कार्य प्रस्तावित करें। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया गया कि चिन्हित ग्रामों में बीटी सडक की बजाए सीसी सड़क प्रस्तावित करें। एमपीईबी के अधिकारी को चिन्हित ग्रामों में बिजली उपलब्ध कराने के लिए ट्रांसफॉर्मर एवं लाईन विस्तार के कार्य प्रस्तावित करने कहा गया। उद्योग विभाग एवं आईटीआई के अधिकारी को नक्सल क्षेत्र के युवाओं को रोजगार मूलक गतिविधियों से जोड़ने के लिए कौशल उन्नयन प्रशिक्षण एवं उन्नत मशीनो तथा फूड प्रोसेसिंग के प्रस्ताव तैयार करने कहा गया।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी द्वारा बताया गया कि नक्सल क्षेत्र के 100 ग्रामों में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की सुविधा बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इन सेंटरों पर स्वास्थ्य संबंधी 16 प्रकार की जांच एवं टेलीमेडिसिन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही घुम्मुर में स्वास्थ्य केंद्र भवन का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है। आयुष विभाग द्वारा आयुष पद्धति से उपचार की सुविधाओं के विस्तार का प्रस्ताव तैयार किया गया है। मत्स्योद्योग विभाग द्वारा 22 ग्रामों में तालाब निर्माण एवं मत्स्य पालन व विक्रय संबंधी अन्य सुविधाओ के प्रस्ताव तैयार किये गए है। उद्योग विभाग द्वारा बैहर आईटीआई के लिए 100 सीटर, किरनापुर के लिए 60 सीटर एवं परसवाड़ा आईटीआई के लिए 50 सीटर छात्रावास का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके साथ ही आईटीआई में उन्नत मशीनें एवं उपकरण उपलब?ध कराने का प्रस्ताव भी है।

बैठक में सहायक संचालक उद्यान क्षितिज करहाड़े, सहायक संचालक मत?स?योद्योग सु पूजा रोडगे, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. ऋत्विक पटेल, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मती शकुंतला डामोर, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के महाप्रबंधक तोमेंद्र जौहरे, जिला उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक मती प्रीति मर्सकोले, जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी आरके ठाकुर, एमपीईबी के अधीक्षण यंत्री अमित कुमार, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला सोलंकी, सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक जीपी बर्मन एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## गृहमंत्री अमित शाह के हस्ते सम्मानित हुए किरनापुर के थानसिंह नेवारे

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। तहसील मुख्यालय ग्राम किरनापुर के गौरव थानसिंह नेवारे को भारत देश के गृहमंत्री श्री अमित शाह जी द्वारा सम्मानित किया गया। बताए कि विगत दिनों कर्रे गुट्टा (छ.ग.)की पहाड़ियों मे 1000 से ज्यादा नक्सली की मौजूदगी खबर सुरक्षा बलो को मिली थी जिसमे लगभग 6000 जवानो ने 60 किलोमीटर की पहाड़ियों को घेरकर ऑपरेशन चलाया एवं 31 नक्सली मार गिराये ।इस मुठभेढ़ मे किरनापुर के जाबाज थानसिंह नेवारे की अहम भूमिका रही ।इस ऑपरेशन मे आईईडी बम की चपेट मे थानसिंह नेवारे घायल भी हो गए थे,जिनका माह भर इलाज भी चला। इसी अदम्य साहस के लिए कल रायपुर मे इन्हे सम्मानित किया गया। किरनापुर के गौरव थानसिंह नेवारे को सभी मित्रो, समाजसेवियों एवं किरनापुर क्षेत्र की जनता ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



## आयोग मित्र फिरोजा खान बनी यूनाईटेड नेशन रिसोर्स सेंटर की प्रदेश कोआर्डिनेटर

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मानव अधिकारो के साथ ही महिलाओं के शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण, लैगिंग समानता, वूमन ट्रेफेकिंग जैसे अन्य सामाजिक कार्यो में अहम भूमिका निभाने वाली जिले की मानव अधिकार आयोग मित्र फिरोजा खान को यूनाईटेड नेशन रिसोर्स सेंटर में मध्यप्रदेश का कोआर्डिनेटर बनाया गया है।श्रीमती खान विगत 25 वर्षो से यूनेस्को से जुड़ी है और सक्रिय रूप से राष्टीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेक कार्यक्रमों में सहभागिता कर चुकी है। जिसमें प्रमुख रूप से शिक्षा, जलवायु परिवर्तन, विश्व धरोहर, मानवाधिकारों की सुरक्षा और सस्टेनेबल डेवलपमेंट में अनेक कार्यशाला में उन्होंने प्रतिनिधित्व किया है। श्रीमती खान के कार्यो को देखते हुए यूनाईटेड नेशन रिसोर्स सेंटर गुहावटी के डायरेक्टर डॉ. अश्विनी शर्मा ने मध्यप्रदेश का कोआर्डिनेटर मनोनित किया है।आपको बताते चले कि श्रीमती खान को यूनेस्को से विशिष्ट सेवा सम्मान महावीर इंटनेशनल के सनसाईन इंटरनेशनल वूमन अवार्ड से सहित कई पुरस्कारों से किया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता फिरोजा खान, लंबे समय से मानव अधिकार आयोग मित्र के दायित्वों का बखूबी निर्वहन करने के साथ ही सामाजिक सेवा के क्षेत्र में भी काम कर रही है। यही कारण है कि इससे पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के हस्ते शहीद अशफाक उल्ला, राज्यस्तरीय अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा तत्कालीन महामहिम राज्यपाल बलराम जाखड़ के हाथो फखे मिल्लत अवार्ड, यूनेस्को से पीस मैंसेजर अवार्ड और तेलंगाना काउंसिल से महिला शिरोमणी अवार्ड से वे नवाजी जा चुकी है।



## आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत बालाघाट में आयोजित हुआ प्रशिक्षण

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। भारत सरकार के आदि कर्म योगी अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत बालाघाट के सभाकक्ष में दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन 03 एवं 04 सितंबर को किया जाना है। इसी कड़ी में 03 सितंबर को आयोजित प्रशिक्षण में बालाघाट विकासखण्ड अंतर्गत चयनित 11 धरती आबा ग्रामों में कार्यरत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से सचिव- रोजगार सहायक, महिला बाल विकास से आगनवाड़ी कार्यकर्ताएं, स्वास्थ्य विभाग से एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताएं, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से मेकेनिक, वन विभाग से वन रक्षक एवं शिक्षा विभाग से शिक्षक सम्मिलित हुए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रारंभ एसडीएम गोपाल सोनी द्वारा किया गया। जिसमें ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर मती ममता कुलस्ते सीईओ जनपद पंचायत, शैलेन्द्र कुमार चौकसे सीडीपीओ महिला बाल विभाग, शपननाथ ब्लॉक समन्वयक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खेमसिंह सहारे ब्लॉक मोबीलाइजर स्वास?थ?य विभाग एवं रिनल उइके क्षेत्र संयोजक जनजातीय कार्य विभाग द्वारा आदि कर्मयोगी के प्रशिणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदाय किया गया ।

## शहर में दिन-दहाड़े चोरी

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। शहर में दिन दहाड़े हो रही चोरियों की गुत्थी सुलझने का नाम नहीं ले रही है. चोर दिन दहाड़े सूने मकानों को अपना निशाना बना रहे है. चोरी की ऐसी ही एक वारदात बुधवार को नगर के वार्ड क्रमांक 13 सतारा में घटित हुई है. सतारा निवासी ईश्वरी पटले के सूने मकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया. चोरों ने बुधवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे से 2 बजे के बीच उस वक्त चोरी की वारदात को अंजाम दिया जब घर पर कोई नहीं था. ईश्वर पटले की धर्मपत्नी रेखा पटले सतारा में ही अपने मां के घर भगवान गणेश की पूजा में शामिल होने के लिए गई हुई थी. दोपहर 02 बजे के बाद जब वह घर लौटी



तो सामने के दरवाजे का ताला टूटा था और घर के भीतर सामान पूरी बिखरा पड़ा था. घर में चोरी होने की सूचना रेखा पटले ने अपने पति को दी. काम पर गए पति तत्काल घर लौटकर आए और शाम 04 बजे पुलिस को घर में चोरी होने की सूचना दी गई. चोरी की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुसराम घटनास्थल पर पहुंचे।

रेखा पटले ने बताया कि अज्ञात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर 02 जोड़ी कान की बाली, 2 जोड़ी चांदी की पायल, 02 सोने की नाक की लौंग, एक चांदी की मांग डिब्बी, 02 चांदी के सिक्के, सोने की 4 मणी, चांदी का कमरबंध और करीब 20 हजार रुपए नकदी रकम की चोरी की है. गौरतलब हो कि करीब एक माह पूर्व सतारा से करीब 01 किमी. दूर ग्राम सेलवा में भी दिलीप ठाकरे के घर भी अज्ञात चोरों ने दिन-दहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम दिया था. इस चोरी का भी अब तक पता नहीं चल पाया है. पुलिस चोरी की घटनाओं के बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

## जलझूलनी एकादशी पर, भगवान को कराया गया जलविहार

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। बुधवार को नगर में जलझूलनी एकादशी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. शाम 4 बजे नगर के बड़ा श्रीराम मंदिर और सिवनी रोड़ स्थित श्री राधा गोंविद कृष्ण मंदिर से डोल उठाए गए और नगर के प्रमुख मार्गों से होते वारासिवनी रोड़ स्थित चंदन नदी में भगवान को जल विहार करवाया गया. शहर में जगह-जगह डोल पर पुष्प वर्षा कर स्वागत सत्कार किया गया और श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की. डोल ग्यारस पर निकली शोभायात्रा में भगवान शिव, भगवान कृष्ण, भगवान गणेश, माता सरस्वती की जीवंत झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रही. श्रद्धालुओं ने डोले में विराजे भगवान की पूजा अर्चना कर आरती उतारी. पौराणिक कथाओं के अनुसार माना जाता है कि जब भगवान कृष्ण का जन्म हुआ, तब उनकी मां यशोदा ने उन्हें एक पालने में झुलाया था. इसी कारण इस एकादशी को जलझूलनी एकादशी या डोल ग्यारस के नाम से जाना जाता है. एक और मान्यता के अनुसार, जन्माष्टमी के बाद आने वाली एकादशी को भगवान कृष्ण पहली बार घर से बाहर निकले थे. यह उनका पहला सामाजिक उत्सव था, जिसमें उन्हें पालकी या डोल में बिठाकर बाहर ले जाया गया था. इसलिए, इस दिन भगवान कृष्ण की प्रतिमा को एक सुंदर डोल या पालकी में बैठाकर यात्रा निकाली जाती है और उन्हें नदी के पास ले जाकर स्नान कराया जाता है।



## सेन (नाई) समाज की ब्लाक स्तरीय बैठक आज

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय के सिवनी मार्ग मजार के समीप स्थित जगदीश भारद्वाज के निवास स्थान में 4 सितंबर को दोपहर 12 बजे से सेन (नाई) समाज की ब्लाक स्तरीय बैठक आहुत की गई है। तत्संबंध में जानकारी देते हुए सेन (नाई) समाज ब्लाक अध्यक्ष भेजनलाल सर्राठे ने बताया कि सेन (नाई) समाज की बैठक में नवनिर्वाचित जिला सेन समाज पदाधिकारियों का सम्मान, ब्लॉक समिति लालबर्रा के आय-व्यय पर चर्चा, लालबर्रा ब्लॉक हेतु नवीन समिति का गठन, समाजोत्थान सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा कर स्व. नंदकिशोर वर्मा जी को श्रध्दांजली अर्पित की जायेगी। इस अवसर पर सेन (नाई) समाज के पदाधिकारी एवं स्वजातीय बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील श्री सर्राठे ने की है।

## जाम में देवी जागरण आज

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 10 किमी. दूर ग्राम पंचायत जाम के गरदेव चौक में सार्वजनिक गरदेव गणेशोत्सव समिति के तत्वाधान में गत दिवस भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा विराजित कर गणेशोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। गणेशोत्सव पर्व के दौरान 4 सितंबर को रात 8 बजे से देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील समिति के पदाधिकारियों ने की है।

# बालाघाट विधायक पर डीएफओ ने दो से तीन पेटी रुपए मांगने का लगाया आरोप

## प्रधान मुख्य वनसंरक्षक से की शिकायत, दो सदस्यीय जांच समिति का हुआ गठन , विधायक ने आरोपी को बताया बेबुनियाद

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। उत्तर वनमंडल अधिकारी नेहा श्रीवास्तव द्वारा बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे पर रुपए मांगने के साथ जबरदस्ती शासकीय कार्यों में बाधा डाले जाने का आरोप लगाया गया है। जिसकी शिकायत उन्होंने प्रधान मुख्य वन संरक्षक अधिकारी भोपाल से की है। जिस पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक अधिकारी द्वारा की गई शिकायत पर तत्काल ही संज्ञान लेते हुए दो सप्ताह के अंदर दो सदस्यीय जाँच टीम बनाकर , लगाए गए आरोप पर जांच कर प्रतिवेदन पेश किए जाने का पत्र जारी किया गया है । इस पूरे विषय को लेकर बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे द्वारा लगाए गए आरोप को निराधार बताया है और कहा है कि उन्होंने किसी से कोई रूपये की मांग नही की हैं , बल्कि उन्होंने नेहा श्रीवास्तव के पति अधर्व गुप्ता पर लालबर्रा में हुई बाघों की मौत पर कार्रवाई किए जाने की मांग की थी , जिस कारण दुर्भावना वश नेहा श्रीवास्तव द्वारा उन पर इस प्रकार के आरोप लगाए गए हैं।**

आपको बता दे की उत्तर वनमंडल अधिकारी नेहा श्रीवास्तव द्वारा प्रधान मुख्य वन संरक्षक अधिकारी भोपाल को बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे के खिलाफ आरोप लगाते हुए 2 से 3 पेटी रुपए मांगे जाने का आरोप लगाया है । जिस पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक अधिकारी भोपाल द्वारा वन मंडल अधिकारी नेहा श्रीवास्तव की इस शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए , दो सदस्यीय जांच समिति बनाई गई है , जिसका पत्र 3 सितंबर की दोपहर से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, साथ ही बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे पर दो से तीन पेटी रुपए लिए जाने का पत्र जो नेहा श्रीवास्तव द्वारा रूपये लेने के साथ गाली गलौज और शासकीय काम में बाधा पहुंचाने को लेकर भी पत्र तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिस पत्र को लेकर जब हमारे द्वारा वन मंडल अधिकारी नेहा श्रीवास्तव से चर्चा की तो उन्होंने बताया की बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे द्वारा उन्हें बुलाया गया था और उनके साथ जो घटनाक्रम हुई , इसकी शिकायत उन्होंने अपने उच्च अधिकारी और प्रधान वन संरक्षक अधिकारी से




कर दी है , उसके बाद उन्हें कोई जानकारी नहीं है। वह मीडिया के बयान में ज्यादा कुछ चर्चा नहीं करना चाहती हैं।

### अपने पति को बचाने के लिए आरोप लगा रही हैं - अनुभा मुंजारे

इस पूरे विषय को लेकर जब हमारे द्वारा बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे से चर्चा की



गई, तो उन्होंने बताया कि डीएफओ नेहा श्रीवास्तव को अपने दायरे में रहकर ही इस प्रकार के आरोप लगाना चाहिए, उन्होंने कहा की जो आरोप उन पर लगाए गए हैं , वह बहुत ही आपत्तिजनक है और वह इसकी कठोर शब्दों में निंदा करती हैं, उन्होंने बताया कि बीते दिनों लालबर्रा क्षेत्र के सोनेवानी में एक मादा बाघ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी और मृत बाग का बिना प्रोटोकॉल के ही दहन कर दिया गया । इस विषय को उनके द्वारा सदन में उठाया गया , जिसमें बाघ की मौत पर विभागीय अधिकारियों ने छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई कर दी थी , जो जिम्मेदार अधिकारी थे ,उन पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। उसमें दक्षिण वन मंडल के डीएफओ नेहा श्रीवास्तव के पति अधर्व गुप्ता थे जिनके खिलाफ उन्होंने विधानसभा में सवाल उठाए थे और अब नेहा श्रीवास्तव अपने पति को बचाने के लिए इस प्रकार के आरोप उन पर लगा रही हैं । उन्होंने अधर्व गुप्ता पर कार्रवाई हो इसके लिए सदन तक लड़ाई लड़ी है । इस पूरे विषय में कुछ राजनीतिक लोग भी शामिल है । जिस कारण आज नेहा श्रीवास्तव उन पर इस प्रकार के आरोप लगा रही है । उन्होंने बताया कि आज सोनेवानी मामले को लेकर आम जन का ध्यान भटकाने के लिए इस प्रकार के आरोप उन पर लगाए जा रहे हैं । लेकिन वह इस प्रकार अब शांत नहीं रहेगी । वह जल्द ही नेहा श्रीवास्तव और अधर्व गुप्ता के खिलाफ आमरण अनशन पर बैठेंगी , और कोर्ट में मानहानि का दावा लगाएंगी ।

### वन विभाग ने बनाई दो सदस्यीय जांच समिति

वनमंडल अधिकारी नेहा श्रीवास्तव द्वारा विधायक अनुभा मुंजारे पर रूपए मांगने और धमकी देने के आरोपों के बाद वन विभाग ने इस संवेदनशील मामले की जांच के लिए आधिकारिक समिति गठित कर दी है। जारी आदेश के मुताबिक, राज्य शासन ने दो वरिष्ठ अधिकारियों को जांच की जिम्मेदारी सौंपी है। इनमें अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक कमलिका मोहंता और वन संरक्षक अंजना सुचिता शामिल हैं। दोनों अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अगले दो हफ्तों के भीतर जांच पूरी कर प्रतिवेदन राज्य शासन को सौंपें। वन विभाग ने आदेश में साफ किया है कि जांच निष्पक्ष, तथ्यात्मक और निर्धारित समयसीमा में पूरी की जाएगी।

# बेलगाम ट्रैक्टर की ठोस से पैदल चल रहे बुजुर्ग की मौत

## थाना रूपझर, सोनेवानी चौकी के कसंगी मुरमगढ़ का मामला

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। रूपझर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सोनेवानी चौकी के



कसंगी मुरमगढ़ में बेलगाम ट्रैक्टर की ठोस से गंभीर रूप से घायल एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक का नाम सोनीवानी चौकी खुआंगोंदी निवासी 65 वर्षीय राम सिंह पिता गुलाब सिंह टेकाम बताया गया है। जिसके शव का बुधवार की सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर,अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है। तो वही इस पूरे मामले की जांच रुपझर पुलिस द्वारा शुरू कर दी गई है।

### हँसिया में धार लगाने कसंगी गया था बुजुर्ग

प्राप्त जानकारी के अनुसार खुआगोंदी निवासी राम सिंह टेकाम बांस के डल्ला टोकनी बनाकर, उसकी बिक्री करने का काम करता है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर करीब 3 बजे वह लोहे की हँसिया में, धार लगाने के लिए लोहार के पास ग्राम कसंगी गया था। बताया गया की हँसिया में धार लगाने के बाद जब वह ग्राम कसंगी से अपने गांव खुआगोंदी पैदल वापस आ रहा था। तभी खुआंगोदी मे ईंट खाली करने के बाद एक ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर ग्राम कसंगी की तरफ जा रहा था। जहां उक्त ट्रैक्टर चालक ने तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ग्राम कसंगी के आगे, मुरम गढ़ के समीप पैदल चल रहे बुजुर्ग राम सिंह को ठोस मार दी।जहा ट्रैक्टर की ठोस से गंभीर रूप से घायल राम सिंह की मौके पर ही मौत हो गई ।

### पीएम के बाद सौपा गया शव

उधर घटना की जानकारी मिलने पर राम सिंह टेकाम के परिजनों ने मामले की सूचना, सोनीवानी चौकी पुलिस को दी। जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही पूरी कर परिजनों के बयान दर्ज किए, वही शव को कब्जे में ले लिया।जहां रात अधिक हो जाने के चलते बुधवार की सुबह शव का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराए जाने की बात पुलिसकर्मियों द्वारा कही गई। जिसपर बुधवार की सुबह मृतक का शव जिला अस्पताल लाया गया। जहां अन्य आवश्यक कार्यवाही पूरी कर शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है। तो वही पुलिस द्वारा इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# बैहर रोड गांगुलपारा घाट की गोलाई में यात्री बस पलटी- एक दर्जन से अधिक यात्री घायल

## सात घायल जिला अस्पताल में भर्ती, गंभीर रूप से घायल बस हेल्पर हायर सेंटर रेफर, बस का ब्रेक फेल होने से हुई दुर्घटना

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। बैहर रोड पर गांगुलपारा घाटी के गोलाई में यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस सड़क दुर्घटना में एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। 3 सितंबर की शाम 6ः00 बजे करीब यह सड़क दुर्घटना उस समय हुई जब यह यात्री बस बैहर से बालाघाट की ओर आ रही थी। 7 यात्रियों जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। जिनमे दो यात्री की हालत गम्भीर बनी हुई है। जिनमे गंभीर रूप से घायल बस के हेल्पर अरबाज खान पिता साबिर हुसैन 26 वर्ष बहेला निवासी को जिला अस्पताल से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सालेटेकरी से बालाघाट चलने एस आर टी की यात्री बस 3 सितंबर को सालेटेकरी से बालाघाट आ रही थी। बस में दो दर्जन से अधिक यात्री सवार थे। शाम करीब 6 बजे जब यह बस गांगुलपारा घाट उतर रही थी। तभी अचानक बस का ब्रेक फेल हो गया। तभी बस के चालक ने बस को नियंत्रण करते हुए मुश्किल से घाट नीचे उतरा तभी पिपरटोला के पास गोलाई में बस पलट गई।बस पलटने के साथ बस सवार यात्रियों की चिख पुकारा मच गई। इस दुर्घटना की सूचना मिलने पर भरवेली पुलिस के अलावा जिला मुख्यालय से 108 एम्बुलेंस और डायल 100 भी मौके पर पहुंच गई। बताया गया कि इस बस का हेल्पर अरबाज खान जो दब गया था उसे बाहर निकले और उसे तुरंत ही एंबुलेंस से



जिला अस्पताल भिजवाये । घायलों में लायकत खान पिता इनायत खान 60 वर्ष वार्ड नंबर 13 बालाघाट, आमगांव बैहर सी एम राइस स्कूल के शिक्षक रवि पिता सूरज लाल डोंगरे 48 वर्ष ग्राम सालेटेका हट्टा, अरविंद पिता छोटू नायक 32 वर्ष वारासिवनी, बस हेल्पर अरबाज खान पिता साबिर हुसैन 26 वर्ष ग्राम बहेला, बस चालक ईश्वरी पिता सहसराम कोहरे 53 वर्ष वार्ड नंबर 22 बालाघाट, वन विभाग उकवा में पदस्थ वनरक्षक एस एल मरकाम पिता सोहबतसिह मरकाम 53 वर्ष भटेरा चौकी बालाघाट, मोहम्मद यूनुस पिता मोहम्मद इसराइल कुरैशी 40 वर्ष वार्ड नंबर 1 बूढ़ी बालाघाट निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल बस के हेल्पर शाहबाज खान को जिला अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है अन्य घायल में शिक्षक रवि डोंगरे, अरविंद नायक जिन्हें गंभीर चोटे आई है । समाचार लिखे जाने तक यह दुर्घटना में अन्य घायलों को घटना स्थल से अस्पताल लाया जा रहा था। हालांकि, इस दुर्घटना में किसी भी तरह की जनहानि नहीं होने की खबर नहीं है

### ब्रेक फेल होने के बाद बस को मुश्किल से नीचे उतारा बस चालक ईश्वरी कोहरे

बस चालक ईश्वरी कोहरे 45 वर्ष वार्ड क्रमांक 22 बालाघाट निवासी ने बताया कि घटना के दौरान बस में 30 यात्री सवार थे। यह बस जैसे ही गांगुलपारा घाटी में पहुंची, वैसे ही ब्रेक फेल हो गया उन्होंने बस को बड़े मुश्किल से बस को घाट से उतारा किंतु घाट नीचे उतरने पर बस पलट गई। जिसके कारण बस अनियंत्रित होकर पलट गई।

**पैसा ठीक होने के बाद देना**

शादी से पहले एवं शादी के बाद

उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।

**पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना**

गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464

**बालाघाट स्नातक कॉलेज गर्रा, बालाघाट**

**आवश्यकता है**

| क्रं. | पद | विषय | पद संख्या | योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक प्राध्यापक | हिन्दी | 1 | हिन्दी में स्नातकोत्तर, एम.एड. एवं नेट या पी.एच.डी. |
| 2 | सहायक प्राध्यापक | मनोविज्ञान | 1 | मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर, एम.एड. एवं नेट या पी.एच.डी. |
| 3 | सहायक प्राध्यापक | इंग्लीश | 1 | इंग्लीश में स्नातकोत्तर, एम.एड. एवं नेट या पी.एच.डी. |
| 4 | सहायक प्राध्यापक | गणित | 1 | गणित में स्नातकोत्तर, एम.एड. एवं नेट या पी.एच.डी. |

नोट:- 1. उपरोक्त पदों के लिए चयन एनसीटीई/यूजीसी एवं म.प्र. शासन के नियमों के आधार पर किया जावेगा। 2. वेतनमान एवं आरक्षण में यूजीसी एवं म.प्र. शासन के नियमों का पालन किया जावेगा। 3. आवेदक अपना आवेदन पत्र महाविद्यालय के पते पर, स्वयं व डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा 10 दिवस के भीतर दिनांक 15.09.2025 तक महाविद्यालय में जा करें। ईमेल-bgtsnatak.bed.college@gmail.com

**संचालक**

**बालाघाट स्नातक कॉलेज गर्रा, बालाघाट**

**पता-मशीनटोला, मांझापुर रोड, गर्रा बालाघाट**

**मो.नं.- 7999566467, 7987771854**







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट